आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.14

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082 | लखनऊ | रविवार, 14 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 227, पृष्ठ 14+4 | मूल्य 6 रुपये



हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से वाहन मलबे में दबे खेतों को भारी क्षति- 10



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घर खरीदारों की रक्षा करे केंद्र सरकार - 10



नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य - 11



भारत का पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में पलड़ा भारी- 12

CENTURION DEFENCE ACADEMY
लखनऊ | देहरादून
THE ABSOLUTE LEADER
रक्षा क्षेत्र की पुख्ता तैयारी के लिए प्रख्यात

## गर्व का वर्ष - देश को समर्पित 150+ सैन्य अधिकारी

NDA | 11TH & 12TH NDA FOUNDATION | CDS | MNS | AFCAT | SSB INTERVIEW



## लगातार AIR- 1,2,3 सिर्फ ड्रीम नहीं, डेस्टिनेशन तक – सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी




& Many More

## भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के सामने शिशिर दीक्षित सर की ऐतिहासिक घोषणाएँ

# शहीद परिवारों, सैनिकों और युवाओं के भविष्य को नई दिशा

### CENTURION ADVANTAGES

- गर्ल्स के लिए विशेष प्रगति बैच : हर चौथी NDA चयनित छात्रा सेंचूरियन से।
- ब्रह्मोस बैच: हिंदी माध्यम के छात्रों को सफलता की ओर अग्रसर करना।
- फाउंडेशन बैच एक्सीलेंस: हर बार सबसे अधिक फाइनल चयन।
- 2025 में 100+ प्रामाणिक चयन: और गिनती जारी है।
- सतत चैंपियंस: टॉपर्स की पहली पसंद- लगातार AIR-1,2,3
- सेंचूरियन प्रेप एडवांटेज: अतिरिक्त तैयारी के लिए एयर लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब।
- विशेषज्ञ मेंटरशिप: भारत की सबसे अनुभवी टीम द्वारा लिखित व SSB इंटरव्यू की तैयारी।
- सीमलेस हाइब्रिड लर्निंग: सेंचूरियन डिजिटल ऐप के साथ।
- व्यक्तिगत सफलता: व्यक्तिगत मार्गदर्शन और विशेष फीडबैक पाएं।
- सच्चा मेंटर vs अम्पायर: हमारे मुख्य रक्षा परीक्षा मेंटर शिशिर दीक्षित सर के साथ श्रेष्ठ अनुभव।
- रणनीतिक कंटेंट: हमारी R&D टीम द्वारा तैयार की गई सेंचूरियन पब्लिकेशन तक पहुंच।
- डिफेंस डिवोशन: हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ रक्षा क्षेत्र के लिए है।
- असली परिणाम: हमारे पोस्टर पर दिखने वाला हर चेहरा वास्तव में सेंचूरियन स्टूडेंट है, कोई स्टॉक इमेज नहीं।
- प्रमाणित और विश्वसनीय: भारत की सबसे उच्च वास्तविक चयन दर — सभी फाइनल चयन केवल हमारे ऑफलाइन बैच से।
- ट्रेनिंग टाइटंस: भारत का सबसे बड़ा फिजिकल फिटनेस और GTO ग्राउंड लखनऊ और देहरादून में।
- सत्य, सेना एवं संस्कार पर आधारित फिजिकल ट्रेनिंग में मानक एवं अनुशासन से कोई समझौता नहीं।







लखनऊ, 10 सितम्बर 2025: परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के 60वें बलिदान दिवस पर सेंचूरियन फाउंडेशन ने भारतीय सशस्त्र बलों, शहीद परिवारों और वीरता पुरस्कार विजेताओं के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएँ कीं। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल आनंद्या सेन गुप्ता (PVSM, UYSM, AVSM, YSM) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री नीरज सिंह (अध्यक्ष, FICCI उत्तर प्रदेश), मंत्री श्री दानिश आज़ाद अंसारी (वेलफेयर एवं वक्फ बोर्ड, उत्तर प्रदेश) और GOC मेजर जनरल सलील सेन, शामिल रहे। सेंचूरियन फाउंडेशन के चेयरमैन श्री शिशिर दीक्षित ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने और शहीदों के परिवारों को सम्मान देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। इन घोषणाओं को लेफ्टिनेंट जनरल आनंद्या सेन गुप्ता, (PVSM, UYSM, AVSM, YSM) और GOC मेजर जनरल सलील सेन ने औपचारिक रूप से स्वीकार किया और इसकी सराहना की।

## देश के हज़ारों भावी सैन्य अधिकारियों को तराशने वाले प्रेरणास्रोत गुरु

दीक्षित सर, सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी (लखनऊ और देहरादून) के संस्थापक और चेयरमैन हैं। वे भारत के रक्षा क्षेत्र में सर्वाधिक सफलताओं के लिए प्रसिद्ध हैं, और रक्षा परीक्षाओं व एसएसबी इंटरव्यू में लगातार ऑल इंडिया रैंक 1, 2, 3, 4, 5, 6 दिलाकर रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं उत्तराखंड के राज्यपाल भी उन्हें सर्वाधिक चयन दर के लिए कई बार सम्मानित कर चुके हैं।

चीफ़ डिफेंस एग्ज़ाम मेंटर दीक्षित सर ने "प्रोफाइल मैपिंग" जैसी अनूठी मेंटरिंग तकनीक विकसित की है। वे व्यक्तिगत मार्गदर्शन और कस्टमाइज्ड फीडबैक के लिए पूरे देश में लोकप्रिय हैं। साथ ही वे वंचित और विपरीत सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले



छात्रों को प्रेरित व मार्गदर्शन देने में अग्रणी हैं, और ऐसे कई परिवारों से सेना के अधिकारी तैयार कर चुके हैं जिनका विकासात्मक इतिहास चुनौतीपूर्ण रहा है।उनकी अकादमी देश में एनडीए में सर्वाधिक बालिकाओं का चयन सुनिश्चित कर रही है, और हज़ारों आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को स्कॉलरशिप देकर सशक्त बना रही है। उन्हें कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के शीर्ष नेतृत्व से सम्मान प्राप्त है। उनका मिशन है: भारत के हर परिवार से कम से कम एक सदस्य सेना में सेवा करे।

**श्री शिशिर दीक्षित सर**
संस्थापक एवं चेयरमैन,
सेंचूरियन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स,
चीफ डिफेंस एग्जाम मेंटर, लेखक

Trust the process and involve into the process.

### प्रमुख घोषणाएँ :

- **100% छात्रवृत्ति** – भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के शहीद परिवारों के पात्र रक्षा अभ्यर्थियों को, ऑनलाइन या ऑफ लाइन माध्यम से, रक्षा परीक्षाओं की तैयारी हेतु शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।
- **100% छात्रवृत्ति** – सभी गैलेंट्री अवार्डीज़ (Gallantry Awardees) के पात्र पारिवारिक रक्षा अभ्यर्थियों को भी, ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से, रक्षा परीक्षाओं की तैयारी हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी।
- **₹5000 SSB Prep Aid** – प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी को, जो SSB इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहा है, सेंचूरियन फाउंडेशन द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ SSB कोचिंग मार्ग दर्शन हेतु ₹5000 की तैयारी सहायता प्रदान की जाएगी। इसकी वैधता 1 वर्ष होगी, यानी यदि कोई उम्मीदवार पहले प्रयास में सेलेक्ट नहीं होता, तो वह अगले 1 वर्ष के भीतर पुनः निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगा।
- **डिजिटल पैनल स्थापना** –सेंट्रल कमांड, लखनऊ HRDC क्लास रूम में एक समर्पित डिजिटल पैनल स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से SSB इंटरव्यू प्रेप, स्पोकन इंग्लिश तथा ऑनलाइन सत्र संचालित किए जाएंगे।
- **'रणनीति' पुस्तक की 100 प्रतियाँ –SSB Interview** तैयारी हेतु **'रणनीति'** पुस्तक की 100 प्रतियाँ सेंट्रल कमांड की सभी आर्मी लाइब्रेरीज़ को प्रदान की जाएंगी।
- **निःशुल्क 6-दिवसीय SSB कैप्सूल सत्र** –प्रत्येक 6 माह में, SSB इंटरव्यू विशेषज्ञों द्वारा, लखनऊ HRDC में 6 दिवसीय कैप्सूल ऑफलाइन सत्र निःशुल्क आयोजित किए जाएंगे।

## ADMISSIONS OPEN
For Classroom Course And Centurion digital App

**Head Office, Lucknow (UP)**
Near Phoenix Mall, Opp. Police Station Alambagh
+91 9795977776

**Indira Nagar Center (UP)**
Faizabad Road, Indira Nagar Lucknow
+91 9795977776

**Dehradun Center (UK)**
General Mahadev Singh Road, Near IMA, Ballupur Chowk, Satya Vihar, Kailashpuri, Dehradun
+91 9795977779

BE INSPIRED, BE INFORMED
Watch Our Real Results on

# विधायक के काफिले ने तोड़ा टोल बैरियर

## समर्थकों पर टोल कर्मचारियों की पिटाई का आरोप, मैनेजर ने पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी



बैरियर बिना खुले निकलता विधायक का काफिला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर लखनऊ हाईवे पर बने बारा टोल प्लाजा पर शनिवार दोपहर लखनऊ से हैदरगढ़ जा रहे क्षेत्रीय विधायक का वाहन बूम बैरियर तोड़ते हुए आगे बढ़ गया, वहीं पीछे से वाहनों पर सवार समर्थकों ने टोल गेट खुलने में मामूली देरी पर टोल कर्मियों की पिटाई कर दी। टोल प्लाजा प्रबंधक ने पूरी घटना का विवरण देते हुए लिखित तहरीर कोतवाली में दी तो क्षेत्रीय विधायक ने कहासुनी की बात स्वीकारी पर मारपीट से इंकार किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत छह लग्जरी वाहनों के काफिले के साथ लखनऊ से हैदरगढ़ लौट रहे थे। विधायक की कार टोल गेट का बैरियर तोड़ते हुए आगे बढ़ गई। यह दृश्य सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है। इसी दौरान पीछे से आ रहे करीब पांच वाहनों पर सवार समर्थक बूम बैरियर उठने में देरी को लेकर गुस्से में आ गए। आरोप है कि कहासुनी के बाद समर्थकों ने टोल कर्मियों राम सिंह, अखिलेश वर्मा व बृजेश यादव की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने आए एक अन्य कर्मचारी से भी अभद्रता की गई। इस घटना से टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही टोल मैनेजर जगभान सिंह ने मामले की सूचना हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को दी।

वहीं टोलकर्मी रामसिंह, अखिलेश वर्मा, बृजेश यादव की ओर से दी गई तहरीर में पूरे घटनाक्रम का जिक्र करते हुए सभी छह वाहनों के नंबर तक दिए गए हैं। टोल प्रबंधक ने एनएच परियोजना निदेशक कर्नल शरद चंद सिंह को भी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने शाम तक घटना से जुड़ी किसी शिकायत से इंकार किया। वहीं हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने बताया कि वह आगे निकल गए थे, पीछे से आ रहे कार्यकर्ताओं से स्टाफ ने अभद्रता की, तो कहासुनी हुई थी। बाकी कोई विवाद नहीं है।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति ने दी जान

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लाक की पूर्व प्रमुख के पति का शव शनिवार सुबह फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चर्चा है कि घरेलू कलह की वजह से मृतक काफी परेशान चल रहा था। एक दिन पूर्व मृतक का अपने बेटों से कुछ विवाद हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करीमगंज मजरे बलछत की है। जानकारी के अनुसार इस गांव के रहने वाले महादेव रावत का शव शनिवार की सुबह घर से दो सौ मीटर दूर बबूल के पेड़ से बने फंदे से लटकता मिला। उधर से गुजरे ग्रामीणों ने यह दृश्य देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा का माहौल बन गया। मृतक के कोटेदार व व्यवहारकुशल होने के नाते हर किसी ने इस घटना पर दुख जताया।

# सड़क हादसों में बच्ची समेत दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग अलग सड़क हादसों में मासूम बालिका समेत दो की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। बालिका की मौत उपचार के दौरान हुई है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ थाना चिनहट के तिवारीगंज निवासी राजकुमार शुक्रवार को पत्नी पूजा (24) व पुत्री दीपांजली (चार) के साथ बाइक से देवां कस्बा गए थे। शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह पत्नी व बेटी के साथ अपने घर लखनऊ लौट रहे थे। नगर कोतवाली क्षेत्र की गदिया पुलिस चौकी क्षेत्र में देवा-चिनहट मार्ग पर खजूर गांव के पास ट्रक ने इसकी बाइक में टक्कर मारी और सड़क किनारे पलट गया। चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में राजकुमार व इनकी पत्नी पूजा घायल हो गए, वहीं मासूम दीपांजली बाल-बाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने पूजा को मृत घोषित कर दिया, पति का उपचार जारी है।

कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम कतरामऊ में गुरुवार शाम रामदुलारे की ढाई वर्षीय पुत्री रितिका घर के बाहर आरसीसी रोड पर खेल रही थी। इसी दौरान गांव का ही हरीस पुत्र दयाराम ई-रिक्शा से आया और मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन तत्काल सेंट मेरी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। दूसरे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बच्ची की मौत हो गई। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा में शनिवार की शाम हुए सड़क हादसे में ग्राम रोटीगांव निवासी शिवकुमार (23) पुत्र विश्वनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### पहली पत्नी के होते हुए रचाई दूसरी शादी

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग न पूरी होने पर पति ने दूसरी शादी रचा डाली। इससे आहत पहली पत्नी ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम तुनिहा की रहने वाली प्रीती पत्नी श्यामू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी शादी श्यामू पुत्र स्व. केतारनाथ निवासी ग्राम निहालपुर मजरे दरोगा किठूरी थाना जैदपुर से 22 फरवरी 2023 को हुई थी। आरोप है कि शादी में बाइक, नकद व फर्नीचर देने के बावजूद पति श्यामू, उसकी मां सुनीता उर्फ गौरा देवी व भाई राम प्रसाद व गोविन्द लगातार एक लाख रुपये नकद और सोने की चेन की मांग कर प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का कहना है कि जब उसकी मायके से अतिरिक्त दहेज नहीं मिला तो पति ने लखनऊ के माल थाना क्षेत्र के अहिंदर उमरावल में दूसरी शादी कर ली। पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेल पटरी पर मिला युवक का शव

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह घर से निकले एक युवक का क्षत विक्षत शव देर रात कुछ ही दूरी पर रेल पटरी पर पड़ा मिला। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नरैनी पुरवा मुजरे दलसरांय निवासी 35 वर्षीय पवन कुमार पुत्र सत्ती प्रसाद वर्मा शुक्रवार की सुबह घर से निकला था। देर शाम तक वह घर वापस नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन सफलता नहीं मिली। रात में ही किसी व्यक्ति द्वारा बुढ़वल रेलवे पुलिस व स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई कि रानी बाजार रेलवे क्रासिंग के पास एक व्यक्ति का क्षत विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। कोतवाल ने बताया कि मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

### जेसीबी से उखाड़े राजकीय वृक्ष, केस

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी महमूदाबाद मार्ग की दाहिनी पटरी पर शनिवार को जेसीबी से राजकीय वृक्षों को जड़ सहित उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जानकारी मिलते ही देवा रेंज की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। विभाग की ओर से जेसीबी चालक मिथिलेश कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी मन्ना नगर थाना फतेहपुर चौरासी जिला उन्नाव तथा सुपरवाइजर यूपीएसआईडीसी अमरराज सिंह पुत्र भवानी शंकर सिंह को आरोपी बनाया गया है। कार्रवाई में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी देवा प्रशांत कुमार, बीट प्रभारी कुर्सी कौशल कुमार सिंह, क्षेत्र सहायक छोटेलाल और वनकर्मी राजकुमार शामिल रहे।

## पुलिस के प्रयास से बची दो की जान, किशोरी बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले की पुलिस के अलग अलग सराहनीय कार्यों से न सिर्फ दो लोगों की जान जाने से बची बल्कि घर से नाराज होकर गई एक किशोरी भी परिजनों को वापस मिल गई। थाना जहांगीराबाद के ग्राम कादिरपुर में एक व्यक्ति कुएं में दुर्घटनावश गिर गया था। सूचना पर सिपाही दिनेश सिंह सागर ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बिना जान की परवाह किएकुएं में उतरकर व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाल लिया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सिपाही दिनेश सिंह को प्रशस्ति पत्र व एक हजार रुपये नकद देकर पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार देवा कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला किसान पथ के नीचे माती के पास शारदा नहर में कूदकर आत्महत्या करने जा रही है। सूचना पर चौकी प्रभारी माती अशोक वर्मा व साथियों द्वारा मौके पर पहुंचकर आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया गया। थाना कोठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दरियापुर में युवती परिजनों के डांटने पर घर से कहीं चली गई। थाना कोठी पुलिस टीम ने गुमशुदा की तलाश के लिए टीमों का गठन कर युवती को गांव के ही मंदिर से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## दो पक्षों में मारपीट तीन लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गनेशपुर मजरे बबुआपुर गांव में शनिवार सुबह सहन के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि एक पक्ष ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित रामगोपाल सिंह पुत्र रामशंकर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सुबह करीब 6 बजे सहन को लेकर पवन सिंह, सुनील सिंह (हेमंत), रणजीत सिंह, शिवदेवी, रूबी सिंह व प्रिया सिंह समेत कई लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान गांव के इस्लाम अली और राबिया बानो पर भी वार किया गया।

# लोक अदालत में 1.66 लाख वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लोक अदालत का शुभारंभ करतीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय बाराबंकी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी अल्पना सक्सेना, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, विभिन्न न्यायिक अधिकारी व बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे। नोडल अधिकारी व विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट राकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि इस लोक अदालत में जनपद के विभिन्न न्यायालयों और विभागों द्वारा कुल 1,66,963 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनसे कुल 47,43,15,539 की वसूली की गई। जिसमें सिविल कोर्ट द्वारा 27,709 मामलों में 8.39 करोड़ की वसूली, प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व विभाग, बैंकों व अन्य विभागों के कुल 1.39 लाख मामलों में 39 करोड़ की वसूली हुई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में 96 मामलों में 6.52 करोड़ का प्रतिकर, राजस्व न्यायालयों से 73,836 वादों का निस्तारण, बैंकों के 1,675 एनपीए खातों से 23.90 करोड़ की वसूली हुई। बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वाधिक 842 मामलों का निपटारा किया। इसके अतिरिक्त मनरेगा, विद्युत विभाग, समाज कल्याण, पूर्ति विभाग, नगर पालिका सहित दर्जनों विभागों ने भी बड़ी संख्या में मामलों का समाधान किया।

# 46 शिकायतों का किया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**थाना समाधान दिवस**

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले भर के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर कुल 46 शिकायती पत्रों का निस्तारण किया गया। डीएम एसपी ने सतरिख थाना पहुंचकर फरियादियों को सुना।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के साथ सतरिख थाना पहुंचकर शिकायतें सुनीं और इनके निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं शेष थानों पर क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। जिले भर में कुल 46 शिकायती पत्रों का निस्तारण कराया गया।

मसौली प्रतिनिधि के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित थाना समाधान दिवस में 4 फरियादियों ने न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक ने शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को थाना परिसर मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे कस्बा मसौली के मोहल्ला नई चौक निवासी मुश्किन हुसैन पुत्र मुशर्रफ़ ने पड़ोसियों पर घर बनाने में अड़चन पैदा करने की शिकायत की, हसनपुर पहाड़ापुर निवासी स्व रामनाथ की पत्नी ने हनोमान प्रसाद पुत्र गंगाराम के खिलाफ उसकी भूमि पर पेड़ लगाने, निजामपुर पोस्ट मनभावनपुर निवासी ओमकार यादव पुत्र रामतीरथ यादव ने सोने शर्मा पुत्र महादेव के खिलाफ ज़मीन पर क़ब्ज़ा करने की शिकायत की।

## पिकअप से अवैध लकड़ी बरामद

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को लखनऊ कुर्सी महमूदाबाद मार्ग पर गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने एक महिंद्रा पिकअप को रोककर जांच की। तलाशी में वाहन से अवैध रूप से लदा आम का गोल प्रकाष्ठ बरामद हुआ। इस पर टीम ने तत्परता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश प्रकाष्ठ एवं अन्य वन उपज नियमावली के अंतर्गत देवा रेंज में मुकदमा दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया। आरोपी मोहम्मद करीम को हिरासत में ले लिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में मृत मिले 14 बंदर

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दो दिनों के भीतर 14 बंदरों की रहस्यमयी मौत हो गई। इनके शव झाड़ियों में पड़े देखे गए। आशंका इन्हे जहरीला पदार्थ खिलाए जाने की है। वन विभाग की टीम ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के अमसेरूवा गांव के समीप डीहा संपर्क मार्ग पर शुक्रवार शाम बंदरों के शव पड़े होने की सूचना मिलने पर हरख रेंज के क्षेत्रीय वन दरोगा सचिन कुमार पटेल ने आठ बंदरों के शवों को कब्जे में लिया, शनिवार की सुबह उसी स्थान पर छह और बंदरों के शव मिले।

# सऊदी अरब में नौकरी के नाम पर दो लाख की ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सऊदी अरब में नौकरी के नाम पर एक युवक से दो लाख रुपये ठग लिए गए। इसके लिए युवक ने मां के जेवर, मेंथा आयल अनाज के अलावा नकद रुपये मिलाकर दो लाख रुपये दिए फिर सऊदी पहुंचा तो वहां कोई नहीं मिला। किसी तरह वह अपने देश वापस आया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सीतापुर जिला महमूदाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर के रहने वाले मो. इरफान ने कोर्ट में गुहार लगाते हुए कहा कि बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सालेहपुर निवासी शाकिर पुत्र अब्दुल सलाम ने वादा किया कि वह उसे सऊदी भेज देगा और वहां एयरपोर्ट पर संपर्क के लिए व्यक्ति मिल जाएगा।्र

इसके लिए पासपोर्ट, कुछ कागजात व नकद की आवश्यकता बताकर करीब 2 लाख नकद व मां के जेवरात, घर में रखा पिपरमिंट का तेल व अनाज इकट्ठा करवा कर शाकिर को दिया गया। इरफान ने कहा कि उससे सादे कागजात पर हस्ताक्षर भी करवाए गए। 19 अप्रैल को वह सऊदी पहुँचा, लेकिन वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। कई बार फोन करने पर भी शाकिर ने जवाब नहीं दिया।

## शातिर गिरफ्तार, 10 वारदातों का खुलासा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने गोण्डा जिले के एक युवक को पकड़ छिनैती की चार समेत दस वारदातों के खुलासे का दावा किया है। इसके पास से 11 मोबाइल, नकदी, जेवर व घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद की गई। पुलिस अब इसके एक अन्य साथी की तलाश में जुट गई है। एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्वाट, सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने मनीष कुमार गोस्वामी को प्यारेपुर सरैया मोड़ से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चोरी, छिनैती के 11 मोबाइल, सोने चांदी के जेवरा, 17 हजार रुपये नकद, बाइक एक तमंचा बरामद किया गया।

# विद्यालय में गर्म सब्जी के भगोने में गिरा छात्र

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड रामनगर के नहामऊ गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शनिवार को कक्षा एक का छात्र गर्म सब्जी के भगोने में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। रसोईये ने बच्चे को निकाला और परिजन उसे लेकर सीएचसी गए, हालत सुधरते न देख उसे जिला अस्पताल से सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया गया। स्कूल में शनिवार को इंटरवल हुआ था, इस दौरान एमडीएम वितरण के दौरान धक्का लगने से शिवम भगोने में गिर पड़ा। रसोइया ने उसे बाहर निकाला। शिक्षकों ने कोई कदम नहीं उठाया पर सूचना पाते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी बड़ागांव ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया। बाद में उसे सिविल अस्पताल लखनऊ भेजा गया। शिवम के पिता शिवसरन ने बताया कि घटना के बाद कोई भी शिक्षक उनके बच्चे के साथ अस्पताल नहीं गया। बीएसए की फटकार के बाद शिक्षक अस्पताल पहुंचे। प्रधानाध्यापिका ममता यादव ने बताया कि बच्चा खाना लेने गया था और धक्का लगने से भगोने में गिर गया। उन्होंने कहा कि वह जलने की दवाई खोज रही थीं, लेकिन तब तक परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल चले गए।

## बाराबंकी डायरी

### मेधावी छात्र सम्मानित, अमिता को मिली साइकिल



छात्राओं को सम्मानित करते बीईओ। अमृत विचार

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवीगंज स्थित सौरभ शिक्षा सदन में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की नींव बताया। कार्यक्रम में विशेष उपहार के रूप में अमिता सिंह को साइकिल दी गई, जिन्होंने सात वर्षों में मात्र दो दिन का अवकाश लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी दूसरों के लिए प्रेरणा हैं और सभी को मेहनत कर आगे बढ़ना चाहिए। सम्मानित छात्रों में अमिता सिंह, दिव्यम तिवारी, अंकिता यादव, आन्या शुक्ला, सावित्री रावत, निधि पांडे, लक्ष्य जायसवाल, शाश्वत ओझा सहित कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



सीओ को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

### किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में सीओ को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के कार्यकर्ता शनिवार को जिला कार्यालय गनौरा में एकत्र होकर बाराबंकी कलेक्ट्रेट ज्ञापन देने निकल रहे थे, तभी थाना प्रभारी जहांगीराबाद दुर्गा प्रसाद शुक्ला व सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर किसानों को शांत कराया। किसानों ने मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने आरोप लगाया कि गौतम बुद्ध नगर में शांतिपूर्ण धरना दे रहे किसानों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे कई किसान घायल हुए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिससे प्रदेशभर के किसान संगठनों में आक्रोश है।



पौधरोपण करते फाउंडेशन के लोग। अमृत विचार

### पौधरोपण कर पूर्व विधायक सुंदर लाल दीक्षित को श्रद्धांजलि

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** दौलतपुर गांव के स्मृति उपवन में लक्ष्य फाउंडेशन की प्रेरणा से शनिवार को पूर्व विधायक पं. सुंदर लाल दीक्षित को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बरगद और पीपल के पौधे रोपे गए। उनके सुपौत्र भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनुराग दीक्षित ने कहा कि दादा विशाल हृदय वाले जनसेवक थे। इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में हिंदू युवा वाहिनी महामंत्री पं. शशांक दीक्षित, संयोजक आदर्श अवस्थी, मंडल मंत्री बृजेश कुमार शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



प्रेम प्रवाहिनी रथ का स्वागत करते बच्चे। अमृत विचार

### प्रेम प्रवाहिनी यात्रा का भव्य स्वागत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भगवान श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रशांति निलयम, पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश) से निकली प्रेम प्रवाहिनी यात्रा का शनिवार को दूसरे दिन नगर में कई जगह भव्य स्वागत हुआ। पुष्पवर्षा एवं आरती करके भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार की सुबह ओमकारम, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन, वेद पाठ से रथ का पूजन किया गया।

**आयोजन** — इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 40 वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल हुईं केंद्रीय मंत्री

# एमएसएमई सेक्टर में अपार संभावनाएं : अनुप्रिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर बाराबंकी चैप्टर की वुमन सेल की कैप्टन अपर्णा मिश्रा ने स्वसंचालित उद्योगों द्वारा निर्मित शहद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल को भेंट कर उसका औपचारिक लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल ने बाराबंकी के एमएसएमई सेक्टर की सराहना करते हुए कहा कि इस जिले में अपार संभावनाएं हैं और केंद्र सरकार इसे उत्तर प्रदेश के लिए रोल मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए समुचित सहायता प्रदान करेगी। कैप्टन अपर्णा मिश्रा ने शहद की गुणवत्ता और उसके स्वास्थ्यवर्धक गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह उत्पाद स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी सहायक है। इस अवसर पर आईआईए बाराबंकी चैप्टर के चेयरमैन विधु गुप्ता, सचिव अमन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश तिवारी, प्रमित सिंह, रवि रंजन, हारून सिद्दीकी सहित उद्योग जगत से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। सभी ने केंद्र सरकार की ओर से मिल रही सहायता की सराहना करते हुए बाराबंकी को उद्योगिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।



केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को शहद भेंट करतीं अपर्णा मिश्रा। ● अमृत विचार

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 14 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 227, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से वाहन मलबे में दबे खेतों को भारी क्षति-10



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घर खरीदारों की रक्षा करे केंद्र सरकार - 10



नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य - 11



भारत का पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में पलड़ा भारी- 12

# मणिपुर में लाएंगे शांति और समृद्धि

## प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के विभिन्न संगठनों से हिंसा छोड़ने का किया आग्रह

- कहा-केंद्र सरकार राज्य के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी

इंफाल/चूड़ाचांदपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर में विभिन्न संगठनों से हिंसा छोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है और इस हिंसाग्रस्त प्रांत को शांति व समृद्धि का प्रतीक बनाने की दिशा में काम कर रही है। मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने मणिपुर को आशा और आकांक्षा की भूमि बताया और कहा कि 'दुर्भाग्य से हिंसा ने इस खूबसूरत क्षेत्र पर अपनी छाया डाल दी' है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले, मैं एक राहत शिविर में प्रभावित लोगों से मिला। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास के एक नया सवेरा का उदय हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी जगह विकास की जड़ें जमाने के लिए शांति जरूरी है। पिछले 11 सालों में पूर्वोत्तर में कई संघर्ष और विवाद सुलझ गए हैं। लोगों ने शांति का रास्ता चुना है और विकास को प्राथमिकता दी है। लंबे समय से जारी जातीय हिंसा के बावजूद राज्य का दौरा ना करने को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना झेल रहे प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र के प्रयासों के नतीजे मिलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि हाल ही में पहाड़ी और घाटी में... विभिन्न समूहों के साथ समझौतों पर बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति स्थापित करने के प्रयासों का हिस्सा हैं। मैं सभी संगठनों से शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अपील करता हूँ। मैं आपके साथ हूं... भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है। हम मणिपुर को शांति, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।

राज्य के विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पहले दिल्ली में लिए गए फैसलों को यहां तक पहुंचने में दशकों लग जाते थे, लेकिन अब मणिपुर देश के बाकी हिस्सों के साथ-साथ प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले पहाड़ी और आदिवासी इलाकों में अच्छे स्कूल और अस्पताल सिर्फ एक सपना हुआ करते थे।



मणिपुर के चुराचांदपुर में राहत शिविर में हिंसा प्रभावित लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### विस्थापित लोगों से मिले, केंद्र की ओर से हर संभव मदद का दिया भरोसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर की राजधानी इंफाल के ऐतिहासिक कांगला किला परिसर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के एक वर्ग से बातचीत की। मोदी ने आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) की चिंताएं सुनीं और उन्हें राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने में केंद्र सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले प्रधानमंत्री ने चूड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले, मैंने एक राहत शिविर में हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उनसे मिलने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मणिपुर में आशा और विश्वास की एक नई सुबह उभर रही है।

### कई विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

मोदी ने इस समारोह में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मणिपुर के लोगों खासकर पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को और बेहतर बनाएंगी। मोदी ने कहा कि मणिपुर नाम में ही 'मणि' है और यही वह रत्न है जो आने वाले समय में पूरे पूर्वोत्तर में चमकेगा। केंद्र सरकार मणिपुर को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी प्रयास के तहत, मैं आज आप सभी के बीच उपस्थित हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफाल से सड़क मार्ग से लगभग 60 किलोमीटर दूर चूड़ाचांदपुर जाते समय उन्हें जो प्यार मिला, उसे वह कभी नहीं भूल सकते।

# नेपाल के पूर्व पीएम ओली के खिलाफ एफआईआर

काठमांडु, एजेंसी

- ओली पर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवाने का आरोप
- आज अंतरिम सरकार के कैबिनेट विस्तार की संभावना

नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश रहीं सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के बाद जेन जी पीढ़ी के युवाओं द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर गोलीबारी का आदेश देने के आरोप में निवर्तमान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य और कांग्रेस सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कपिलवस्तु के मुख्य जिला अधिकारी दिल कुमार तमांग के माध्यम से मेट्रोपॉलिटन पुलिस सर्कल, न्यू बनेश्वर में शिकायत दर्ज कराई है।

इस बीच नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की रविवार को कैबिनेट का विस्तार कर सकती हैं। शनिवार को वह दिनभर जेन जी प्रतिनिधियों और अन्य लोगों के साथ विचार-विमर्श में जुटी रहीं। कार्की के करीबी सूत्रों का कहना है कि रविवार तक मंत्रिमंडल सहयोगियों के नाम पर फैसला होने के बाद कल ही शपथग्रहण कराया जा सकता है। स्कूलों को जल्द खोलने का फैसला लिया गया है, खासकर उन स्कूलों को जिसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, उनमें कल से पढ़ाई शुरू होगी।

इस बीच कार्की ने साफ किया है कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को चुनाव लड़ने से नहीं रोकेंगी। संभव है कि उनकी कैबिनेट में कुलमन घीसिंग, बालेंद्र शाह बालेन और सुमाना श्रेष्ठ को शामिल किया जाए। पीएम पद की दौड़ में बिजली बोर्ड के पूर्व सीईओ घीसिंग और काठमांडू के मेयर बालेन भी शामिल थे। सुमाना पूर्व शिक्षा मंत्री हैं। कहा जा रहा है कि अंतरिम सरकार में जेन जी का कोई प्रतिनिधि नहीं होगा। हालांकि जेन जी ने कहा कि वह अंतरिम सरकार के कामकाज पर कड़ी निगाह रखेंगे।

### प्रदर्शन में महत्वपूर्ण न्यायिक रिकॉर्ड नष्ट

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि देश के न्यायिक इतिहास का हिस्सा रहे महत्वपूर्ण दस्तावेज हाल ही में हुए छात्रों के नेतृत्व वाले सरकार विरोधी प्रदर्शनों में लगभग नष्ट हो गए। हालांकि, न्यायालय ने जल्द कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प जताया है। प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत ने कहा कि हम हर परिस्थिति में न्याय के मार्ग पर अडिग और दृढ़ हैं। समाचार पोर्टल माय रिपब्लिका में शनिवार को प्रधान न्यायाधीश के हवाले से कहा गया कि हम नागरिकों की न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द अदालती कामकाज फिर से शुरू करने का संकल्प लेते हैं।



लोक दर्पण
जन, संपर्क और व्यवहार हिन्दी भाषा का आधुनिक संदर्भ
जन स्वीकृति की हिन्दी कब होगी राष्ट्रभाषा

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जन, संपर्क और व्यवहार हिन्दी भाषा का आधुनिक संदर्भ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### मथुरा में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोली-बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सराय रोहिल्ला थाने की एक टीम ने यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हथियारों की आपूर्ति संबंधी सूचना के बाद चलाया। इससे पहले एक सितंबर को पुलिस ने अलीगढ़ के जट्टारी पिसावा रोड पर एक अस्थायी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया था। पुलिस को दो बंद कमरों में छह तैयार पिस्तौल, अधूरी बनी 12 पिस्तौल, छह कारतूस, 250 से ज्यादा हथियारों के लिए कच्चा माल, ड्रिल, ब्लो मशीन और बैरल पाइप जैसे उपकरण मिले थे।

### पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र अस्पताल में भर्ती

**मिर्जापुर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ पद्म विभूषण छन्नू लाल मिश्र को उपचार के लिए यहां राम कृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उपशास्त्रीय संगीत गायन में मशहूर पद्म विभूषण से सम्मानित छन्नू लाल मिश्रा (89) को हीमोग्लोबिन की कमी और 'बेड सोल' की समस्या के कारण उपचार की जरूरत पड़ी। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम छन्नू लाल मिश्रा स्वास्थ्य की देखभाल कर रही है। छन्नू लाल मिश्र की पुत्री नम्रता मिश्रा ने बताया कि उनके पिता 'बेड सोल' से पीड़ित है।

### चेन्नई में होगा पांचवां तटरक्षक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सहयोग के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को आगे बढाते हुए भारत वर्ष 2027 में चेन्नई में पांचवें तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि 11 और 12 सितंबर को इटली में चौथे तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। तीन दिन के पांचवें वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय तटरक्षक बेड़े की समीक्षा और विश्व तटरक्षक संगोष्ठी होगी। भारतीय तटरक्षक महानिदेशक परमेश शिवमणि ने कहा कि कोई भी एक देश अकेले इतनी विशाल समुद्री चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता।

# औद्योगिक प्लॉटो में एससी और एसटी को मिलेगा 10 % आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरक्षित प्लॉट का मूल्य पश्चिमांचल में सबसे ज्यादा, पूर्वांचल व बुदेलखंड में सबसे कम

**अमृत विचार :** नई औद्योगिक प्रबंधन नीति में सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने औद्योगिक प्लॉटो और शेड्स के आवंटन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। प्लाट का आरक्षित मूल्य पश्चिमांचल में सबसे ज्यादा और सबसे कम पूर्वांचल व बुदेलखंड में तय किया गया है।

प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए नई औद्योगिक प्रबंधन नीति 2025 में एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का लाभ सभी क्षेत्रों पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में समान रूप से लागू किया है। इससे पिछड़े वर्गों के उद्यमियों को औद्योगिक विकास की मुख्यधारा में लाने का रास्ता खुलेगा।

सरकार ने पहली बार औद्योगिक प्लॉट और शेड्स के आवंटन के लिए ई-नीलामी प्रणाली लागू की है। नई नीति के तहत पश्चिमांचल क्षेत्र में प्लॉट का न्यूनतम आरक्षित मूल्य तीन हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर, मध्यांचल में ढाई हजार और पूर्वांचल व बुंदेलखंड में दो हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है। प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल से इन दरों में पांच प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान किया गया है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी पोर्टल के माध्यम से होगी और जल्द ही आवेदन की तिथि और पोर्टल की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

### टोकन मनी के रूप में देना होगा 10 प्रतिशत अग्रिम

आवेदकों को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कुल प्लॉट मूल्य का 10 प्रतिशत पहले जमा करना होगा। भुगतान एकमुश्त या अधिकतम तीन वर्षों की किस्तों में किया जा सकेगा। जो आवेदक तुरंत पूरा भुगतान करते हैं, उन्हें दो प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी।

### आरक्षित वर्ग नहीं तो अन्य को मिलेगा लाभ

आरक्षित कोटा के तहत यदि निर्धारित अवधि में कोई योग्य एससी/एसटी उद्यमी आवेदन नहीं करता है तो उस क्षेत्र में बचे हुए प्लॉटों को सामान्य वर्ग के आवेदकों को ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा। इससे औद्योगिक विकास की गति बनी रहेगी और प्लॉट लंबे समय तक खाली नहीं रहेंगे।

# एसआईआर पर सुप्रीम निर्देश आयोग के काम में दखल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग बोला-वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम
- सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका पर आयोग ने दाखिल किया जवाब



निर्वाचन आयोग (ईसी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पूरे देश में नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा। शीर्ष अदालत में दायर एक जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि किसी अन्य प्राधिकरण के हस्तक्षेप के बिना संशोधन की नीति पर उसका पूर्ण विवेकाधिकार है।

आयोग ने कहा कि बिहार को छोड़कर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को संबोधित अपने 5 जुलाई, 2025 के पत्र के माध्यम से आयोग ने 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों के एसआईआर के लिए तत्काल पूर्व-संशोधन गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया है। हलफनामे में कहा गया है कि आयोग को मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन की निगरानी के लिए संवैधानिक एवं वैधानिक शक्तियां प्राप्त हैं। इसमें कहा गया कि देश भर में नियमित अंतराल पर एसआईआर आयोजित करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा।

हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया है, जिन्होंने आयोग को पूरे भारत में, विशेष रूप से चुनावों से पहले, नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का एसआईआर कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल भारतीय नागरिक ही देश की राजनीति और नीति के संबंध में निर्णय लें।

आठ सितंबर को न्यायालय ने निर्देश दिया था कि बिहार में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं के पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। न्यायालय ने आयोग को 9 सितंबर तक इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया था। अपने जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद और प्रत्येक राज्य की विधानसभा के लिए सभी चुनावों के सिलसिले में मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण आयोग पर निर्भर है। हलफनामे में कहा गया है कि उक्त संवैधानिक प्रावधान मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने से संबंधित सभी मामलों में आयोग के पूर्ण अधिकार का आधार है।

## बीजापुर में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

- बंदूक, बीजीएल लांचर और विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी पर सुरक्षाबलों ने सुबह तलाशी अभियान चलाया जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, बाद में सुरक्षाबलों को मुठभेड़ स्थल पर एक माओवादी मृत मिला तथा वहां से 12 बोर की एक बंदूक, एक बीजीएल लांचर, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान अभी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान, सुरक्षाबलों की संख्या आदि जानकारी साझा नहीं की जा सकती।

## ताज पैलेस, मैक्स अस्पताल में बम की धमकी

- बीडीएस और खोजी कुत्तों ने होटल खंगाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित होटल ताज पैलेस और मैक्स अस्पताल को शनिवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस ने तलाशी के बाद इन्हें झूठी धमकी बताया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, शालीमार बाग स्थित ताज पैलेस होटल को शनिवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जबकि द्वारका स्थित मैक्स अस्पताल को भी दोपहर में ऐसी ही धमकी मिली। ताज पैलेस के प्रवक्ता ने कहा कि गहन सुरक्षा जांच के बाद अधिकारियों ने इस धमकी को अफवाह घोषित कर दिया है। मैक्स अस्पताल ने मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता और त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) सहित दिल्ली पुलिस की कई टीम मौके पर पहुंच गईं। होटल पार्किंग, लॉबी और कमरों की खोजी कुत्तों की मदद से गहन जांच की गई। लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# पीटीआर के जंगल में चीतल का किया शिकार, चार शिकारियों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चीतल का मांस, खाल और सींग समेत बाइक बरामद
- माला रेंज में सूचना मिलने पर वन कर्मियों ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में चीतल का शिकार करने पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर चार शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि उनके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। शिकारियों के पास से चीतल का मांस, खाल, कुल्हाड़ी, सींग और एक बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए शिकारियों के विरुद्ध वन्यजीव अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

माला रेंज के वन दरोगा सुमित कुमार, वन रक्षक सचिन सिंह और हृदेश कुमार पटेल शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे भैरो बीट के माला कंपार्टमेंट 128 सी में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टीम को मुखबिर से शिकारियों द्वारा अवैध शिकार करने की सूचना मिली। टीम ने संबंधित स्थान पर घेराबंदी की। इस बीच कुछ लोग जंगल से चीतल का शिकार कर ले जा रहे थे। सभी अपने हाथों में प्लास्टिक के बैग लिए हुए थे। नजदीक आते ही टीम ने घेराबंदी कर चार शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि तीन शिकारी भाग निकले। पकड़े गए शिकारियों के हाथ में प्लास्टिक के बैग में चीतल का मांस, बांका और कुल्हाड़ी बरामद की गई। तलाश के दौरान दो अलग-अलग बैगों में 500-500 ग्राम चीतल का मांस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम शिव कुमार उर्फ छोटे पुत्र गिरधारी, भूरा पुत्र गयाप्रसाद निवासी गांव भैरोकलां थाना माधोटांडा, रीतराम पुत्र भोलेराम निवासी गांव संडई, थाना माधोटांडा और रामपाल पुत्र राम विलास निवासी गांव हरनाई थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर बताया। पूछताछ के बाद शिकारियों द्वारा बताए गए स्थान पर एक बाइक, नर चीतल की खाल और सींग बरामद किए गए।

स्वास्थ्य | मुख्यमंत्री ने राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस पर दी कई सौगातें

# राष्ट्रहित में लिया गया निर्णय ही हमारी संस्कृति : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा-काल की गति से दो कदम आगे चलें, वरना समय पीछे छोड़ देगा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र और जनहित में लिया गया निर्णय ही हमारी असली संस्कृति है। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान व्यापक दृष्टिकोण से समय के अनुरूप निर्णय लेता है, तो वह सिर्फ प्रगति नहीं करता, बल्कि समाज के लिए दिशा-निर्देशक बनता है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएल) इसका जीवंत उदाहरण है। जिसने 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1375 बेड का विस्तार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने 298 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 50 करोड़ की गामा नाइफ मशीन और प्रदेश के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर की शुरुआत भी शामिल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। यदि हम काल की गति से दो कदम आगे नहीं चलेंगे, तो काल की चपेट में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि आरएमएल संस्थान ने पांच वर्षों में यूपी के टॉप तीन चिकित्सा संस्थानों में स्थान बनाया है। जहां केजीएमयू 110 वर्ष पुराना है, एसजीपीजीआई चार दशकों से कार्यरत है, वहीं आरएमएल ने सिर्फ कुछ वर्षों में यह मुकाम पाया है। इससे स्पष्ट होता है कि नेतृत्व और दिशा सही है। सीएम ने कहा कि आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वरण शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह आदि उपस्थित थे।



आरएमएल संस्थान के 5वें स्थापना दिवस पर चिकित्सक का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार
लखनऊ, रविवार, 14 सितंबर 2025 सीतापुर

## न्यूज ब्रीफ

### खाद की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**संवाददाता नेरी, अमृत विचार :** महोली कोतवाली क्षेत्र में खाद की दुकान में अचानक आग लग गई। जिससे दुकान में रखा कीटनाशक व उर्वरक का सारा स्टॉक जलकर राख हो गया। महोली कोतवाली क्षेत्र के चतुरैया गांव निवासी विनय अवस्थी बाबा बागेश्वरनाथ एग्री क्लीनिक नाम से खाद की दुकान संचालित करते हैं। बताते हैं कि अचानक विनय की दुकान से धुआं निकलता देख आसपास के ग्रामीण वहां पर इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते दुकान आग की लपटों से घिर गई। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा कीटनाशक, उर्वरक और पेस्टीसाइड का स्टॉक जलकर राख हो गया।

### अंजुमन ने बच्चों को किया पुरस्कृत

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** जुमेरात अंजुमन मोहब्बाने रसूल कमेटी की तरफ से म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में पढ़ रहे कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के लिए आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य, विद्यालय स्टाफ वह अन्य संभ्रांति व्यक्ति मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड शिविर में छात्र हुए आत्मनिर्भर

**बिसवां,अमृत विचार :** एल्पिस ग्लोबल स्कूल में स्काउट गाइड शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को बिना बर्तन के भोजन निर्माण, तंबू निर्माण, प्राथमिक उपचार, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामूहिक सहयोग जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यायुक्त रमेश बाजपेई, मंगली प्रसाद, अनिल बंशवार, प्रतिभा श्रीवास्तव, रूपेश अवस्थी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एएसपी ने किया जागरूक

**मछरेहटा,अमृत विचार :** एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने लेखपालों से रूबरू होते हुए कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों में पूरी निष्पक्षता से आख्या लगाएं जिससे दोनों पक्षों को न्याय का अहसास हो सके। वहीं, थानाध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने बताया कि लगभग सोलह प्रार्थनापत्र आए और सभी राजस्व विभाग से संबंधित थे, जिन्हे लेखपालों को सुपुर्द करते हुए आख्या देने को कहा गया।

### एसडीएम से शिकायत

**महमूदाबाद,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के श्यामपुर मजरे पचदेवरा चौबे में तालाब की भूमि पर कब्जा किए जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी बीके शुक्ल से शिकायत की है। आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति सरकारी तालाब की जमीन पर मकान बनाकर कब्जा कर रहा है। गांव वासी आलोक कुमार, उमेश चंद, हंसराज, संतोष कुमार, हरपाल, उदय प्रताप, बजरंग, विद्या प्रसाद, अनुरोध वर्मा, लवकुश कुमार, अजय कुमार, नंदलाल, विपिन कुमार समेत अन्य ने शिकायत की।

### कार्यशाला आयोजित

**सीतापुर,अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा से संबंधित कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने संपूर्ण अभियान की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**बिसवां,अमृत विचार ।** समाजसेवी व अधिवक्ता स्व. सुनील पांडे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नरसिंह धाम मंदिर परिसर में किया गया। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि स्व. पांडे एक सच्चे समाज सेवी थे, वो सभी वर्गों के हित के लिए कार्य करते थे। श्रद्धांजलि सभा में प्रमोद वर्मा, कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, सलिल सेठ, अमर मेहरोत्रा, अश्वनी त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, संदीप मिश्र सरस, आरपी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पखवाड़े का खाका तैयार

**सीतापुर,अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसमें अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व अन्य प्रबंधक मौजूद रहे। अभियान के तहत जिले के आयुष्मान मंदिरों, सीएचसी व स्वास्थ्य इकाइयों पर शिविर लगाए जाएंगे। महिलाओं को मातृ एवं बाल स्वास्थ्य देखभाल, जांच, विशेषज्ञ सेवाएं, नि:क्षय मित्र नामांकन और 1 अक्टूबर को रक्तदान शिविर जैसी सुविधाएं मिलेगी।

# एक हजार गांवों में 'विकास कार्य के भुगतान की बाधा'

## खैराबाद, महमूदाबाद और लहरपुर में लिमिट से अधिक हो गया भुगतान, अन्य स्थानों पर धनराशि की कमी बनी रोड़ा

**बढ़ी समस्या**

- सीडीओ ने तीन खण्ड विकास अधिकारियों को भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जनपद के लगभग 1000 गांव में धनराशि अवमुक्त न होने से विकास कार्यों में बाधा आ रही है। जांच हुई तो पता चला कि तीन ब्लॉक क्षेत्रों में अपेक्षा से कई गुना पैसा अवमुक्त कर दिया गया। जिससे समस्या बढ़ चली, ऐसे में मुख्य विकास अधिकारी की ओर से तीन खण्ड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।



विकास खण्ड परसेडी की ग्राम पंचायत धिमौरा में होता चकरोड पटान का कार्य। अमृत विचार

धनराशि के आंकड़ों पर नजर डालें, तो लहरपुर ब्लॉक क्षेत्र में जमकर नियमों की अनदेखी हुई। यहां 83.90 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त की जानी थी। लेकिन एक करोड़ 36 लाख रुपये स्वीकृत करा लिये गए। लगभग 82 लाख से अधिक का भुगतान अतिरिक्त हुआ। महमूदाबाद में 22.37 लाख अवमुक्त होने थे। लेकिन यहां ये ग्राफ बढ़ाकर 96.49 लाख करा लिया गया। खैराबाद ब्लॉक क्षेत्र में 94.18 लाख रुपये की धनराशि विकास कार्यों के लिए अवमुक्त की जानी थी, लेकिन यहां भी बड़ा खेल हुआ, यहां 98.48 लाख स्वीकृत हुए। 4 लाख से अधिक धनराशि अतिरिक्त के रूप में ले ली गई। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्य का कहना है कि लहरपुर, खैराबाद और महमूदाबाद में विकास कार्यों को लेकर लिमिट से अधिक भुगतान करा लिया गया, ऐसे में बड़ी संख्या में गांवों में विकास कार्यों के भुगतान में बाधा आ रही है, ऐसे में खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद, लहरपुर और महमूदाबाद को नोटिस भेजी जा रही है, अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है।

### अचानक बीडीओ की लंबी छुट्टी बनी चर्चा

जनपद के एक खण्ड विकास अधिकारी पिछले कुछ समय पहले कागजों पर बीमार हो गए। लंबी छुट्टी ले ली। चर्चा है कि घालमेल की आफत टालने के लिए आना जाना कम हुआ तो निगाह डीएम की पड़ गई। इसी के बाद सख्त तेवरों के बीच बड़े बदलाव होते चले गए।

### इन क्षेत्रों के विकास कार्यों में आई बाधा

बेहटा ब्लॉक क्षेत्र में निर्माण कार्यों के भुगतान के लिए 42 लाख अवमुक्त किया जाना था, धनराशि के अभाव में 33 लाख ही हो सका। यहीं स्थिति परसेण्डी की रही, एक करोड़ 36 लाख के स्थान पर 57 लाख ही अवमुक्त हो सका। उधर, महोली में 74 लाख के स्थान पर महज 13 लाख ही अवमुक्त किये जा सके।

## यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से मजदूर की मौत

**महमूदाबाद,अमृत विचार :** महमूदाबाद कोतवाली इलाके में लकड़कट्टों के कहने पर पान मसाला लेकर पहुंचा ग्रामीण यूकेलिप्टस के पेड़ की चपेट में आ गया। पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के हरबसपुर गांव निवासी फारुख (40) मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। पन्नू पुत्र मंशाबली के खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटाई हो रही थी। कटाई कर रहे लकड़कट्टों ने गांव के ही फारुख को पान मसाला लाने भेजा। फारुख जैसे ही पान मसाला लेकर स्थल पर पहुंचा, अचानक एक विशाल पेड़ उसके ऊपर गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, युवक झुलसा

संवाददाता, साण्डा

**अमृत विचार :** मवेशियों को चराने के लिए निकले किसान की लटकते विद्युत तार में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। हादसा सकरन थानाक्षेत्र के मोहारी गांव में घटित हुआ। सकरन थानाक्षेत्र के मोहारी गांव निवासी किशोरी लाल (50) भतीजे सरोज के साथ अपने खेत मवेशियों के लिए चारा लेने जा रहा था। पोल से लटके तार में उतरे करंट की चपेट में आने से किसान किशोरी लाल आ गया। सरोज जब बचाने लगा तो वो भी झुलस गया। किसी तरह ट्रांसफार्मर से लाइन काट, दोनों को सीएचसी सांडा ले जाया गया चिकित्सकों ने किशोरी लाल को मृत घोषित कर दिया। झुलसे सरोज का इलाज चल रहा है। चौकी प्रभारी सांडा बृजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपों के आधार पर मामले में जांच की जा रही है। उधर मृतक की पत्नी रामकली का आरो है कि गांव के एक व्यक्ति ने अपने खेत में मवेशियों को रोकने के लिए करंट दौड़ रहे तारों को एक वर्ष पूर्व लगाय था। उन्हीं तारों के कारण बड़ा हादसा हो गया।

### खेत में लगे तार से बाइक सवार का कटा गला, मौत

**तंबौर,अमृत विचार :** तंबौर थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव में रेउसा थाना इलाके के कम्हरिया शेखुपुर गांव निवासी सुशील (52) बाइक से किसी कार्य से जा रहे थे। तभी अचानक छुट्टा मवेशी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अनियंत्रित होकर बाइक समेत वे खेत में जा गिरे, जहां लगे ब्लेडनुमा तार से उनका गला कट गया और मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### युवक पर हमला, केस दर्ज

**बिसवां,अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला कैथी टोला निवासी संजय कुमार श्रीवास्तव के पुत्र पर दूसरी बार हमला हुआ, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। संजय श्रीवास्तव के मुताबिक, उनका पुत्र बाइक से जा रहा था। आरोप है कि विपक्षियों ने हमला कर कर दिया। पुलिस ने अनूप यादव, अजय यादव, राजकुमार यादव निवासी मोहल्ला महाराजगंज और कैथी टोला निवासी संजय यादव के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

## बच्चे को ट्रक के सामने फेंका

**सीतापुर,अमृत विचार :** सिधौली कोतवाली क्षेत्र में पैसों के विवाद में नाई ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। गिरिधरपुर निवासी विजय कुमार अपने चार वर्षीय बेटे के साथ बाल कटवाने दुकान पर पहुंचे थे। पैसे को लेकर हुई कहासुनी के बाद नाई ने बच्चे को उठाकर गुजरते ट्रक के सामने फेंक दिया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते वाहन रोक दिया और बच्चे की जान बच गई। इसके बाद आरोपी ने विजय कुमार को डंडों से पीटकर उस्तरे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। सिधौली कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पेड़ कटान व कब्जे का मामला

**मानपुर,अमृत विचारः** मानपुर में सीओ अभिषेक कुमार को फूलपुर निवासी रामसेवक ने प्रार्थना पत्र दिया। दावा किया कि विपक्षी खेत को जोत रहे हैं। भगवानपुर के नत्था की शिकायत भी खेत पर जबरन कब्जे की थी। बिराहिमबाद निवासी लज्जा ने खेत पर लगे पेड़ों का मामला उठाया। छह शिकायती पत्रों में से तीन का मौके पर समाधान हुआ।

## साहब! जमीन नाम है, कब्जा दिला दीजिए



कोतवाली नगर में शिकायत सुनते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद।

- डीएम-एसपी ने सुनी शिकायत निकला, कई मामलों का समाधान
- सभी थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, मौके पर शिकायतों का निस्तारण

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर में जिलाधिकारी के पहुंचते ही अधिकतर मामले राजस्व से जुड़े आ गए, ऐसे में पुराने शहर से जुड़े एक मामले में शिकायतकर्ता ने भूमि नाम होने का दावा किया, कहा कि उसे कब्जा नहीं मिल रहा। कुछ अन्य मामले भी राजस्व से जुड़े हुए मिले, ऐसे में कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। पुराने शहर से शाहजेब शाह अपने पिता जाहिद के साथ कोतवाली नगर में आयोजित समाधान दिवस में शामिल हुए। इनका दावा था कि भूमि तो इनके नाम है लेकिन विपक्षी कब्जा मुक्त नहीं कर रहे हैं।

साक्ष्यों के बीच डीएम अभिषेक आनंद ने टीम बनाकर शिकायत निस्तारण की जिम्मेदारी एसडीएम सदर धामिनी एस दास को दी। कई अन्य मामलों में शिकायतों के निस्तारण मौके पर किये गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,35,946 मामले निपटाए

संवाददाता, सीतापुर

**टूटा रिकॉर्ड**

- 13.32 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों का भी हुआ समाधान

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में कुल 1,35,946 वादों का निस्तारण किया गया, जो पिछली लोक अदालत की तुलना में 23.5 प्रतिशत अधिक है।

इस अवसर पर अपर जिला जज, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा न्याधिकरण, उपभोक्ता फोरम, राजस्व न्यायालय और अन्य न्यायालयों ने विभिन्न श्रेणियों में हजारों वादों का समाधान किया। बैंक और फाइनेंस कंपनियों के प्री-लिटिगेशन मामलों में 6.68 करोड़ रुपये की समझौता राशि वसूली गई। साथ ही, मैक्स हास्पिटल लखनऊ के सहयोग से दीवानी न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। लोक अदालत के माध्यम से 13.32 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों का निपटान किया गया।

## सफाईकर्मी की मुख्यमंत्री से शिकायत

संवाददाता, कमलापुर

- मां के फर्जी हस्ताक्षर किए, बेटे की करतूत सीसीटीवी में कैद
- ग्रामीणों ने साक्ष्य सहित मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**अमृत विचार :** कसमंडा ब्लॉक के राजस्व गांव रेंगामऊ में तैनात सफाई कर्मचारी मिथिलेश कुमारी यादव पर ड्यूटी से गायब रहने और बेटे से फर्जी हस्ताक्षर कराने का आरोप लगा है।

सीसीटीवी में उनकी करतूत उजागर होने के बाद ग्रामीणों ने साक्ष्य समेत मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। कसमंडा विकास खंड क्षेत्र के रेंगामऊ गांव में वर्षों से तैनात महिला सफाई कर्मचारी मिथिलेश कुमारी यादव का प्रभाव इतना रहा कि डीपीआरओ द्वारा दो बार स्थानांतरण किए जाने के बावजूद वह चंद दिनों में आदेश रद्द कराकर फिर रेंगामऊ में ही तैनात हो गईं। वर्ष 2019 में उनका ट्रांसफर ललवा और 2021 में बेहड़ा बैकुंठपुर हुआ, मगर बाद में वापस रेंगामऊ लौट आईं।

ग्रामीणों का आरोप है कि मिथिलेश कुमारी ड्यूटी पर नहीं आतीं और उनकी जगह उनका पंचायत सहायक बेटा अम्बुज यादव उपस्थिति रजिस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर करता है। यहीं नहीं, 27, 28 और 29 अगस्त को अम्बुज यादव मां के हस्ताक्षर करते और सफाई कर्मचारियों संग कार्य करते सीसीटीवी में कैद हो गया। 23 अगस्त 2025 को एडीओ पंचायत सिधौली के औचक निरीक्षण में भी मिथिलेश कुमारी अनुपस्थित पाई गईं।

रेंगामऊ के अन्य सफाई कर्मचारियों और दो दर्जन ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से साक्ष्य सहित मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सफाई कर्मचारी वर्षों से ड्यूटी पर नहीं आतीं और विभागीय मिलीभगत से बचती रही हैं।

> ग्रामीणों की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित सफाईकर्मी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> प्रणता ऐश्वर्या, सीडीओ

## पिंजरे में बंधी बकरी चोरी कैमरे में कैद हुआ युवक

संवाददाता नेरी, सीतापुर



पिंजरे के करीब बंधी बकरी।

**अमृत विचार :** महोली कोतवाली क्षेत्र के नरनी गांव के जंगल में बुधवार देर रात बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरे में चारे के रूप में एक बकरी बांधी थी, मगर देर रात किसी युवक ने उसे खोलकर चोरी कर लिया।

गुरुवार सुबह जब टीम मौके पर पहुंची तो बकरी गायब देखकर दंग रह गई। ट्रैप कैमरे की फुटेज खंगालने पर रात करीब 10 बजे एक युवक कैमरे में कैद मिला। युवक नंगे पैर था और हाफ पैंट व टी-शर्ट पहने था। विभाग उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बकरी को बाघ ने उठा लिया। उधर, कोल्हौरा गांव के पास कठिना नदी की तलहटी में ताजे पगमार्क मिलने से बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। 22 अगस्त को बाघ ने एक किसान की जान ले ली थी। हाल फिलहाल अब बकरियों की चोरी से बाघ पकड़ने की कवायद और मुश्किल हो गई है।

## आजमगढ़ के हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गिरफ्तार

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

**अमृत विचार :** मुखबिर का खेल ऐसा चला कि शातिर खुद ही जाल में फंस गया। खैराबाद पुलिस ने क्राइम ब्रांच की मदद से तीन शातिरों को सात लाख से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस अधीक्षक का कहना है कि पकड़ा गए शातिर आजमगढ़, बहराइच और बस्ती जनपद के रहने वाले हैं।

एएसपी विनायक भोसले ने बताया कि पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि तस्करों का गैंग सिटी सर्किल में सक्रिय है। ऐसे में क्राइम ब्रांच की टीम के साथ खैराबाद पुलिस को लगाया गया। सटीक सूचना पर खैराबाद इलाके के भाराभारी से कार सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान आजमगढ़ जनपद दीदारगंज थानाक्षेत्र के बूंदा निवासी आशुतोष सिंह उर्फ मोनू, बहराइच जनपद के फखरपुर थानाक्षेत्र के गांव पट्टी कमलापुर निवासी मोहित कश्यप और बस्ती जनपद के पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र स्थित बरदहिया निवासी राजपाल उर्फ करन के रूप में हुई। इनके कब्जे से 18 किलो से अधिक गांजा बरामद हुई, इसकी कीमत लगभग सात लाख से अधिक है।



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एएसपी विनायक भोसले। अमृत विचार

**हिस्ट्रीशीटर आशुतोष कर चुका संगीन वारदातें :** सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले ने बताया कि आशुतोष रायबरेली में हत्या के प्रयास, लूट और गैंगस्टर मामले में निरुद्ध रहा है। शातिरों का गैंग पूर्व कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। खैराबाद में इनके सहयोगियों को तलाशा जा रहा है।

## दावा: तेंदुआ को देख शिक्षक को आया बुखार

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचारः** अमृत विचार : इमलिया सुल्तानपुर इलाके में बाघ की दहशत के बीच अब तेंदुए की भी आमद हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में एक नहीं दो-दो तेंदुए देखा गया। तेंदुए को देख प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक काफी भयभीत हो गए, जिससे उनको बुखार आ गया। इमलिया सुल्तानपुर इलाके के मुस्तफाबाद गांव में शुक्रवार को दो तेंदुए देखने का दावा किया गया। जिसमें एक तेंदुए को गांव की एक बच्ची ने गन्ने के खेत के पास देख लिया, जिससे वह काफी भयभीत हो गई। अध्यापक की हालत बिगड़ती देख प्रधान प्रतिनिधि जसवीर सिंह ने उनको सीएचसी ऐलिया भिजवाया।

## कटान आपदाः धार में बह गए चार घर

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार :** रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के सुंदरपुरवा और लोधनपुरवा गांव में तेज कटान के बीच चार आवास जलमग्न हो गए। ऐसे में ग्रामीणों की गृहस्थी को भी नुकसान पहुंचा है। प्रशासनिक टीम ने पहुंचकर व्यवस्था का आंकलन किया और अधीनस्थों को निर्देश जारी किये।पिछले तीन दिनों से बढ़ता जलस्तर थमा है। ऐसे में इलाके में कटान तेज हो गई। रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शुकुल पुरवा के मजरे कुन्ना पुरवा, रामरूप पुरवा, लोधन पुरवा, भूषन पुरवा, महाजन पुरवा नदी में समाहित हो चुके है। लोधन पुरवा में नारायन का घर कटान से बच गया था, जो जलमग्न हो गया। सुंदर पुरवा में राजमल, भाईलाल, इंद्रपाल के घर नदी में समाहित होने से बच गए थे, इन्हें भी शारदा ने लील लिया। कटान इतनी तेजी के साथ हुआ कि लोगों को सामान निकालने का मौका नहीं मिला। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिपूर्ति का आंकलन किया।



घाघरा में समाहित होता नारायन का घर। अमृत विचार



कटान देखती महिला। अमृत विचार

### जाल में फंसा मगरमच्छ, नदी में छोड़ा

**तंबौर,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के डेयोढ़ेडीह गांव में मछुआरों के जाल में अचानक मगरमच्छ फंसने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर उसे रस्सी से बांध लिया। सूचना पाकर वन रक्षक इंद्रबली और उनकी टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को ई-रिक्शा से मानपुर स्थित शारदा नदी में छोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में दो मगरमच्छ देखे गए थे। एक पकड़े जाने के बाद भी दूसरे की मौजूदगी को लेकर गांव में दहशत है।

### पिता ने बेटे पर तानी बंदूक

**सीतापुर,अमृत विचार :** हरगांव थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। यूकेलिप्टस के पेड़ काटने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि पिता हरिद्वारी लाल ने अपने ही बेटे दिनेश कुमार पर लाइसेंसी बंदूक तान दी और जान से मारने की धमकी दी। घटना का 21 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें आरोपी पिता बंदूक लेकर बेटे की ओर दौड़ते और गोली भरने का प्रयास करते दिख रहे हैं। थानाध्यक्ष अरविंद पांडे ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**अजब- गजब** डीएम के आदेश पर विभागीय सर्वे का सच आया सामने

## 42 हजार मृतक डकार रहे 'सरकारी राशन'

- 9 हजार से अधिक गैर प्रांत और देश से बाहर रह रहे उपभोक्ता भी पात्रता सूची में शामिल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



**अमृत विचार :** पूर्ति विभाग के भी अजब खेल हैं, जो लोग मर चुके हैं, वे भी राशन कार्ड की पात्रता सूची का लाभ उठा रहे। राज उस समय खुला, जब जिलाधिकारी का आदेश प्रभावी हुआ। सत्यापन सर्वे में ऐसे 42 हजार लाभार्थी मिले, जिनकी मृत्यु हुए समय बीत चुका है।

दरअसल, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से कुछ लोगों ने गोपनीय तौर से शिकायत की थी। इसी के बाद हरकत में पूर्ति विभाग आ गया। सत्यापन का सर्वे कार्य शुरू हुआ। सूची हाथ लगी तो सभी दंग रह गए, पता चला कि 42 हजार राशन कार्ड धारकों की मृत्यु हो चुकी है। फिर उनको राशन का लाभ मिल रहा है। इसी के साथ एक और खेल भी खुला, सर्वे सूची में 9 हजार से अधिक लोग ऐसे में भी मिले जो गैर प्रांतों में रहकर सरकारी सुविधा का लाभ रहे थे, कई तो विदेशों में भी है। जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जानकारी मिली है कि 42 हजार राशन कार्ड धारकों की मृत्यु हो चुकी है, 9122 लोग गैर प्रांतों रहकर इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। इन्हें निरस्त करने का आदेश दे दिया गया है।

**लाभार्थियों की सूची से हटाए गए आयकरदाता :** जनपद में 15,376 आयकर दाताओं राशन कार्ड सूची से हटा दिया गया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने आयकर रिटर्न दाखिल किया है। इनमें से 9,844 यूनिट ने 2 लाख रुपये और 5,532 लाभार्थियों ने 3 लाख रुपये का आयकर भरा है।

### 5 लाख राशन कार्ड होंगे निलंबित

4 लाख 95 हजार 126 राशन कार्डों को निलंबन की सूची में डाला गया है। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि जिन लोगों ने ईकेवाईसी नहीं कराई है, उन्हें तीन माह तक राशन नहीं मिलेगा। 4 लाख 95 हजार 126 राशन कार्ड धारक फिलवक्त इस सुविधा से वंचित हो सकते हैं।

## प्रतियोगिताः कांचा रेस में अदिति रहीं अव्वल

**बिसवां,अमृत विचार :** जेसीआई सप्ताह के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता सेंट जेवियर स्कूल में संपन्न हुई। नगर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 450 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें गुब्बारा रेस में एल्पिस ग्लोबल स्कूल के छात्र आर्य खान प्रथम रहे वहीं सेंट जेवियर स्कूल के शौर्य तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कांचा रेस में एल्पिस ग्लोबल स्कूल की अदिति यादव प्रथम रही। वहीं बीएनएसडी स्कूल के मोहम्मद अरशद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में एल्पिस ग्लोबल के छात्र मोहम्मद माज प्रथम व श्री राम चंपा देवी स्कूल के छात्र मोहम्मद इदरीसी द्वितीय स्थान पर रहे। स्लो साइकिल रेस में महादेव मेमोरियल स्कूल के छात्र निमिस वर्मा प्रथम व श्रीराम चंपा देवी स्कूल के छात्र अंबर निगम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में हिमांशु नाथ सिंह, मुदित सिंघल, उमंग राजवंशी, अनुज सिंघल, सौरभ बंसल, प्रभात गोयल, सेंट जेवियर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश शुक्ला मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से गिरा यात्री हालत नाजुक

**ऊंचाहार, रायबरेली :** चंडीगढ़ से प्रयागराज जा रही ट्रेन में बैठा यात्री संतुलन बिगड़ने के कारण गिरकर घायल हो गया, जिसे सीएचसी से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। मुंडीपुर गांव के पास शनिवार की सुबह चंडीगढ़ से प्रयागराज जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन से संतुलन बिगड़ने के कारण एक युवक नीचे गिरकर घायल हो गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पीआरवी को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पीआरवी ने एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। युवक की पहचान बिहार प्रान्त के पटना रेलवे स्टेशन निवासी राजू कुमार के पुत्र रवि कुमार 32 वर्ष के रूप में हुई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**जगतपुर, रायबरेली :** थाना क्षेत्र के खरैहनी पहाड़गढ़ निवासिनी हरिप्रिया पत्नी अमित कुमार (35) बाथरूम में लगे कटे तार में उतर रहे करंट की चपेट में आ गयी। हालत गंभीर होने पर परिजन इलाज के लिए जगतपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। वहीं थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने कि प्रथम दृष्टया करंट से महिला की मौत की जानकारी हुई है।

### महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**महराजगंज, रायबरेली :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहित महिला ने गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ व अश्लीलता का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया शुक्रवार देर शाम करीब आठ बजे वह घर पर बच्चों के साथ लेटी थी। कुछ देर बाद वह लघुशंका के लिए बाहर गई तभी गांव का एक युवक उसे पीछे से पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुराचार का प्रयास किया। चीख–पुकार सुनकर उसके बच्चों व मुहल्ले के लोगों ने उसे छुड़ाया। मामले की जानकारी तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस घटना को गंभीरता से लेते हुए छानबीन में जुट गई है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना के बाबत जांच कराई जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### वित्तीय संतृप्तिकरण शिविर कल

**रायबरेली :** बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा ग्राम पंचायत हरचंदपुर में 15 सितंबर को वित्तीय संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं की पहुंच मजबूत तथा नागरिकों को वित्तीय समायोजन योजनाओं से जोड़ना, पुनः केवाईसी सत्यापन करना एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान करना है। उक्त जानकारी जिला अग्रणी प्रबंधक रूपेश दुबे ने दी।

### खेलकूद कबड्डी प्रतियोगिता आज

**रायबरेली :** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वां क्षेत्रीय खेलकूद कबड्डी प्रतियोगिता 14 सितम्बर से 16 सितम्बर 25 तक गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी में संपन्न होगा। इसके अंतर्गत चार प्रान्त के खिलाडी भाग करेंगे। ये प्रान्त काशी प्रान्त नगरीय, गोरक्ष प्रान्त ग्रामीण एवं नगरीय, अवध प्रान्त नगरीय एवं ग्रामीण कानपुर प्रान्त नगरीय एवं ग्रामीण के खिलाडी खेलने के लिए आ रहे है। करीब 316 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

# शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए

## थाना दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं लोगों की शिकायतें और दिए निर्देश

संवाददाता, रायबरेली



थाना दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मिल एरिया में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आई। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए।

डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि गांव के फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े।

उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव समेत पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### शिकायतों का नहीं हुआ निस्तारण, लौटे मायूस

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** उप निरीक्षक और राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें शिकायतकर्ता को मात्र आश्वासन की घुट्टी ही मिल सकी। किसी प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर ग्राम निवासी गोविंद कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कोतवाली क्षेत्र के चौदह मिल गांव के रहने वाले भट्ठा ठेकेदार भट्टे में काम करने के लिए ले गए थे और 6 महीने काम करने के बावजूद पैसे नहीं दिया। जिसकी शिकायत कई बार डलमऊ कोतवाली में दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई और लगातार पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। वही सेदूरामऊ ग्राम निवासनी रामदुलारी ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भूमिधरी भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कब्जा किया जा रहा है और कई बार डलमऊ कोतवाली में शिकायती पत्र दिया गया। लेकिन डलमऊ पुलिस द्वारा राजस्व विभाग के काम को बात कर पल्ला झाड़ लिया जाता है।

# सांसद से बाईपास मार्ग बनवाने व बंद ट्रेन चालू कराने की मांग


सांसद राहुल गांधी को ज्ञापन देने के दौरान मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

- व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी से की शिकायत

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सांसद राहुल गांधी से मिलकर लालगंज में लगने वाले जाम की शिकायत की। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने सांसद राहुल गांधी को बताया कि लालगंज-रायबरेली जनपद की सबसे बड़ी व्यापारिक मंडी है, जहां पर हजारों की संख्या में वाहनों का आना-जाना रोज का रहता है। बांदा-बहराइच मार्ग जोड़ने का एकमात्र रोड है जो नगर के बीच से होकर जाता है। नगर में घनी बस्ती के कारण पूरे दिन भारी वाहन ट्रकों आदि वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है। व्यापार मंडल की टीम ने कहा कि लालगंज एनएच 232 से जोड़कर स्टेट हाईवे गोविंदपुर वलौली से चांदा, बन्ना मऊ, बछरावां रोड पर तीन किलोमीटर एक छोटा बाईपास अविलंब बनाए जाने की आवश्यकता है।

ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष से बंद रायबरेली से कानपुर के बीच आरसी ट्रेन को चलवाने की मांग की। सांसद राहुल गांधी ने उन्हें समस्या का निदान कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# विद्यालय परिसर में भरा पानी नौनिहाल हो रहे परेशान

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)


पूरे लोनार मजरे दौतरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में भरा पानी।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे लोनार मजरे दौतरा गांव में जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते परिसर में भरे बारिश के पानी व कीचड़ के बीच प्राथमिक विद्यालय के बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। परिसर में भरे गंदे पानी से बच्चों को मच्छर जनित बीमारियों व संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

विकास खंड क्षेत्र के पूरे लोनार मजरे दौतरा गांव में आबादी के बीच बने प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बारिश के दिनों में जलभराव होने से परिसर तालाब बन जाता है। जिससे वहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी परेशानी होती है। विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान संदीप कुमार से परिसर में मिट्टी भराई के लिए कहा गया लेकिन नतीजा सिफर रहा। शुक्रवार को स्कूल परिसर में जलभराव व कीचड़ की सूचना मिलने पर विद्यालय पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने ग्रामीणों व अभिभावकों को बुलाकर समस्या पर चर्चा करने के बाद बीडीओ वर्षा सिंह को फोन से विद्यालय परिसर में जलभराव की समस्या से अवगत कराया। जलभराव की सूचना पर बीडीओ के निर्देश पर गांव पहुंचे पंचायत सचिव महेंद्र शुक्ला व ग्राम प्रधान संदीप कुमार ने शनिवार को पंपिंग सेट के माध्यम से परिसर में भरे पानी को बाहर निकलवाया। ग्राम प्रधान संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय परिसर आबादी से नीचे होने से जलभराव होता है, पूर्व में भी पंपिंग सेट चलवा कर पानी निकाला गया था। बीडीओ से वार्ता हुई है, जल्द ही समस्या से निजात मिल जाएगी।

# ओवरलोड ट्रकों ने बढ़ा दी जाम की समस्या

डलमऊ (रायबरेली)


डलमऊ में सड़क पर खड़े ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार

**दिक्कत**

- डलमऊ-फतेहपुर मार्ग पर लगने वाले जाम से लोग हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** डलमऊ पुलिस चौकी के संरक्षण में चलती है अवैध मौरंग की मंडी सुबह से ही मुख्य सड़क पर ओवरलोड ट्रक खड़े हो जाने के चलते जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और लोगों को निकलने के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। पूर्व में हो चुकी दुर्घटनाओ से अनभिज्ञ डलमऊ पुलिस लोगों की शिकायतों को अनदेखी करते हुए समस्या के निराकरण के लिए बौनी साबित हो रहे हैं। डलमऊ चौकी के आला अधिकारी राहगीरों की गंभीर समस्या पर मूक दर्शक बने हुए हैं।

कस्बे के अनिकेत कुमार, विकास कुमार, राजन, राजकुमार आदि के साथ अन्य लोगों ने बताया कि डलमऊ पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर मौरंग के ओवरलोड ट्रकों द्वारा मौरंग बिक्री के लिए अवैध रूप से मंडी लगाई जाती हैं, जहां पर डलमऊ-फतेहपुर मार्ग सड़क के किनारे दोनों तरफ ओवरलोड ट्रक खड़े हो जाने के चलते जाम की स्थिति उत्पन्न रहती है। इससे राहगीरों को निकालने के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। यही नहीं आडे तिरछे सड़क तक खड़े ट्रकों से अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। पूर्व में दुर्घटना में मौत जैसी कई घटनाएं यहीं पर घट चुकी हैं। इसके बावजूद भी कस्बा वासियों की शिकायत के बावजूद डलमऊ चौकी के आला अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। लोगों द्वारा इन ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली करने की भी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अब तक इन चहेते पुलिस कर्मियों पर उच्च अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। आए दिन अवैध मौरंग मंडी के चलते लगने वाले भीषण जाम से कस्बा वासियों के साथ-साथ अन्य लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

वहीं इस संबंध में उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार अवैध रूप से लगने वाले मौरंग मंडी की जानकारी नहीं है और इसकी जांच कराई जाएगी। उधर, क्षेत्राधिकार डलमऊ अरुण कुमार नौवहार ने बताया कि संबंधित कोतवाली पुलिस द्वारा इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** रायबरेली–लालगंज मार्ग पर दरीबा चौराहे के पास कानपुर के कल्याणपुर स्थित आवास विकास कॉलोनी निवासी कमलेश कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना देर रात की है। कमलेश कुमार अपनी कार से घर जा रहे थे। इसी दौरान दरीबा चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कमलेश को कार से निकाला और जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजघाट चौकी प्रभारी भगत सिंह ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गोकुलपुर रोझइया की निर्मला पत्नी बूद्धू (60) को जिंगना के पास बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी के डॉ. लाइक अहमद ने बताया कि एक महिला घायल अवस्था में आई थी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दिव्यांग बच्चों पर दें विशेष ध्यान

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)


ऊंचाहार में आयोजित दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

- चिकित्सा शिविर को ब्लॉक अध्यक्ष ने किया संबोधित

**अमृत विचार।** प्रायः देखा गया है कि दिव्यांग बच्चों में अधिक क्षमता होती है, वो पढ़ने में मेधावी होते है। इसलिए सभी शिक्षक उनका विशेष ध्यान दें। उनमें अधिक संभावनाएं है। यह बात शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित चिकित्सा शिविर में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि मेरे शिक्षक कैरियर में मैंने यह अनुभव किया है कि यदि किसी बच्चे के शरीर में कहीं दुर्बलता है तो उसकी बुद्धि तीव्र होती है। उन्हें शिक्षा का जो काम दिया जाता है। उसे वह बहुत बेहतर ढंग से करते हैं। उनमें आगे बढ़ने की अधिक संभावना होती है, इसलिए उन्हें विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। ऐसे बच्चों को अधिक बेहतर आसानी से बनाया जा सकता है। शासन के मंशानुरूप समेकित शिक्षा के अंतर्गत शनिवार को बीआरसी ऊंचाहार में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जहां पर दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र बनाया गया जनपद से आए चिकित्सा टीम द्वारा जांच की गई उनको दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैंप खंड शिक्षा अधिकारी रिचा सिंह के अध्यक्षता में हुई। शिविर में ऑर्थो सर्जन डॉक्टर नेत्र सर्जन डॉक्टर एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर और ऑडियोलॉजिस्ट के द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 52 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कैंप में स्पेशल एजुकेटर विजय कुमार पांडे, संजय गुप्ता, प्रवेश भारती, रविंद्र सिंह, रामनरेश डायरेक्टर उपस्थित रहे।

**एनएसबीवीएम में मना विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस, रायबरेली:** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक प्रदीप शर्मा ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि यह एक वैश्विक वार्षिक कार्यक्रम है जो प्रत्येक सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य जीवन बचाने में प्राथमिक चिकित्सा की भूमिका के संबंध में लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2025 की थीम 'प्राथमिक चिकित्सा और जलवायु परिवर्तन' के विषय में बताते हुए कहा कि जनजीवन में प्राथमिक चिकित्सा कौशल का महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### गाड़ियों में तोड़फोड़ के साथ हुई फायरिंग

**लालगंज, रायबरेली:** कस्बे के बृजेंद्र नगर मोहल्ले में आधी रात एक घर के बाहर खड़े दो चौपाहिया वाहनों समेत एक बाइक पर पथराव कर तोड़फोड़ की गई। वाहन स्वामी के बाहर निकलने पर उन पर फायर भी किया गया। मामले की सूचना पर रात में ही पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बृजेंद्र नगर मोहल्ला निवासी हरिकेश सिंह ठेकेदारी का काम करते हैं। शुक्रवार की रात घर के बाहर उनकी आर्टिका व स्कॉर्पियो कार के साथ ही बुलेट खड़ी हुई थी। रात 12 बजे के लगभग दो चौपहिया वाहनों से पहुंचे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने ईंटे व डंडों से तीनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दीं। तोड़फोड़ सुनकर जब हरिकेश सिंह घर से बाहर निकले तो उन पर फायर भी किया गया। हरिकेश सिंह का कहना है कि तोड़फोड़ करने वाले लोग पहले बृजेंद्र नगर से लालगंज की तरफ दो कारों से गए और कुछ देर बाद वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने फायरिंग की व कार लेकर फरार हो गए। पूरी घटना उनके घर समेत बगल में स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान के सीसी कैमरे में कैद हुई है।

# सेवा ही संगठन हर कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक

संवाददाता, बछरांवा (रायबरेली)


नगर पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

- 17 से चलाया जाएगा भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान
- भाजपा की कार्यशाला में वरिष्ठ नेता ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित नगर पंचायत के सभागार में सेवा पखवाड़ा को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री एडवोकेट सरोज गौतम ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया मंत्र "सेवा ही संगठन" हर कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा अभियान चलाएगी। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता, प्रदर्शनी कार्यक्रमों के जरिए जनहित को मजबूती दी जा सकती है। मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, विपिन बाजपेई, मंडल महामंत्री रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, युवा हरिओम चतुर्वेदी, प्रीति पांडे, नेहा अवस्थी, रीता वर्मा, सुमन, वीरेंद्र त्रिवेदी, राजेश त्रिवेदी, राजकरन, प्रभात शर्मा, आशुतोष रावत, मनीष गुप्ता, आसाराम मौजूद रहे।

**भाजपा के गेगासों मंडल की बैठक हुई संपन्न, लालगंज, रायबरेली:** भारतीय जनता पार्टी मंडल गेंगासो की सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। कार्यशाला में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर, रक्त दान शिविर, स्वच्छता अभियान सहित प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के कार्यक्रम की योजना बनाने हेतु बैठक में चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, दल बहादुर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, चंद्रिका प्रसाद शुक्ला, गोपाल पांडे, बैजनाथ गौड़, रविंद्र मिश्रा, बृजेंद्र बाजपेई, अभिषेक शुक्ला, वीरेंद्र पटेल, नीरज पांडे, विजय पासवान, सत्यम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## आयोजन

### हिंदी दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम में शिक्षकों ने भाषा के महत्व के बारे में जानकारी

# जनमानस की सबसे प्रिय भाषा है हिंदी : केशर बक्स

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)


केशर बक्स सिंह।


शालिनी पाण्डेय।

**अमृत विचार।** हिंदी भाषा बोलने वालों की बात करें तो यह भाषा साल दर साल लोगों में पैठ बनाती जा रही है। और हाल के दशकों में दर्शन, कला संस्कृति, फिल्म, टेलीविजन और संचार के तमाम क्षेत्रों में हिंदी की पकड़ मजबूत हुई है। 2011 के आंकड़ों के मुताबिक देशभर की आबादी के 44.63 फ़ीसदी लोगों की मातृभाषा हिंदी मातृभाषा हिंदी है। यह आंकड़ा 2001 से 41.03 फीसद रहा है। इसके बाद बंगाली और मराठी भाषा का स्थान आता है।

हिंदी दिवस के मौके पर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ में तैनात शिक्षक केशर बक्स सिंह हिंदी की कई विधाओं में कविता, गीत, मुक्तक, छंद गजलों का सृजन व रचना करते हैं। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हिंदी के महत्व के बारे में बताया कि वैदिक साहित्य की भाषा संस्कृत के बाद पाली, प्राकृत, अपभ्रंश का विकास हुआ है। जिससे जन्मी हिंदी न केवल अधिकाधिक जनमानस की प्रिय भाषा है। वहीं संविलियन विद्यालय कुबना की हिंदी विषय की शिक्षिका शालिनी पाण्डेय ने कहा कि सबसे अधिक हिंदी भाषी उत्तर प्रदेश में है। इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा का स्थान आता है। इसके अलावा हिंदी भाषा में अवधी, प्रतापगढ़ी, पूर्वी, आदि क्षेत्रीय भाषाओं का बोलचाल में प्रमुखता से प्रचलन है।

### सभी भाषाओं का अपना-अपना महत्व: शालिनी


प्रतियोगिता में भाग लेते बीएमपीएस के बच्चे।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस सप्ताह मनाया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की सह प्रशासनिक सचिव शालिनी सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, जिसका हम सभी भरपूर उपयोग करते हैं किंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी भाषाओं का अपना–अपना महत्व है। भाषण प्रतियोगिता, वाद–विवाद, कहानी वाचन, सस्वर कविता वाचन, पोस्टर मेकिंग आदि के द्वारा बच्चों ने अपनी आंतरिक प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में विशोक तिवारी, आदर्श त्रिवेदी, अंशिका तिवारी, नंदिनी सिंह, ईशा गुप्ता, स्तुति सिंह आदि ने अपने आंतरिक भावों को भाषण के माध्यम से व्यक्त किया। वाद–विवाद प्रतियोगिता में सेजल सिंह, विश्वास मिश्रा, शताक्षी सिंह, अजय प्रताप सिंह ने अपने विचारों को व्यक्त किया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप, काव्या गुप्ता, अनन्या सिंह ने अपने स्मरण शक्ति के द्वारा अपने भावों को व्यक्त किया। कविता सस्वर वाचन में अनन्या यादव, आरोही यादव, जानवी बाजपेई, ध्रुव सिंह ने सस्वर वाचन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अनन्या, केअदिति, आराध्या यादव, अपराजिता, अंशिका पांडे, अर्पित मौर्य आदि ने अपने आंतरिक भावों को पोस्टर के माध्यम से व्यक्त किया। यहां शिरीष तिवारी, संगीत सिंह, लता सिंह, प्रीति श्रीवास्तव व यशबहादुर यादव आदि रहे।

### खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 से

**अमावां, रायबरेली:** युवा कल्याण विभाग और खेल विभाग की ओर से 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक सांसद व विधायक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंजू यादव ने बताया सितंबर माह में 21 तारीख से शुरू होने वाली विधायक खेल प्रतियोगिता 31 अक्टूबर तक चलेगी। 31 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो और बैडमिंटन शामिल है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतियोगी बालक बालिकाओं को युवा साथी पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

# नन्हे हाथों की मासूम कलाकारी ने शब्दों को दिया सुंदर रूप

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)



पुरस्कृत किए गए बच्चों के साथ अभिभावक और विद्यालय परिवार।

**अमृत विचार।** शनिवार को नगर के गायत्री नगर में स्थित माई छोटा स्कूल में हिंदी पखवारा के तहत सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्हें सम्मानित किया गया।

छोटे-छोटे बच्चों ने अक्षरों की सुंदरता के साथ साथ अखंडता, सामंजस्य, लय और वंश का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने अक्षरों के डिजाइन और निष्पादन पर पूरा ध्यान केंद्रित किया, जिससे शब्द देखने में सुंदर और सामंजस्य पूर्ण लग रहे थे। यह आयोजन ग्रैंड पैरेंट्स डे के अवसर पर किया गया था। सुलेख प्रतियोगिता में देवांशी, अनमोल, एकाग्र, दिशांत को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की दोहा संवाद में अयांश, शिवि प्रथम रहे। इसके बाद अनिका, अनाया, तनिष्का, वनिश्का, नीति, आव्या द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति से वाहवाही बटोरी। इस मौके पर हुसैन, सम्यक, कुमार कार्तिकेय मिश्रा, अथर्व, अन्वी गुप्ता आदि बच्चों द्वारा बनाए गए पुष्पगुच्छ से अभिभावकों व बच्चों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से छात्र झुलसा, गंभीर

**नसीराबाद, रायबरेली :** कोचिंग पढ़ने आए किशोर की 33 हजार बिजली की लाइन की चपेट में आने से झुलस गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिरोज आलम निवासी निरही का पुरवा कक्षा 9 का छात्र ट्यूशन पढ़ने जायस - सलोन मार्ग पर बने अनुभव शिक्षा निकेतन में आता था। शनिवार को ट्यूशन पढ़ रहा था। छत के बगल से 33 हजार केवी लाइन की चपेट में आ गया। इससे झुलस कर नीचे गिर गया। तड़पता देख बच्चे डर गए और अध्यापकों द्वारा पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख रायबरेली रेफर कर दिया गया।

### नामजद अभियुक्तों को भेजा गया जेल

**रायबरेली :** डीह पुलिस ने शिक्षक के साथ मारपीट करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शिक्षक धीरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि वह पंचायत निर्वाचन के राजकीय कार्य से खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जा रहे थे। ब्लॉक सभागार के आगे डीह कस्बे के कृपाशंकर, लाला, धर्मचंद्र व एक अज्ञात महिला आए और उसकी कार के शीशे को तोड़ दिया। शिक्षक का आरोप है कि उसे मारा पीटा गया और उसका मोबाइल छीन कर बीस हजार रुपए मंगवाने के लिए बोला गया। उसे करीब एक घंटे तक बंधक बनाया गया। डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### वार्षिकोत्सव आज

**महराजगंज, रायबरेली :** हिंदी काव्य कलश मंच की ओर से 14 सितंबर को ब्लाक सभागार में छठा वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। काव्य कलश मंच परिवार के कार्यक्रम में इस बार भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहित्यकार, शिक्षक व पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कलश मंच के अध्यक्ष प्रवीण त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह रहेंगे।

### मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**लालगंज, रायबरेली :** कोतवाली क्षेत्र के सांड़ी मजरे उदवामऊ निवासी विजय सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उसका कहना है कि उसके गांव के ही पड़ोसी और उनका पुत्र व दो महिलाओं ने उनके परिवार का जीना दूभर कर रखा है। पीड़ित ने थाना दिवस में शिकायत करते हुए तहसीलदार शिवम राठौड़ से बताया कि प्रतिपक्षियों ने उनके दरवाजे सहन की भूमि पर मौरंग डाल रखी थी और रास्ते तक घूरा फैला दिया। शिकायत करने पर एसडीम के द्वारा गठित राजस्व व पुलिस की टीम ने शुक्रवार को जाकर मौरंग व घूर हटवा दिया था। पुलिस के वापस आने के बाद विपक्षियों फिर से उसके दरवाजे पर खूंटा गाड़कर मवेशी बांध दिया। वही जब मामले की जानकारी तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक से ली तो उन्होंने बताया कि पुलिस टीम भेज कर खूंटा हटवा दिए गए हैं। पीड़ित ने विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर हुई कार्यशाला

**मुसाफिरखाना, अमेठी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा मंडल मुसाफिरखाना की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आदर्श सेवा समिति परिसर में संपन्न हुई कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल ने की।

# अस्पताल में बढ़ी बुखार पीड़ितों की संख्या

## जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे 1100 से अधिक मरीज, हुई परेशानी


संयुक्त जिला चिकित्सालय की ओपीडी में लगी मरीजों की कतार। अमृत विचार

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार को बुखार पीड़ितों की संख्या में वृद्धि देखी गई। अस्पताल में 1149 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 635 मरीज बुखार से पीड़ित थे। यह संख्या बीते शुक्रवार की तुलना में 14 अधिक है। अस्पताल में मरीजों की भीड़ अधिक होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों को लाइन में लगकर अपने नंबर आने का इंतजार करना पड़ा। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा के लिए सभी तरह की दवाएं उपलब्ध कराई हैं।

शनिवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में 1149 मरीजों ने पंजीकरण कराया। डॉक्टरों के परीक्षण में सबसे अधिक संख्या बुखार पीड़ितों की 635 रही। जो बीते शुक्रवार से 14 अधिक रही। वहीं खांसी व कफ से संबंधित 181, सर्दी के 189, जुकाम के 171, दर्द के 195, लूज मोशन के 121, शरीर में पानी की कमी के 21 व मानसिक के 135 मरीजों ने परीक्षण व उपचार कराया। उधर, सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल ने वायरल बुखार से बचने के लिए पानी को उबालकर ठंडा होने के बाद पीने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित को आदेश दिया गया है।

वहीं चिकित्सक डॉ. शुभम पांडेय ने कहा कि बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। अस्पताल के डॉ. पीतांबर कनौजिया ने सलाह देते हुए बताया कि कि स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम बुखार जैसी बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और पानी को उबालकर पीएं।

### ग्रामीणों को नहीं मिल रहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लाभ



बंद पड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर।

**तिलोई (अमेठी), अमृत विचार।** तहसील तिलोई विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत फत्तेपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में ताला लटकता रहता है। सिर्फ हफ्ते में 1-2 दिन खानापूर्ति करने के लिए ही खोला जाता है। यह आयुष्मान आरोग्य मन्दिर ग्रामीणों की सुविधा के लिए निष्प्रयोजित साबित हो रहा है। वहीं ग्रामीणों में मुकेश मिश्रा, रामराज, गुड्डू तिवारी,रिंकू बाजपेई, मदन गोपाल मिश्रा, अमरनाथ पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर अंजू गौतम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी व एएनएम ज्योती मिश्रा की तैनाती की गई है तो इस केन्द्र को प्रतिदिन समय से क्यों नहीं खोला जाता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए इस आयुष्मान आरोग्य मन्दिर को प्रतिदिन खुलवाए जाने की मांग की है। वहीं इस मामले को लेकर जब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी सुनील चौधरी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नही था जानकारी मिली है मामले की जांच करवाई जाएगी और केन्द्र प्रतिदिन समय से खोला जाएगा।

### मार्ग पर दबंग का कब्जा मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** खालिस बाहरपुर गांव में एक दबंग ने सार्वजनिक खड़ंजा मार्ग पर गांव के दबंग के कब्जा करने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने इस मामले में स्थानीय प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। यह मामला शुकुलबाजार थाना क्षेत्र के खालिस बाहरपुर गांव का है, जहां एक सार्वजनिक खड़ंजा गांव के प्राचीन महारानी जी के मंदिर तक जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही अजय यादव पुत्र माता प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ इस रास्ते पर बोरिंग करवा दी है और अपने जानवर बांध दिए हैं, जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में उपजिलाधिकारी और स्थानीय पुलिस से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अनदेखी से हताश होकर गांव की निवासी ममता पांडे, प्रधान रामराज, सचिव अमित कुशवाहा व अन्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को एक प्रार्थना पत्र भेजकर मार्ग पर अवैध कब्जे को तत्काल हटाने की मांग की है।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के आरोपी सगे भाई गिरफ्तार


पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**संवाददाता, तिलोई (अमेठी)**

**कार्रवाई**
- सराय महेशा गांव के पास का मामला, अन्य साथी फरार

**अमृत विचार।** जायस पुलिस व स्वाट टीम ने शनिवार की तड़के मुठभेड़ में गोकशी करने जा रहे दो सगे भाइयों आजाद और सरताज को गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल दोनों भाइयों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। इनके पास से दो तमंचे, चार कारतूस, लकड़ी का ठीहा, चाकू, चापड़, रस्सी, टार्च, पन्नी, बोरी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई।

जायस थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह और स्वाट प्रभारी अनूप कुमार सिंह टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि सराय महेशा गांव के पास जायस के कंचना निवासी आजाद, सरताज व दो तीन अज्ञात लोग गोकशी करने जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो भाई घायल हो गए। जबकि, उनके अन्य साथी मौके से भाग निकले। आजाद और सरताज ने पूछताछ में 11 सितम्बर की रात सराय महेशा गांव में गोकशी की घटना करना स्वीकार की है। दोनों शातिर अपराधियों पर अमेठी और रायबरेली में गोवध निवारण अधिनियम, चोरी, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

गोकशी की सूचना मिलने पर जैसे ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी शुरू की तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। ऐसे में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो दो बदमाश गोली लगने से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। जबकि उनके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाशों से पूछताछ की गई तो दोनों ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि वे सगे भाई हैं। पुलिस की गोली का शिकार आज़ाद पुत्र अल्लू (28 वर्ष) और सिरताज पुत्र अल्लू (32 वर्ष) निवासी ग्राम कंचाना, थाना जायस के हैं। दोनों के पैरों में गोली लगी थी। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल भेजा है।

**बदमाशों का आपराधिक इतिहासः** आजाद पुत्र अल्लू पर रायबरेली और अमेठी के थानों में गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और कई संगीन धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। जबकि सिरताज पुत्र अल्लू पर अमेठी जिले में गोवध, गैंगस्टर एक्ट, महामारी अधिनियम, मारपीट और सार्वजनिक शांतिभंग जैसे मामलों में आठ मुकदमे दर्ज हैं।

वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना जायस व स्वाट टीम अमेठी द्वारा पुलिस मुठभेड़ में गोकशी की योजना बना रहे अन्तर्जनपदीय दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी व कब्जे से दो तमंचा, चार जिन्दा कारतूस, तीन खोखा कारतूस 315 बोर, गोकशी के विभिन्न उपकरणों तथा घटना में प्रयुक्त एक बाइक की बरामद हुई है।

# घरेलू विवाद के बाद युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे स्वयंबर गांव में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक ने जहरीला पदार्थ खाने के बाद खुद कोतवाली पहुंचकर उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने सबसे पहले युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और उसके परिजनों को जानकारी दी। इलाज के बाद पुलिस ने परिजनों के साथ युवक को समझा-बुझाकर घर भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और युवक को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में संवेदनशील कार्रवाई करते हुए युवक को समय पर इलाज मुहैया कराया और परिजनों को भी मामले की जानकारी दी। कोतवाली पहुंचे युवक ने पुलिस को बताया कि आएदिन घर में पत्नी से विवाद के चलते उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया था। वहीं मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# मतदान करके बच्चों ने समझी चुनाव प्रक्रिया

**संवाददाता, अमावा (रायबरेली)**

- निर्धारित पदों के लिए हुए चुनाव में हुई वोटिंग प्रक्रिया


स्कूल में मतदान करती छात्रा।

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय डिघिया विकास खंड अमावा जनपद रायबरेली में कक्षा 6 से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के ईको क्लब के अन्तर्गत विभिन्न पदों का चुनाव कराया गया। निर्धारित पदों के लिए हुए चुनाव में वोटिंग प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों ने अपने वोट डाले। उक्त चुनाव में पोलिंग पार्टी एवं सुरक्षाकर्मी के रूप में भी बच्चों की तैनाती की गई, समस्त चुनाव कार्य बच्चों के द्वारा ही संपन्न कराए गए स्कूल में प्रधानमंत्री एवं उपस्थित मंत्री आदि का चुनाव सकुशल संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापक रेणु मेहरोत्रा ने बताया कि इस प्रकार के क्रियाकलापों से छात्र-छात्राओं को चुनाव की प्रक्रिया का ज्ञान होता है। इस चुनाव प्रक्रिया को नवाचार के रूप में (आओ करके देखें) उन्हें स्वयं करने पर ज्ञान होता है कि वास्तविक चुनाव किस प्रकार आयोग द्वारा कराए जाते हैं। किस प्रकार बड़े होकर (18 वर्ष की उम्र पूरी करने पर) उन्हें अपने वोट का प्रयोग बिना किसी डर और भय रहित वातावरण में करना है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रेणु मेहरोत्रा, प्राचार्य अनीता प्रियदर्शी, बृजेश कुमार मिश्रा, लक्ष्मी शर्मा, राजेंद्र कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। विभिन्न पदों के लिए चुने गए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई।

### एचएएल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

**अमेठी, अमृत विचार।** डीएवी सरदार पटेल पब्लिक स्कूल, बारा, प्रयागराज में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 (क्लस्टर स्तरीय) में डीएवी पब्लिक स्कूल, एचएएल कोरवा, अमेठी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती।विद्यालय ने अंडर-14, 17 और 19 वर्ग में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, चेस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो व एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन विद्यालय के लिए गर्व की बात है और हमें उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक पूजा सिंह, उपकार पांडेय एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गया व जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर निकले 24 दंपति

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी जिले के भेंटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर दुआरा निवासी संतोष कुमार सिंह ने 24 दंपतियों को गया व जगन्नाथ पुरी री यात्रा पर भेजने का सराहनीय कार्य व अनोखी पहल की है। वर्तमान समय में पितृ पक्ष चल रहा है और लोग अपने पितरों के मोक्ष के लिए अयोध्या, वाराणसी और गया में श्राद्ध, पिंडदान व तर्पण कर श्री जगन्नाथ पुरी का दर्शन कर अपने पितरों को तृप्त कर मोक्ष प्राप्त करने की कामना करते हैं। क्षेत्र के समाजसेवी सन्तोष ने तीन साल पहले अपने पितरों की पितृ क्रिया करने, क्षेत्र में दो बार राम कथा और एक बार श्रीमद्भागवत कथा कराने के बाद उन लोगों को गया जगन्नाथ पुरी यात्रा पर भेजने का संकल्प लिया था कि जो असमर्थ हैं और मन में लालसा रखते थे। इस पितृ पक्ष में उसे पूरा करते हुए उन्होंने 24 दंपत्तियों को अयोध्या, वाराणसी और गया में श्राद्ध, पिंडदान व तर्पण कर श्री जगन्नाथ पुरी का दर्शन करने के लिए 12 दिवसीय यात्रा पर भेजा। संतोष सिंह ने बस की बुकिंग करने के साथ एक खाना बनाने वाली टीम को मय राशन, बर्तन व गैस सिलिंडर के साथ भोजन व्यवस्था के लिए भेजा है। क्षेत्र के टीकरमाफी आश्रम से सभी यात्रियों का पैर धोकर, टीका लगाया, माला पहनाया और सभी को एक तौलिया, फल और मिष्ठान के साथ दक्षिणा देकर विदा किया।

### युवती को बंधक बनाकर की गई छेड़खानी

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** थाना क्षेत्र शुकुल बाजार अंतर्गत एक गांव में रात लगभग नौ बजे शुक्रवार रात को एक युवती ने आरोप लगाया है कि गांव के ही दो गैर समुदाय के लोगों ने उसे बंधक बनाकर मारपीट व छेड़खानी की। साथ ही जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवती की मां ने पुलिस को शिकायत पत्र में बताया कि शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे वह घर के पर अकेले मौजूद थी, तभी मोलहे पुत्र कयूम और मुनाफ का बेटा वहां आ पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने उसे जबरन पकड़कर छेड़खानी की व दोनों हाथ बांधे और बंधक बना लिया। इस दौरान उन्होंने उसके साथ छेड़छाड़, गाली-गलौज और हाथ से मारपीट की। पीड़ित युवती ने आरोप लगाया है कि घटना के तुरंत बाद उसने अपने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई वे मौके पर पहुंचे उसके परिजन और गांव के कई लोगों ने घटना की पुष्टि की है। वहीं शनिवार सुबह पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायती पत्र सौंपा है। वहीं थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कराई जा रही है।

# विसर्जन के दौरान साफ-सफाई रहे व्यवस्थित

**संवाददाता, संग्रामपुर (अमेठी)**


दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर घाट का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**निर्देश जारी**
- डीएम व एसपी ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर रामघाट का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** शनिवार को जिले के जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस कप्तान अर्पणा रजत कौशिक ने थाना संग्रामपुर क्षेत्र के मालती नदी रामघाट ठेंगहा का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम अमेठी आशीष सिंह को विसर्जन के दृष्टिगत घाट पर पर्याप्त गोताखोरों की व्यवस्था करने का निर्देश दिए। ब्लॉक संग्रामपुर को साफ-सफाई की व्यवस्था सौंपी गई। वहीं बिजली प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था राजस्व विभाग को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मूर्ति विसर्जन को लेकर अन्य सहायक उपकरण की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विसर्जन के दौरान साफ-सफाई व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षित और शान्ति व्यवस्था में मूर्ति विसर्जन का सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अमेठी अर्पणा रजत कौशिक ने सीओ अमेठी मनोज मिश्रा विसर्जन दृष्टिगत आवाश्यक संख्या में पुलिस व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी आशीष सिंह,सीओ मनोज मिश्रा,थाना प्रभारी संग्रामपुर अखिलेश सिंह राजस्व निरीक्षक राजकुमार सिंह, रामघाट सेवा समिति ठेंगहा के अध्यक्ष अनुपम मिश्रा,संरक्षक करूणेश मिश्रा सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

**मुसाफिरखाना में केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न,** **मुसाफिरखाना अमेठी :** शनिवार को क्षेत्र की शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्थानीय डाक बंगला वन विभाग में किया गया। यह बैठक मुसाफिरखाना एसडीएम अभिनव कनौजिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले की सभी दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि साथ ही शासन प्रशासन के अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी विनय वर्मा विद्युत विभाग से जे ई व प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह बैठक में मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दुर्गा पूजा पर्व के दौरान संभावित समस्याओं को चिन्हित कर उनका समुचित समाधान निकालना था। विभिन्न समितियों द्वारा पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन, और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंध पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग आवश्यक है। सनातन धर्म में दुर्गा पूजा महोत्सव हमारे सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक है और यह परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। आयोजित बैठक के अवसर पर सुरेश अग्रहरि, राहुल कौशल,संतोष श्रीवास्तव, अंशुमान टंडन, अभिषेक तिवारी, बलराम अग्रहरि, उदय सिंह, उत्कर्ष गुप्ता, शिव शंकर अग्रहरी, राकेश कौशल सभासद शिवम मौर्य तथा लवकुश चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समस्या**

**गौरीगंज के प्राथमिक विद्यालय महुआबोझी का मामला**

# 1.6 किमी दूरी, फिर भी बंद कर दिया विद्यालय

**संवाददाता, अमेठी**



खंड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही से बंद पड़ा प्राथमिक विद्यालय महुआ बोझी।

**अमृत विचार।** गौरीगंज के प्राथमिक विद्यालय महुआबोझी के विलय को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों ने विरोध किया। डीएम के निर्देश पर गठित टीम ने जब स्कूल के बीच की दूरी नापी गई, जिसमें एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय की दूरी एक किलोमीटर 600 मीटर निकलकर आई है। ज्यादा दूरी पाए जाने के बावजूद गौरीगंज के प्राथमिक विद्यालय महुआबोझी को बंद करके उसका विलय अन्य विद्यालय में कर दिया गया है, जिससे गांव के बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि कम्पोजिट विद्यालय वसायकपुर की दूरी लगभग दो किलोमीटर है, जो एक किलोमीटर से अधिक है। उत्तर प्रदेश के शिक्षामंत्री के निर्देश के अनुसार, जिन विद्यालयों की दूरी एक किलोमीटर से अधिक है, उनका स्वतंत्र संचालन होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय महुआबोझी लगभग तीन माह से बंद है, जिससे बच्चों के भविष्य और बाल शिक्षा अधिकार का हनन हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज की लापरवाही के कारण विद्यालय बंद है। उप जिला अधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी ने एक टीम गठित कर स्कूल की दूरी नापी, जिसमें पाया गया कि दूरी एक किलोमीटर 600 मीटर है।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र के विद्यालय का विलय करने से रोका जाए ताकि बच्चों को अपने नजदीकी विद्यालय में पढ़ाई करने का अवसर मिल सके। वहीं इस मामले में शिक्षकों और अभिभावकों का विरोध जारी है, क्योंकि उनका मानना है कि विद्यालय के विलय करने से बच्चों की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी और गरीब बच्चों की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ जाएगी। गांव के जयकरण यादव, रामविकल यादव, अमित यादव, ग्राम प्रधान लोहरता सीमा शुक्ला, कुसुम लता मिश्रा सहित दर्जनों अभिभावकों ने जिला अधिकारी से गुहार लगाई है कि प्राथमिक विद्यालय महुआबोझी का संचालन शीघ्र ही शुरू कराया जाए। जिससे कि गांव के बच्चों के साथ गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके और उनका शिक्षण कार्य बाधित न हो।

### गुरु हमारे जीवन की सबसे बड़ी शक्ति

**रायबरेली।** न्यू लाइट इंस्टीट्यूट रोशनी कॉम्प्लेक्स जगदीशपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कंपोजिट विद्यालय जगदीशपुर की सहायक अध्यापिका अजीता सिंह रहीं। उन्होंने कहा कि हमें अत्यधिक गर्व की अनुभूति होती है। हमारे सरकारी स्कूल के पढ़े हुए होनहार छात्रों ने अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए ऐसा संकल्प लिया है कि गरीब और मेधावी छात्रों को कोचिंग के माध्यम से निशुल्क शिक्षा देंगे। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक न केवल ज्ञान देता है, बल्कि जीवन में सही मार्ग भी दिखाता है। इस दौरान छात्रा प्रिया ने कहा-गुरु हमारे जीवन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। इस दौरान कोचिंग संचालक विक्रम, अनूप, संजय, बालकृष्ण और कोमल ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

# व्यापारियों ने लिया संवाद कार्यक्रम में हिस्सा

**संवाददाता, रायबरेली**


सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रतापुर स्थित सामुदायिक केंद्र में समृद्ध भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने की। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, श्रमिक संघ, आशा कार्यकर्ता संघ सहित व्यापारिक, उद्यमी एवं प्रबुद्ध जनों ने संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि देश का हर नागरिक विश्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में देखना चाहता है, परंतु व्यापारियों, उद्यमियों को पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण प्रदेश में निवेश की गति धीमी पड़ जाती है, यदि कोई अपनी कृषि योग्य जमीन या आवासीय जमीन पर सूक्ष्म लघु उद्योग की स्थापना करना चाहता है तो भूमि यूज परिवर्तन फ्री होना चाहिए, प्रगति में सबसे बड़ी बाधा विकास प्राधिकरण निवेशक ईमानदारी से नक्शा पास कर के यदि कोई प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है तो छोटी-मोटी त्रुटि पर प्राधिकरण द्वारा घोर उत्पीड़न किया जाता है। इस मौके पर पद्मश्री सुधा सिंह, प्रभाकर गुप्ता, संदीप जैन, संदीप शुक्ला, चंद्र प्रकाश गुप्ता, केके गुप्ता, पंकज प्रजापति, दिलदार राइनी, वीके रावत, शिखर श्रीवास्तव, आलोक सिंह, मोहम्मद दोस्त राइनी, डीएस मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# एचओडी पर भड़का नर्सिंग स्टाफ, दो घंटे चला हंगामा

## मरीज के परिजनों द्वारा मारपीट की शिकायत करने पर इमरजेंसी यूनिट के एचओडी ने स्टाफ को ही फटकारा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** किशोरी की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज में जमकर बवाल हुआ। इस दौरान दो घंटे तक स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रहीं। किशोरी की मौत से बदहवास उसकी मां ने नर्सिंग स्टाफ पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे नर्स का सिर फट गया। उसके बाद किशोरी के घर वाले शव लेकर चले गए। उधर मारपीट की शिकायत लेकर जब नर्सिंग स्टाफ इमरजेंसी यूनिट के एचओडी के पास पहुंचा तो आरोप है कि एचओडी उल्टे नर्सिंग स्टाफ को ही फटकारने लगी। जिसके बाद शनिवार की सुबह पूरा नर्सिंग स्टाफ एचओडी को हटाने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गया। करीब दो घंटे तक मान-मनौव्वल चला,तब कहीं जा कर बात बन सकी।


मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी यूनिट के एचओडी के खिलाफ प्रदर्शन करता नर्सिंग स्टाफ।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम बेहटा गोकुल थाने के हुसैनापुर निवासी जितेंद्र सिंह की 12 वर्षीय बेटी निहारिका सिंह को जहरीला पदार्थ खाने के बाद भर्ती कराया गया था, वहां कुछ देर चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत से बदहवास हुई उसकी मां प्रिया ने नर्सिंग स्टाफ मनीष के सिर पर ईंट दे मारी। जिससे उसका सिर फट गया। कुछ देर तक हंगामे के बाद मामला शांत हो गया। शनिवार की सुबह वहां पहुंचे इमरजेंसी यूनिट के एचओडी अमित आनंद को रात में जो हुआ, उस बारे में बताया गया, लेकिन एचओडी उल्टे नर्सिंग स्टाफ को ही फटकारने लगे। आक्रोशित होकर पूरा नर्सिंग स्टाफ काम-काज छोड़ कर धरने पर बैठ गया। उसका कहना था कि कोई कार्यवाही करने के बजाए एचओडी ने उल्टे उन्हे ही फटकारा। एचओडी के ऐसे रवैए से लाल हुआ नर्सिंग स्टाफ उन्हे हटाने की मांग पर अड़ गया। इसका पता होने पर सीएमएस डा.चन्द्र कुमार ने सारी बात सुनी और कड़ी कार्यवाही करने का भरोसा देते हुए नर्सिंग स्टाफ को शांत किया,तब कहीं मेडिकल कालेज की व्यवस्था बहाल हो सकी।

### बवाल के समय चौकी पर नहीं थी पुलिस

मेडिकल कालेज की सुरक्षा व्यवस्था के लिए वहां पुलिस चौकी स्थापित की गई,लेकिन शुक्रवार की रात जब वहां बवाल हुआ, उस वक्त पुलिस चौकी बिल्कुल खाली थी, वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था जो लोगों को शांत कराता। नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि ऐसे तो पहले ही सही था, जब पुलिस चौकी नहीं थी। कम से कम यूपी-112 पर कॉल करते ही पुलिस पहुंच तो जाती थी।


जानकारी देता घायल नर्सिंग स्टाफ मनीष व मृतका निहारिका सिंह की फाइल फोटो।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दर्जन से अधिक लोगों ने ली सदस्यता

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद कमर खान के बिलग्राम स्थित कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक लोगों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर ग्राम आलमपुर, मजरा सदरपुर, ब्लॉक माधौगंज सहित आसपास के कई गांवों से किसान और स्थानीय लोग कार्यालय पहुंचे। सभी नए सदस्यों को राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद कमर खान ने संगठन में शामिल करते हुए सदस्यता प्रदान की।

### पुलिस ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कछौना कोतवाली के उपनिरीक्षक अजय भारती और महिला कांस्टेबल रीता वर्मा व अंजू ने बच्चों को विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि किसी भी तरह की परेशानी, चोरी या लड़ाई की स्थिति में तुरंत 112 पर कॉल करें। महिलाओं की सुरक्षा के लिए वीमन पावर हेल्पलाइन 1090 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 उपलब्ध है।

### किशोरी को भगाने के आरोपी को भेजा जेल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने पांच माह बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने 8 अप्रैल को कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया था कि धनीगंज निवासी मलखान उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने पांच माह बाद युवक को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट की धारा की वृद्धि करते हुए जेल भेज दिया।

## विद्युत टेक्नीशियन से मारपीट में 3 गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम जाजूपारा में सरकारी कार्य से गए विद्युत टेक्नीशियन के साथ अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। शुक्रवार को अजय पुत्र राजेश कुमार निवासी गदनहिया थाना पिहानी द्वारा तहरीर दी गयी कि वह विद्युत उपकेन्द्र राभा में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। वादी ग्राम जाजूपारा में विद्युत लाइन ठीक करने गया था, जहां पर नसीम खां, इस्लामुद्दीन और जावेद खां निवासीगण ग्राम जाजूपारा द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। उपनिरीक्षक शुभम सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नसीम खां, इस्लामुद्दीन, जावेद खां को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है।

## शेर के नहीं, सियार के थे पग चिन्ह

- शुक्रवार रात ग्रामीणों ने गांव में शेर होने की उड़ाई थी अफवाह

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे में शेर की मौजूदगी की खबर अफवाह निकली है। शुक्रवार रात 9:30 बजे ग्राम पंचायत पंडरवा किला में ग्रामीणों ने शेर देखने का दावा किया था। एक पिकअप चालक ने पंडरवा की पानी टंकी के पास शेर देखने की सूचना दी। पूर्व प्रधान रफ्फन खान ने भी शेर देखने का दावा किया। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने रात में ही वीडियो वायरल कर दिया, जिसमें शेर की मौजूदगी का दावा किया जा रहा था।


खेत में मिले सियार के पग चिन्ह।

सुबह होते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर अधिकारी नीलम मौर्य ने पदचिन्हों की जांच की। उन्होंने बताया कि टीम ने पंडरवा, दहेलिया, राभा, नारीखेड़ा, वाजिद नगर और चठिया बुजुर्ग सहित सभी गांवों में कॉम्बिंग की। जांच में मिले पदचिन्ह मात्र 3 सेंटीमीटर के थे, जो सियार के होते हैं। शेर या बाघ के होने के कोई प्रमाण नहीं मिले। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अफवाह राजनीतिक कारणों से फैलाई गई। प्रधानी चुनाव करीब एक साल बाद होने वाला है और चर्चा में बने रहने के लिए यह अफवाह फैलाई गई। बाद में पंडरवा किला मस्जिद से अनाउंसमेंट कर शेर की दहशत को अफवाह बताया गया और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई।

## विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे में स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। लखनऊ पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं के साथ साथ न्यू हाइट्स स्कूल व सेंठ एम आर जयपुरिया स्कूल सहित 14 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम एनराम बिलग्राम द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर किया गया है। 25 मीटर फ्री स्टाइल व 50 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर इंडिविजुअल रिले सहित 29 प्रतियोगिता आयोजित की गई है। 13 लड़कियों से 16 लड़कों से संबंधित प्रतियोगिता हुई है। छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया है।



तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते एसडीएम एन राम।

एलपीएस गोमती नगर शाखा टीम विजेता व एलपीएस माधौगंज शाखा टीम उपविजेता रही है। विजेता व उपविजेता टीमों ने उपलब्धि से अपने विद्यालय व ज़िले का नाम रोशन कर रहे हैं। एलपीएस शाखा माधौगज के बच्चों ने 5 स्वर्ण पदक, 6रजत पदक, 3कांस्य पदक जीत कर नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में ट्राफी स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि गोपी नाथ साहू जरनल सेक्रेटरी, पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम वर्मा, नगर अध्यक्ष अनुराग मिश्रा मौजूद रहे हैं। आये अतिथियों को प्रधानाचार्य के के शर्मा ने तरु शिशु देकर सम्मानित किया गया है।

## जन्मदिन पर पार्टी के बहाने बुलाकर किशोरी से दुष्कर्म

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बर्थडे वाले दिन पड़ोसी युवक पार्टी के बहाने से किशोरी को अपने साथ ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर पाक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने किशोरी से फ्रेंडशिप का हवाला देते हुए दुष्कर्म करना कुबूल किया। शहर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी को उसी के पड़ोसी युवक रुस्तम पुत्र सत्येंद्र और प्रयांशु पुत्र बबलेश जन्मदिन पर पार्टी के नाम पर अपने साथ बुला ले गए। फिर एक गुमनाम ठिकाने पर उसके साथ दुष्कर्म किया। घर पहुंची किशोरी ने परिजनों से पूरी बात बताई। पिता ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी। एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी ने बताया कि दोनों आरोपियों रुस्तम व प्रयांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है, जांच की जा रही है।


पकड़े गए आरोपी युवक।

- पीड़िता के पिता की शिकायत पर केस दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

## राजस्व और पुलिस टीम पर किया हमला

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

- अवैध कब्जा छुड़ाने के लिए निशानदेही शुरू होते ही ग्रामीणों ने चलाए ईंट-पत्थर
- दरोगा की पकड़ी कालर व की धक्का-मुक्की, हमले में पांच पुलिस कर्मियों को आईं चोटें
- ब्लाक प्रमुख की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुन्नापुर मजरा पीपरगांव में मौजूदा ब्लाक प्रमुख की जमीन पर शनिवार को अवैध कब्जा छुड़ाने गयी राजस्व और पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस टीम में मौजूद दरोगा की कालर पकड़ कर धक्का मुक्की करते हुए वर्दी फाड़ दी। पुलिस मामले को शान्त कराने लगी तो लोगों ने ईंट -पत्थर चलाना शुरू कर दिया। जिसमें दरोगा सहित पांच पुलिस कर्मियों को चोटें आयीं है। जिनका भरावन सीएचसी पर इलाज किया गया। राजस्व निरीक्षक ने थाने पर तहरीर देकर पांच पुरुष और पांच महिलाओं पर रिपोर्ट दर्ज करायी है।

राजस्व निरीक्षक रूपचन्द्र द्विवेदी ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उपजिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम पुन्नापुर में अवैध कब्जा छुड़ाने के लिए राजस्व टीम में कानून गो रूपचन्द्र द्विवेदी के साथ चार लेखपाल सुनीत कुमार, कुलदीप कुमार, इन्द्र भूषण, धीरेन्द्र प्रताप और पुलिस टीम में एसआई वीरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अनूप सिंह, महिला कांस्टेबल रिंका, नीरज और कल्पना शनिवार की ग्राम पुन्नापुर गये थे। कब्जा छोड़ने को कहते हुए ज्यों ही निशानदेही शुरु की गयी, त्यों ही वहां पर ग्राम पुन्नापुर के लाल बहादुर, सुशील, शिव प्रसाद, विकास, व पत्थर ताली का साधू और पुन्नापुर की महिलाएं ऊषा, मालती, रामदेवी, नीतू और कोमल मौके पर आकर विरोध करने लगे। पुलिस ने शान्त कराने का प्रयास किया तो विपक्षी लोग और उग्र होकर दरोगा के वर्दी फाड़ दी। ईंट-पत्थर चलाने लगे। शान्त कराने में पुलिस वालों को चोट खानी पड़ी।

### मामले में पहले से दर्ज है एक रिपोर्ट

मौजूदा ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने इसी मामले में 21 अगस्त को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि ग्राम पुन्नापुर मजरा पीपर गांव में उनकी जमीन है। जिसकी पैमाइश होकर डिग्री हो चुकी है। उस पर लाल बहादुर, सुशील, शिव प्रसाद और विकास चारा मशीन और चारा आदि लगाकर जबरिया कब्जा कर लिया है। मना करने पर गाली गलौज मार पीट पर अमादा हो जाते हैं।

### झगड़े की आशंका के बावजूद सतर्क नहीं थी पुलिस

विनोद सिंह तोमर ने अपनी रिपोर्ट में झगड़े पर आमादा होने की जानकारी दी थी। फिर भी कब्जा दिलाने में गयी पुलिस पर्याप्त बल और सतर्कता में नहीं थी जिसके कारण उसको चोट खानी पड़ी वर्दी भी फड़वायी। इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह का कहना है कि कानून गो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कर्मियों को चोटें आयीं हैं सरकारी कार्य में बाधा डाला गया है। कड़ी कारवाई की जायेगी।

## रात भर लापता रहे युवक का सुबह फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई

- शुक्रवार को ही दिल्ली से घर आया था युवक, घर पर अकेली मां बेटे का करती रही इंतजार

**अमृत विचार।** दिल्ली से आया युवक मां से बाज़ार जाने की बात कहकर घर से निकला,उसके बाद वापस नहीं लौटा। शनिवार की सुबह उसका शव गांव के किनारे एक पेड़ में लटका देखा गया। पुलिस ने उसे कब्ज़े में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

सुरसा थाने के तुंदवल निवासी 24 वर्षीय देवेंद्र उर्फ दीपू पुत्र रामसेवक दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई राजकुमार अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है, देवेंद्र उर्फ दीपू भी वहीं काम करता था। पिता रामसेवक की मौत हो चुकी थी, घर में अकेली मां मालती है। शुक्रवार को देवेंद्र उर्फ दीपू मां से कहकर सेमरा चौराहा की बाज़ार करने निकला था,उसके बाद से नहीं लौटा। मालती उसकी राह देखती रही।


मृतक देवेंद्र की फाइल फोटो।

शनिवार की सुबह कुछ लोगों ने बताया कि देवेंद्र उर्फ दीपू का शव गांव के दक्षिण अंधर्रा रोड पर महिपाल के खेत में पेड़ में रस्सी से लटक रहा है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या की असल वजह तलाशी जा रही है।

## पुलिसकर्मियों को दिया अग्निशमन का प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को तैयार करने हेतु जीआरपी थाने पर शनिवार को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में हुआ, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान फायर स्टेशन हरदोई के प्रभारी निरीक्षक शिवराम यादव मौजूद रहे।

## 'ज्ञान का पिटारा' खुलते ही खिलखिला उठे बच्चे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की बालिकाओं और बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को और बेहतर बनाने के लिए और उन्हें मज़ेदार तरीके से पढ़ाने के लिए एजुकेट गर्ल संस्था कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए ज्ञान का पिटारा लेकर आई है। अब बच्चें उछल-कूद करते हुए शिक्षा हासिल करेंगे।

शनिवार को बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में एजुकेट गर्ल संस्था ने 'ज्ञान का पिटारा' खोला। इससे पहले प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने फीता काटकर संस्था के मिशन का शुभारंभ किया। संस्था के राजवर्धन सिंह ने बताया कि बच्चों के बुनियादी कौशल को बढ़ाने, शैक्षणिक आत्म-विश्वास बढ़ाने,समृद्ध शिक्षण अनुभव और शिक्षा से वंचित बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से 'ज्ञान का पिटारा' मिशन की शुरुआत की है। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि 'ज्ञान का पिटारा' बच्चों में बुनियादी साक्षरता और उनके संख्यात्मक कौशल को और बेहतर बनाएगा। इस बीच प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह, प्रबंध समिति के पदाधिकारी, सहायक अध्यापिका रेहाना नसरीन, रुचि पुरी व शिक्षा मित्र प्रशांत कुमार अवस्थी मौजूद रहे।


एजुकेट गर्ल संस्था के मिशन का शुभारंभ करतीं प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून।

## तीन दिवसीय हिंदी दिवस समारोह आज से, होंगे विविध आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार से 16 सितंबर तक तीन दिवसीय हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिताओं के साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

सदन अध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र राही ने बताया कि समारोह का शुभारंभ 14 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे से हिंदी सुलेख प्रतियोगिता से होगा। पूर्वाह्न 11:30 बजे से हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 15 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता तथा पूर्वाह्न 11:30 बजे से हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सदन मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि 16 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से 'तकनीकी क्षेत्र में हिंदी की महत्ता' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्वान वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे।

## बाढ़ से फसल हुई बर्बाद किसान ने की खुदकुशी

**हरदोई, अमृत विचार।** फसल बाढ़ में डूबकर बर्बाद होने से तंगी के शिकार हुए किसान ने फांसी लगा ली। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मल्लावां कोतवाली के जमुलापुर मजरा बसहर नेवादा निवासी 35 वर्षीय उदयभान सिंह के परिवार में पत्नी सरिता और दो बेटे है। उदयभान ने अपने खेत में धान बोए थे, लेकिन बाढ़ आने से पूरी 9 बीघा फसल बर्बाद हो गई, उदयभान ने कर्ज लेकर फसल लगाई थी जो बर्बाद होने से वह तनाव में आ गया और उसने आत्महत्या कर ली।

**आयोजन** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी भाजपा, कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

## 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा जन सेवा के कार्यों का क्रम

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री नारायण सिंह डिग्री कॉलेज में भाजपा की एक बैठक संपन्न हुई। सेवा पखवाड़ा कार्यशाला के नाम से हुई बैठक में जिला महामंत्री सत्येन्द्र राजपूत ने कहा कि पार्टी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। जिसमें 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जन सेवा के विभिन्न कार्य किए जाएंगे। जैसे रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर, महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृति स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम विद्यालय एवं महाविद्यालय में चित्रकला पेंटिंग, प्रतियोगिता ब्लॉक तहसील तथा जनपद स्तर पर सांसद खेलों प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता का संकल्प एवं खादी वस्त्रों को प्रोत्साहन देने के लिये खादी स्टालों पर खरीद के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव तथा पंचायत चुनाव संबंधित टिप्स भी कार्यकर्ताओं को दिए। कार्यशाला में अनुज राजपूत, राघवेंद्र सिंह हरदोई क्रेन गोबर समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, देवराज सिंह,सज्जन तिवारी, रीतराम कश्यप सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शाहाबाद में पखवाड़ा सेवा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई की एक बैठक राम वाटिका चौक में संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने पखवाड़ा सेवा अभियान के अंतर्गत पार्टी हाई कमान के निर्देश पर तमाम कार्यक्रमों को संपन्न करने के टिप्स दिए और बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान के अंतर्गत बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू ने कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। बैठक में देवेन्द्र राजपूत, सुभाष सिंह ,नवनीत गुप्ता, अभय सिंह वर्मा,दौलत राम राठौर, कृति शुक्ला सहित पार्टी पदाधिकारी व शक्ति केन्द्र संयोजक एंव बूथ अध्यक्षगण उपस्थित रहे।


बैठक में बोलते भाजपा के जिला महामंत्री सत्येन्द्र राजपूत। ● अमृत विचार

**शिव बारात शोभायात्रा**

### पठकाना रामलीला मेला की शिव बारात शोभायात्रा निकाली गई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पठकाना रामलीला मेला समिति की शिव बारात शोभायात्रा शुक्रवार को रात्रि नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभा यात्रा को देखने के लिए देर रात तक सड़कों पर भी डटी रही। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। इस शिव बारात शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय के समक्ष हुआ। तत्पश्चात मनोरम झांकियों से सुसज्जित शिव बारात शोभा यात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, गुलाब बैंड चौराहा, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक बालाजी मंदिर होते हुए सरदारगंज पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा का जगह-जगह पर फूल मालाओं पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए देर रात तक सड़कों पर महिलाओं, पुरुष और बच्चों की भीड़ डटी रही। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी पुलिस बल के साथ लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।


शिव बारात शोभायात्रा में सजी मनमोहक झांकी।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 14 सितंबर 2025



न्यूज ब्रीफ

## देसी व अंग्रेजी शराब के ठेकों पर हुई जांच

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आबकारी निरीक्षक ने देसी और विदेशी शराब के ठेकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी रजिस्टरों की जांच की गई। शराब में मिलावट की आशंका को देखते हुए कई बोतलों की भी जांच की गई। आबकारी निरीक्षक ने शराब ठेकों के विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि वे ग्राहकों को शराब खरीदने के बाद आबादी क्षेत्र से बाहर जाकर पीने की सलाह दें। इससे आम जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## डीलर ने नपं अध्यक्ष को दी शव वाहन की चाबी



नगर पंचायत अध्यक्ष को वाहन की चाबी देते वाहन डीलर। ● अमृत विचार

**पाटन उन्नाव, अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से अब कस्बा वासियों को अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। नगर पंचायत बीते एक वर्ष से शव वाहन खरीद के लिए प्रयासरत थी। शुक्रवार को वाहन डीलर ने नगर पंचायत कार्यालय में वाहन की चाबी अध्यक्ष आशीष शुक्ला को सौंपी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनता को सुविधाएं देने के लिए वह पूरा प्रयास करते हैं और करते रहेंगे। बहुत सारी सुविधाएं शासन स्तर से स्वीकृति न मिलने के कारण देर से मिल पाती हैं।

# दो लाख से अधिक वाद निस्तारित

## जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला ने लोक अदालत का किया उद्घाटन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव शुक्ला ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। लोक अदालत में दो लाख से अधिक वादों का निस्तारण किया गया।

नोडल अधिकारी/अपर जिला जज यशपाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों द्वारा 12,428 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 76 वाद, पारिवारिक मामलों के 40 वाद,स्थाई लोक अदालत के नौ एवं जिला प्रशासन द्वारा 6989 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते व अभिस्वीकृति के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना वादों में 44,530,000 रुपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में पीड़ित पक्षकारों को दिलवाई गई। ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से जिला प्रशासन के विभागों द्वारा 2,62,503 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय परिसर में बैंकों के कैम्प लगाए गए, जिसमें विभिन्न बैंकों ने बैंक ऋण से संबंधित 1253 वादों का निस्तारण किया एवं कुल ऋण धनराशि 113,505,000 रुपये का समझौता किया गया व भारत संचार निगम द्वारा 37 वादों का तथा यातायात निरीक्षक द्वारा 7633 ई-चालान का निस्तारण किया गया। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,90,843 वादों का निस्तारण किया गया तथा समझौता धनराशि 178,426,288 रुपये रही। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओ, बैंकों, बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं वादों का निस्तारण कराया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय महेन्द्र नाथ, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण राजेश कुमार सिंह, अपर जिला जज कुसुम लता, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज यशपाल, समस्त न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व बैंक अधिकारी मौजूद रहे।



लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज संजीव शुक्ला। ● अमृत विचार

## तीन इनामी अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल



**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रत्येक पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसपी के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। थाना कछौना पुलिस और एसओजी की टीम ने 12 सितंबर की हरदोई-लखनऊ हाईवे पर डबल नहर पुल के पास अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में गोलू उर्फ विवेक सिंह, प्रभास और रोहित कुमार शामिल हैं। तीनों ग्राम उमरापुर, थाना बधौली, जनपद हरदोई के निवासी हैं।

## सुलह- समझौता से निस्तारित किए गए 1,42,139 वाद

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जनपद न्यायालय परिसर में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने किया। कहा कि सुलह- समझौता से न्यायिक अधिकारी अधिक से अधिक वाद का निस्तारण कराने पर जोर दें। संयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव कविता कुमार सिविल जज सीनियर डिवीजन, संचालन एडीजे आकाश ने किया।

लोक अदालत में कुल 142139 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें 2734 फौजदारी वाद, 19 एनआई एक्ट, 38 मोटर दुर्घटना वाद, 57 वैवाहिक वाद, 403 सिविल वाद, 1088 बैंक ऋण,6 बीएसएनएल एवं स्थायी लोक अदालत के 8 वाद, उपभोक्ता फोरम के 9 वाद, कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से 128146 मामले एवं यातायात पुलिस की ओर से 9631 ई-चालान वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों में 1301641 रूपये का अर्थदंड, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी की ओर से कुल 38 मामलो में विपक्षी बीमा कंपनी से पीड़ित याचीगण को 31470000 रूपये का प्रतिकर दिलाया गया, उत्तराधिकार वादों में 2257086 रूपये का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया। बैंको के बकाया ऋण मामलों में बैंक एवं बकायेदारो के मध्य 72420842 रूपये एवं बीएसएनएल वादों में 1762 रूपये का समझौता हुआ। 57 वैवाहिक मामलों में पति- पत्नी के मध्य सौहार्दपूर्ण समझौता कराया गया।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर घायल पड़े मिले ठेकेदार की मेडिकल कॉलेज में मौत

संवाददाता, हरदोई



- फोन पर बात करते हुए निकला था घर से बाहर बाइक का नहीं चला पता

**अमृत विचार।** फोन पर बात होने पर गंगा एक्सप्रेस-वे का ठेकेदार बाइक से निकला, उसके करीब एक घंटे बाद पता चला कि वह हाई-वे पर पड़ा है, उसके सिर के पीछे चोंट थी, आनन-फ़ानन में उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,उसी बीच उसकी मौत हो गई।

बिलग्राम कोतवाली के बेहटा बुजुर्ग निवासी 36 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र दाताराम निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस-वे मज़दूर उपलब्ध कराने की ठेकेदारी करता था। साथ में काम करने वाले उसके साले सूरज निवासी न्यौली सरैंया थाना माधौगंज ने बताया कि शुक्रवार को वह घर पहुंचा,उसी बीच पीछे से फोन आया,फोन पर बात करते ही विनोद घर से चला गया।बकौल सूरज पंचमखेड़ा के सरोज ने बताया कि विनोद एक्सप्रेस-वे के बैफरिया-बसहर टोल प्लाज़ा के पास फ्लाई ओवर पर पड़ा हुआ है,उसके सिर में पीछे चोंट थी,उसे वहां से उठा कर सीएचसी और वहां से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। विनोद के परिवार में उसकी पत्नी शशि देवी और तीन बेटे शिव ओम,आशू व आयुष है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर के बाहर लटका मिला किसान का शव

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में किसान ने घर के बाहर चांदी के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना जैसे परिजनों को मिली कोहराम मच गया। ग्राम जमलापुर नेवादा पारस निवासी कल्लू यादव जो खेती किसानी का कार्य करते थे। शुक्रवार की शाम को घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर चांदी के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर प्रभारी कोतवाल हरे कृष्ण शर्मा मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# घर के बाहर बच्ची को ऑटो ने कुचला, मौत

संवाददाता, हरपालपुर,हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बांसी गांव में ऑटो की टक्कर लगने से घर के बाहर खेल रही एक मासूम गम्भीर रूप से घायल हो गयी।घटना के बाद घायल मासूम को परिजन इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर ले गए।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरपालपुर थाना क्षेत्र के बांसी गांव निवासी हरिओम की लगभग ढाई वर्षीय पुत्री सुधांशी शनिवार को घर के बाहर खेल रही थी।अचानक एक तेज रफ्तार ऑटो ने उसको टक्कर मार दी।ऑटो की टक्कर लगने से मासूम गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिसे इलाज के लिए परिजन सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।सुधांशी की मौत के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया।उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तथा घटना के बाद चालक ऑटो छोड़कर मौके से फरार हो गया।



घटना के बारे में जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

# ब्लॉक का ताला तोड़कर की कार्यशाला

संवाददाता, हरदोई

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल कार्यशाला के लिए तोड़ दिया ब्लाक में लगा ताला
- ब्लॉक प्रमुख ने निंदनीय कृत्य बताते हुए शिकायत की बात कही
- मण्डल अध्यक्ष ने मांगी माफी

**अमृत विचार।** शनिवार को टड़ियावां ब्लाक मुख्यालय पर लगा ताला तोड़कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्डल कार्यशाला का आयोजन किया। सरकारी कार्यालय का ताला तोड़ने की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। ब्लॉक प्रमुख टड़ियावां रवि प्रकाश ने इसे घटिया कृत्य बताया। वहीं मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि उनकी गैरमौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने ऐसा किया है, इसके लिए उन्होंने माफी भी मांगी।

दरअसल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर स्नातक/शिक्षक एमएलसी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सेवा पखवाड़ा के तहत मण्डल कार्यशाला आयोजित हो रहीं है। शनिवार को टड़ियावां मण्डल की कार्यशाला होनी थी, लेकिन उस दिन छुट्टी थी। शनिवार को ब्लाक मुख्यालय पर ताला लगा था। बताते हैं कि उसी बीच मण्डल अध्यक्ष अम्बरीश द्विवेदी और महामंत्री अमित मिश्रा के साथ तमाम कार्यकर्ता वहां पहुंचे। उन्होंने किसी से कुछ पूछे बगैर ताला तोड़ दिया और कार्यशाला आयोजित की। सरकारी ताला तोड़े जाने से ब्लॉक में हड़कंप मच गया। ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश का कहना है कि इसके लिए पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी। उन्होनें सरकारी ताला तोड़ने को घटिया कृत्य बताया और इसे अनुशासन हीनता कहकर प्रांतीय नेतृत्व से शिकायत करने की बात कही है। वहीं मण्डल अध्यक्ष अम्बरीश द्विवेदी ने माना कि जो हुआ, वह निंदनीय है, लेकिन ऐसा उनकी गैर मौजूदगी में हुआ, इसके लिए माफी मांगते हैं।



ब्लॉक मुख्यालय का तोड़ा गया ताला।

> सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया जाना गैरकानूनी है। इस बारे में डीएम और सीडीओ को चिट्ठी लिखी जाएगी, चूंकि आज जो हुआ, क्या गारंटी कि कल नहीं होगा ? इसलिए कड़ी कार्रवाई जरूरी है।
>
> **-इन्द्रसेन नाथ, बीडीओ**

### मण्डल अध्यक्ष को थी पूरी जानकारी : ब्लाक प्रमुख

ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश ने ब्लाक मुख्यालय का ताला तोड़े जाने के मामले में मण्डल अध्यक्ष माफी मांग कर अपना बचाव कर रहे हैं, जबकि अध्यक्ष होते हुए उन्हे पूरी जानकारी थी, लेकिन फिर भी उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकारी ताला तोड़ने से नहीं रोका। उनका कहना है कि किसी भी हालत में ऐसे घटिया कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# हिरासत में युवक ने अपने हाथों से फोड़ा सिर, पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया

संवाददाता, हरदोई

- प्रसूता के लापता होने की अफवाह पर पति व देवर ने नशे की हालत में हंगामा कर गार्ड से की मारपीट
- पुलिस के हिरासत में लेने पर पति ने पिटाई का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में छुट्टी होने से पहले प्रसूता के लापता होने की अफवाह पर पति और देवर ने नशे की हालत में हंगामा किया। गार्ड को धमकाते हुए हाथापाई की। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया। उसी बीच पति ने हाथ में पहन रखा कड़ा खुद ही मारकर सिर फोड़ लिया और पुलिस पर रिश्वत मांगने, न देने पर पिटाई करने का आरोप लगाया। गार्ड की तहरीर पर प्रसूता के पति और उसके देवर को हिरासत में ले लिया गया है।

जैसा कि बताया गया है कि पिछले दिनों कोतवाली शहर के सधई बेहटा निवासी संजय की भाभी को ज़िला महिला अस्पताल में प्रसव हुआ था। शुक्रवार की शाम को उसकी छुट्टी होनी थी, लेकिन उसी बीच संजय को अफवाह सुनाई दी कि उसकी भाभी कहीं गायब हो गई। इस पर संजय ने अपने भाई अशोक को बुला लिया, दोनों हंगामा करने लगे। उसी बीच गार्ड तरुण पाल पहुंचा और समझाने लगा। पास में और भी सुरक्षा गार्ड थे, लेकिन संजय और अशोक उसी के ऊपर हमलावर हो गया और धमकाते हुए हाथापाई करने लगा। इसका पता होने पर मेडिकल कालेज पुलिस चौकी पर तैनात एसआई रोशन सिंह ने संजय को हिरासत में ले लिया। पुलिस चौकी के अंदर बैठे संजय ने अपने हाथ में पहन रखा किसी धातु का कड़ा उतारा और सिर पर मार कर खुद को लहूलुहान कर लिया और पुलिस पर आरोप लगाया कि रिश्वत न देने पर उसकी पिटाई की गई,उधर गार्ड तरुण पाल की तहरीर पर संजय व उसके भाई अशोक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सीएचसी में रोगियों को मिलेगा कैरी बैग

**कुंडा,प्रतापगढ़ अमृत विचार :** सीएचसी से मिलने वाले दवाएं रखने के लिए रोगियों को सोचना पड़ता था। उनको दवा रखने को कोई सामान नहीं दिया जाता था। रोगियों को होने वाली दिक्कत को दूर करने को रोगी कल्याण समिति की पहल पर रोगियों को कैरी बैग देने का कार्य शुरू किया गया। उक्त बातें सीएचसी में रोगियों को कैरीबैग के वितरण की शुरुआत करते हुए अधीक्षक डा. राजीव त्रिपाठी ने कही। बीसीपीएम आशीष दूबे ने रोगियो को जागरूक करते हुए कहा पालीथीन बैग का उपयोग बिल्कुल न करें। इस दौरान डॉ. कविता यादव, डा. एके गुप्ता, डा. शिवेश श्रीवास्तव, डा.आनंद सिंह, बीपीएम रमेश कुमार, रश्मि देवी, मंजू श्री आदि मौजूद रहीं।



गांव में जांच करती विद्युत विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## अभियान में बकाएदारों के काटे कनेक्शन

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** शनिवार को कस्बा में बिजली विभाग ने बकाया वसूली अभियान चलाया। एसडीओ ऐजाज अहमद के नेतृत्व में टीम ने आधा सैकड़ा से अधिक मकानों के बिजली बिल चेक कर बकायेदारों के कनेक्शन काटे। साथ ही समय पर बिल जमा न करने वालों को एसडीओ ने चेतावनी दी। अभियान के दौरान करीब 80 हजार रुपए वसूली कर बिल जमा कराया। अभियान में एसडीओ के अलावा टीजीटू रघुनाथ, मोनू द्विवेदी, चंद्रिका प्रसाद, गौरव आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुर्घटना में साइकिल सवार युवक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के देवाखेड़ा गांव निवासी राजेंद्र (48) पुत्र जगदीश राजमिस्त्री था। शनिवार सुबह 10 बजे वह काम पर जाने को निकला था। तभी थानाक्षेत्र के भटखेरवा गांव के सामने तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों ने उसे सुमेरपुर पीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे बीघापुर के 100 बेड अस्पताल भेजा गया। लेकिन वहां इलाज शुरू होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

# सड़क हादसों में 9 लोग घायल, 6 किए गए रेफर

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव,

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसरायं निवासी कुलदीप (30) पुत्र श्रीकृष्ण शनिवार दोपहर बाइक से बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन स्थित गांव रघुरामपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया।

वहीं, अन्य मार्गों पर कोतवाली क्षेत्र के गांव कछियन पुरवा निवासी छोटे (37) पुत्र मैकू व गांव उम्मरपुर बक्तौरी निवासी प्रदीप (30) पुत्र बेचेलाल, प्रिंस (25) पुत्र सुखलाल, रितिक 26 पुत्र कमरू व गांव भठियापुर निवासी अहमद (17) पुत्र मारूफ, गांव चकपीर नगर निवासी हरिशंकर (55) पुत्र मेवालाल, गांव अलौलापुर निवासी नारायन (24) पुत्र श्रीपाल व कछियन पुरवा गांव निवासी अनामिका (17) पुत्री अंकित पाल गंभीर घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने कुलदीप, छोटे, प्रदीप, प्रिंस, रितिक व हरिशंकर को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कागजों में हो रहा स्कूलों का विकास

संवाददाता, रानीगंज,प्रतापगढ़

- परिषदीय विद्यालयों को हर साल भेजी जाने वाली लाखों रुपये की कंपोजिट ग्रांट की बंदरबांट
- रानीगंज क्षेत्र के कई विद्यालयों में कमीशनखोरी का आरोप



**अमृत विचार :** शासन की मंशा है कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को बेहतर सुविधाएं, खेल सामग्री और साफ-सुथरा वातावरण मिले। इसके लिए हर साल लाखों रुपये की कंपोजिट ग्रांट भेजी जाती है। प्राथमिक विद्यालयों को छात्र संख्या के अनुसार औसतन 25 से 50 हजार, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 50 हजार से 1 लाख तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। जमीनी हकीकत इससे इतर है।

रानीगंज क्षेत्र के कई विद्यालयों में यह पैसा कमीशनखोरी की भेंट चढ़ रहा है। कंपोजिट ग्रांट का उद्देश्य विद्यालयों में फर्नीचर, स्वच्छता, खेलकूद सामग्री और शैक्षणिक विकास कार्यों पर खर्च करना है, लेकिन कई स्थानों पर इसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालयों में न तो बच्चों को ठीक से खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है और न ही बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षक अपनी मनमानी से ग्रांट का हिसाब बना रहे हैं। वास्तविक स्थिति की जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आ सकती हैं। गौरा,शिवगढ़ ब्लॉक में दर्जनों विद्यालय ऐसे हैं जहां पर खेलकूद का सामान का पैसा भुगतान कर लिया गया है।बावजूद इसके विद्यालय में खेलकूद का सामान मौजूद नहीं है। इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिन विद्यालयों में खेलकूद के समान का पैसा भुगतान कर लिया गया है और सामान नहीं आया है। ऐसे जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

विरोध

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के बैनर तले हुई गोष्ठी

# टेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश तर्क संगत नहीं : बृजेश

फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करने की अनिवार्यता को लेकर शनिवार को हफीजाबाद के बीआरसी परिसर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के बैनर तले गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने व आगामी 16 सितंबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित धरने को सफल बनाने पर चर्चा हुई। वहीं जिलाध्यक्ष ने ब्लाक इकाई का भी गठन किया।

संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में लाखों शिक्षकों की सेवा खतरे में पड़ गई है। कहा कि वर्तमान सरकारें बेसिक शिक्षकों को आएदिन किसी न किसी प्रकार के अमानवीय आदेश देकर प्रताड़ित करने का काम कर रही है। कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में आया व 23 अगस्त 2010 से प्रभावित हुआ और वर्ष-2011 में प्रदेश सरकार ने लागू किया। वर्ष-2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट परीक्षा पास करने की अनिवार्यता नहीं है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट का 2011 से पूर्व चयनित शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश तर्क संगत नहीं है। आज इस कठिन घड़ी में सभी शिक्षकों को यदि कोई न्याय दिला सकता है तो वह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ है। कहा कि जब तक केंद्र सरकार आरटीई में संशोधन नहीं करती है तब तक हमें चुप नहीं बैठना है। उन्होंने खाली चल रही ब्लाक इकाई का भी गठन करते ही रज्जू प्रसाद को ब्लाक अध्यक्ष व अंजनी द्विवेदी को मंत्री सहित ब्लाक इकाई को मनोनयन पत्र दिये। नव मनोनीत ब्लाक अध्यक्ष रज्जू प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय अमानवीय है। कहा कि 16 सितंबर को जिला मुख्यालय पर बीएसए कार्यालय में होने वाले धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सभी साथी शिक्षक एकता का परिचय दें। ब्लाक महामन्त्री अंजनी द्विवेदी ने भी गोष्ठी को संबोधित किया। इसमें संजय सिंह, कमल दीक्षित, अरुणकांत, संजय शुक्ला, कय्यूम खान, सुधीर कटियार, रानू कुमार, पुरुषोत्तम यादव, संदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी के दौरान मौजूद ब्लाक इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव,

**अमृत विचार।** समाजवादी छात्र सभा के पूर्व अध्यक्ष इमरान सिद्दीकी ने बीते शुक्रवार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतसिया, सिरधरपुर एहत्माली, बदली पुरवा, धन्ना पुरवा, नया पुरवा, भिखार पुरवा, हरीगंज, धन्ना पुरवा, कुशाल पुरवा व मल्लाहन पुरवा सहित दो दर्जन गावों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन की व्यवस्था की और उन्हें आगे भी राहत देने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से किसानों की फसलों की क्षति का आंकलन जल्द करवाकर तत्काल मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष डॉ. रामपाल कुशवाहा, राधेलाल निषाद, रामऔतार निषाद, सूरज निषाद, सुरेश कुमार, नरेश निषाद, रामखेलावन, सतीपाल व हाजी कासिम आदि मौजूद रहे।



बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट देते सपा नेता।

## बाढ़ के पानी में लोगों को दिखा महिला का शव, पुलिस को नहीं मिला

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के दबौली क्षेत्र में बाढ़ के पानी में घाट किनारे एक महिला का शव उतारते देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरैया घाट से दबौली बाजार तक नाव से महिला के शव की तलाश की लेकिन शव नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस को भेजा गया लेकिन, वहां कोई शव नहीं मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### आज लगेगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

**शुक्लागंज।** जनता कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को गांधी नगर स्थित ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में नि :शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इसमें आंख लाल होना, आंखों से पानी आना जैसी समस्याओं की जांच के साथ जरूरतमंदों के लिए चश्मे भी बनवाए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को आंखों की बीमारियों से बचाव और उपचार संबंधी जागरूकता प्रदान करना है। बड़ी संख्या में लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

### अवैध शराब बनाने के दो दोषियों को मिली सजा

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली पुलिस ने 29 जनवरी- 2016 को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध शराब बनाने का कारोबार करने वाले भूखन पुत्र स्व. बाल गोविन्द लोध निवासी फाजिलपुर उसके साथी सेठा पुत्र लल्लू लोध निवासी बजपालपुर सफीपुर को गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने अवैध शराब व इसे बनाने के उपकरण बरामद कर आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेजा था। दरोगा राम कैलाश शुक्ला ने जांच कर साक्ष्य एकत्र करते हुए 11 अप्रैल-2017 कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केश कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को न्यायाधीश ने शासकीय अधिवक्ता मनोज पाण्डेय की दलील व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर भूखन व सेठा को दो-दो साल की सजा सुनाई। साथी दोनों पर कोर्ट ने 5000-5000 रूपये का जुर्माना भी लगाया।

### नेहरू नगर में महिला डेंगू पॉजिटिव

**शुक्लागंज।** नगर के नेहरू नगर मोहल्ले में शुक्रवार को 54 वर्षीय महिला के डेंगू पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। यूडीएसपी पोर्टल से जानकारी मिलते ही शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम नगर पहुंची। टीम ने नगर पालिका गंगाघाट और नगरीय स्वास्थ्य केंद्र चंपापुरवा की टीम के साथ चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी और नेहरू नगर में संयुक्त अभियान चलाकर निरोधात्मक गतिविधियां कराईं। इस दौरान एंटीलार्वा स्प्रे, मच्छर प्रजनन स्रोतों का समापन और साफ-सफाई संबंधी जागरूकता अभियान चलाया गया। जनसमुदाय को मच्छर जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। मौके पर पोस्टर और पंपलेट वितरित किया गया।

### व्यास ने रुक्मणी विवाह प्रसंग का किया वर्णन

**शुक्लागंज।** शनिवार को श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर, पोनी रोड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में व्यासपीठ पर विराजमान सम्पूर्णानन्द महाराज ने भक्तों को रुक्मणी विवाह प्रसंग एवं गृहस्थ वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी नारायण की है और नारायण की ही रहेगी। लक्ष्मी के दो स्वरूप भोग देने वाले और कल्याण देने वाले बताए। शिशुपाल ने भोग की वृत्ति से रुक्मणी को पाना चाहा, परिणामस्वरूप उसे पराभव व पतन मिला। महाराज ने देहरूपी द्वारिका का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान 16,108 रानियों में प्राणरूपी आत्मा की तरह समान रूप से रमण करते हैं, किंतु आसक्त नहीं होते। इस अवसर पर परिक्षित, संस्थापक कमल दोसर, मीना दोसर, संजय तिवारी, राम किशोर, विवर्थ, शशांक, पवन, लक्ष्मी नारायण, संगीता, प्रिया, शांति और प्रसून दोसर सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### लखापुर में चौकीदार के घर से चोरी

**शुक्लागंज।** रामगंज लखापुर निवासी राजू जूतों की अपर फैक्ट्री में चौकीदारी का काम करता है। उसने बताया कि शुक्रवार रात खाना खाने के बाद वह ड्यूटी पर चला गया था। घर पर उसकी पत्नी और बच्चे मौजूद थे। रात में अज्ञात चोर पीछे की दीवार फांदकर घर में घुसे और अलमारी से 40 हजार रुपये नकद व जेवरात समेत करीब एक लाख रुपये का माल पार कर ले गए। सुबह राजू जब घर लौटा तो सामान बिखरा देख सन्न रह गया। उसने तत्काल घटना की जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जांच की और घटनाक्रम को संदिग्ध बताते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### ट्रक के कार से टकराने पर चालक को धुना

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र स्थित गोकुल बाबा गेट के सामने ट्रक मोड़ते समय कानपुर जा रही कार से टकरा गया। इस पर कार सवार लोगों ने ट्रक चालक की पिटाई कर दी। ट्रक चालक ब्रजेश पुत्र समर सिंह निवासी फुलरवा फतेहपुर ने मगरवारा चौकी में इसकी शिकायत करते हुए कार सवार पर ट्रक के कागज व रुपए छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

# पात्रों को ही मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : केशव

**उत्तराधिकार में जिले के नंबर वन होने पर डीएम की सराहना की, दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल देकर समूहो की दीदियों को प्रशस्ति पत्र बांटे**

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विकास भवन सभागार में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि समितियों में सभी किसानों को सामान्य तरीके से उर्वरक दिया जाए। किसी के साथ भेदभाव न हो।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि तहसील स्तर एसडीएम, सीओ व खंड विकास अधिकारी प्रतिमाह बैठक करें। जनप्रतिनिधियों की जो भी शिकायतें हैं उनका निराकरण करें। तहसील स्तर पर जिन शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका उनका जिला स्तर पर निस्तारण करें। आइजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराया जाए। मिड-डे-मील में मशरूम दिए जाने, निर्विवाद उत्तराधिकार में जिले के नंबर वन होने, पैमाइश का कोई भी पुराना केस लंबित न होने पर डीएम की सराहना कर बधाई दी।


डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### बारिश से जो मकान गिरे उनकी भरपाई हो

उप मुख्यमंत्री ने जिले में बाढ़ के संबंध में जानकारी ली। जिसे लेकर डीएम गौरांग राठी ने राहत सामग्री के वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के कारण जो मकान गिरे हैं उनका सर्वे कराकर जांच कर आवास योजना के तहत आच्छादित किया जाए। जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए अभियान चलाकर समय से कार्यवाही की जाए।

### सीमांकन पत्थर लगाने के आदेश का हो पालन

डिप्टी सीएम ने कहा कि सीमांकन पत्थर गड़ी पैमाइश के जो आदेश दिए गए हैं उनका अनुपालन कराया जाए। चक मार्ग अवैध कब्जे अभियान चलाकर खाली कराए जाएं। माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाए। पीड़ित के साथ ठीक व्यवहार हो और दोषियों को बक्शा न जाए।

### दिव्यांगों को उपकरण विधवाओं को मिले पेंशन

डिप्टी सीएम ने कहा कि वृद्धा, दिव्यांग व विधवा पेंशन के जो लाभार्थी हैं उन सभी को समय से पेंशन दी जाए। दिव्यांगों को सीएम आवास योजना का लाभ दिया जाए। दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही कर ली जाए। किसान सम्मान निधि योजना के तहत जो भी कृषक छूटे हैं उनका सत्यापन कर लाभ दिया जाए।

### पीएम आवास योजना में शामिल न हों अपात्र

डिप्टी सीएम ने बेसिक शिक्षा के संबंध में कहा कि बच्चों को जो ड्रेस दिए जा रहे हैं उन्हें समूह द्वारा ही लिया जाए। मिड-डे-मील ठीक ढंग से चले। आयुष्मान कार्ड पात्र व्यक्तियों के बन जाएं और सभी को सुविधा मिले। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त दवाइयां हों। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सभी पात्रों को दिया जाए। किसी भी अपात्र को सूची में शामिल न करें।

### अखिलेश चोरों का साथ छोड़ दें : डिप्टी सीएम

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विकास भवन में समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत की। इसमें उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए अखिलेश यादव के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि वोट चोरी नहीं रुकी तो भारत में भी नेपाल जैसे हालात हो सकते हैं पर मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव चोरों का साथ छोड़ दें। जनता ने ठान लिया है कि वर्ष-2047 तक देश व प्रदेश में भाजपा की ही सरकार रहेगी। वहीं, राहुल पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि हाइड्रोजन बम परमाणु बम वाले बयान उनके फ्रस्ट्रेशन को दिखाते हैं। कांग्रेस सत्ता पर अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानती रही है। पिछड़े वर्ग से आने वाले बेटे को प्रधानमंत्री बनने से उनका सपना नाकामयाब हो गया है। एक प्रश्न के जवाब में मौर्य ने कहा कि भारत सरकार ने पहले ही निर्णय लिया है पाकिस्तान से कोई भी सीधी सीरीज नहीं खेली जाएगी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच में टीम इंडिया पाकिस्तान से मैच खेलेगी और जीतेगी।

### शहीद गुलाब सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बैठक के पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सांसद साक्षी महाराज के आवास में स्थापित शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने दिव्यागों को ट्राईसाइकिल बांटीं और समूहों की दीदियों को प्रशस्ति पत्र भी दिये। इसके बाद गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और नवजात बच्चों को अन्नप्रासन कर बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान सांसद, सभी विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, चेयरमैन श्वेता मिश्रा, नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी के अलावा अन्य प्रतिनिधि गण व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अफसरों ने उद्यमियों से किया संवाद

**उन्नाव, अमृत विचार।** उप्र सरकार द्वारा प्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के संकल्प के क्रम में अमित कुमार घोष प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, हर्ष शर्मा निदेशक जीआईडीएस, ऋषिराज सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, एसपी आर्य सेवानिवृत्त आईएएस, भानु प्रताप सिंह सेवानिवृत्त आईपीएस, विवेक श्रीवास्तव सेवानिवृत्त यूपीपीसीएल के साथ उद्यमियों का संवाद हुआ।

इसमें अमिताभ यादव एडीएम न्यायिक, उपायुक्त उद्योग करुणा राय, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अरुण माहेश्वरी, असद कमाल इराकी सीएलई क्षेत्रीय अध्यक्ष, जीएन मिश्र, अशोक गर्ग आदि ने उद्योगों से संबंधित समस्याओं, सुझावों व भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। इसमें जीएन मिश्र ने बुनियादी ढांचे में सुधार को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सस्ती दरों पर भूमि, विभिन्न विभागों में लंबित समस्याओं का समाधान आदि के सम्बंध में सुझाव दिए। इसके अलावा असद कमाल इराकी ने भी अपने सुझाव रखे। अमित घोष प्रमुख सचिव ने आईआईए ने बताए गए सुझावों को उच्च स्तर पर रखने का आश्वासन दिया कि उद्योगों के विकास में अभी भी कई बाधाएं आती हैं।

## सड़क हादसों में बच्चे व युवक की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी सुरेन्द्र (45) पुत्र स्व. गंगाराम मजदूरी कर परिवार पालता था। शुक्रवार देरशाम वह पुरवा कोतवाली क्षेत्र के पलही गांव निवासी अपनी मौसी विशुना के घर गया था। जहां से रात में लौटते समय उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दही थानाक्षेत्र की दरोगा खेड़ा चौकी के पास तेज रफ्तार ट्रक उसकी साइकिल में टक्कर मारकर भाग निकला। पुलिस ने उसे बिछिया सीएचसी की एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी सांसे थम गई। हादसे की खबर से पत्नी अनीता बेहाल हो गई। वहीं वृद्ध मां मैका देवी बेहाल है।


सुरेन्द्र की बेहाल पत्नी व परिजन। अमृत विचार

### 3 साल के बच्चे की बाइक की टक्कर से मौत

**उन्नाव।** पतारी गांव के मजरा रजई खेड़ा निवासी अनिल वर्मा का 3 वर्षीय बेटा चिंटू उर्फ रुद्र शुक्रवार शाम घर के सामने खेल रहा था। वहां से निकली तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने हेडइंजरी देख उसे कानपुर के हैलट रेफर किया। लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में शुक्रवार को 19 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



घटना के बाद मायके पक्ष ने आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिश्रा कॉलोनी निवासी स्वाति पत्नी अभिषेक तिवारी आदर्श नगर मोहल्ले में किराये के मकान में रहती थी। शुक्रवार शाम उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पति अभिषेक तिवारी प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि सास आशा तिवारी गृहणी हैं। दोनों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के 18 माह बाद से ही पति और सास स्वाति को प्रताड़ित करते थे।

## रिश्वतखोर महिला लेखपाल भेजी गई जेल

अमृत विचार Follow UP

**उन्नाव, अमृत विचार।** कृषि योग्य भूमि को कार्मशियल में तब्दील कराने के लिए 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ी गई महिला लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं शनिवार को छुट्टी होने के बावजूद लोगों में मामले की चर्चा रही।

बता दें कि पुरवा तहसील क्षेत्र के देवमई गांव के मजरा मोहिनी खेड़ा गांव निवासी श्रीराम ने तीन साल पहले 3 बिसुआ जमीन खरीदी थी। जिसका दाखिल खारिज भी उन्होंने कराया था। श्रीराम के विधि छात्र बेटे अवधेश ने बताया कि जमीन पर लोन कराने के लिए उन्होंने भूमि को धारा-80 के तहत कामर्शियल करने की फाइल पेश की थी। इसमें हलका लेखपाल ममता प्रजापति ने रिपोर्ट लगाने के लिए रिश्वत मांगी थी। इस पर उसने इसकी शिकायत लखनऊ में एंटी करप्शन विभाग से की थी। टीम द्वारा गोपनीय जांच कराने के बाद मामला सही पाने पर शुक्रवार को लखनऊ मंडल की एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और अवधेश को तय रकम देने के लिए तहसील कार्यालय में मौजूद लेखपाल के पास भेजा। जैसे ही उसने रुपए लेखपाल को दिए पहले से मुस्तैद सात सदस्यीय टीम में शामिल महिला कर्मियों ने लेखपाल को रंगेहाथ दबोच लिया। टीम ने मौके से रिश्वत की रकम बरामद की और ममता को मौरावां थाना लाई। जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत उस पर केस दर्ज किया गया था। शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ी गई लेखपाल ममता प्रजापति पत्नी प्रमोद निवासी गांव अमठा थाना जहानगंज आजमगढ़ अस्थाई निवासी हैवत मवैया मधुबन विहार कालोनी थाना पीजीआई लखनऊ व हाल पता मुंसिफ तहसील पुरवा को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं पकड़ी गई महिला लेखपाल का भी एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह खुद को निर्दोष बता रही है।

## भारत विकास परिषद ने संकुल विजेताओं का किया सम्मान


संकुल विजेताओं को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत शाखा शुक्लागंज द्वारा शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ऊं व मां शारदे के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। अध्यक्षता परिषद संरक्षक आशुतोष शुक्ला ने की।

संचालन में अनुज तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र, राजीव मिश्र, अमित पांडेय, विजय शंकर तिवारी, विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह शामिल रहे। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 2025-26 में विजेता आदित्य मिश्र (आचार्य पत्रवाचन प्रथम), काव्या वर्मा, शिखर शर्मा, आयुष कश्यप (विज्ञान प्रश्नमंच प्रथम टीम), कल्प शुक्ला (गणित प्रदर्शन प्रथम), श्रेयांश अग्रवाल (विज्ञान पत्रवाचन प्रथम), हर्ष निषाद (गणित प्रयोग प्रथम), संस्कार (विज्ञान प्रदर्शन प्रथम), सार्थक (कृषि प्रथम), विकल्प (कचरा प्रबंधन व नवाचार प्रथम) को सम्मानित किया गया। समारोह में दीपिका पटेल, सुरेश सिंह, मालती, वीरेन्द्र, प्रवीण दीक्षित, आदित्य, संजय, सुरेंद्र बहादुर, अल्का, गुंजन, कृतिका, वर्षा, सुभाषिनी, रवी, दाताराम आदि उपस्थित रहे।

## सुलह - समझौते से निपटे 75,595 वाद

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

**उन्नाव, अमृत विचार।** आपसी सुलह समझौता के आधार पर मामलों के निपटारे के लिए शनिवार राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। जिसका उद्घघाटन प्रभारी जिला जज डॉ .सत्यवान सिंह ने एडीएम वित्त राजस्व सुशील कुमार, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद व न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में किया।। लोक अदालत में 78,595 गैर सजा वाले वाद निस्तारित हुए। जिसे लोगों को कोर्ट - कचहरी के चक्कर लगाने से राहत छुटकारा मिल गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते हुये प्रभारी जिला जज डॉ. सत्यवान सिंह अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किये जाने का आह्वान किया गया। इसके बाद विभिन्न न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 73 वाद निस्तारित इसमें 52075000 प्रतिकर अवार्ड किया गया। वैवाहिक वाद 130 , बैंक रिकवरी 949 वाद का निस्तारण किया गया जिनमें 109548000 धनराशि की अदायगी तय की गयी। इसमें बीएसएनएल एवं फाइनेंस कंपनी के 74 वाद में 109548000 धनराशि की अदायगी तय की गयी। इसके अलावा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये गये। साथ ही विविध दीवानी 37 वाद तथा आपराधिक शमनीय 4246 वाद में 77100 जुर्माना लगाया गया। एनआई एक्ट 3 के वाद एवं 662 वाद का निस्तारण किया गया। लोक अदालत राजस्व के 49,122 परिवार न्यायालय द्वारा वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन के 2 वाद तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव द्वारा वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन 5 वाद निस्तारित किया गया। लोक अदालत विद्युत विभाग सम्बन्धित 23292 मामले सहित अन्य अदालत से 432 सहित 48 जोड़े सुलह- समझौते के आधार पर फिर साथ रहने को तैयार हुए।

**मुश्किल** | खतरे के निशान से नीचे पहुंची गंगा

## जलस्तर घटा लेकिन समस्याएं जस की तस

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर लगातार घटने से लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है, लेकिन हकीकत में उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। शुक्रवार से शनिवार के बीच जलस्तर में 30 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई और यह खतरे के निशान से 24 सेंटीमीटर नीचे पहुंच गया। इसके बावजूद नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मकान अब भी पानी में डूबे हुए हैं।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक शुक्रवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 113.060 मीटर था, जबकि शनिवार शाम यह घटकर 112.760 मीटर दर्ज हुआ। हालांकि जलस्तर खतरे के निशान से नीचे चला गया है, लेकिन अभी भी चेतावनी बिंदु से ऊपर चल रहा है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर के चम्पापुरवा, राजीव नगर, गंगानगर, आजाद नगर, रविदास नगर, श्रीनगर, नई बस्ती, निहाल खेड़ा, पोनी, झब्बूपुरवा, बदुआखेड़ा, अखलाक नगर और रतीराम पुरवा सहित कई गांवों में पानी भरा हुआ है। प्रशासन ने आवागमन की समस्या को देखते हुए नावों की व्यवस्था की है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक घरों से पानी नहीं निकलता और बिजली-पानी की आपूर्ति बहाल नहीं होती, तब तक हालात सामान्य नहीं हो सकते। लगातार कई दिनों से पानी में घिरे लोगों की परेशानी और चिंता बरकरार है।


सैय्यद कम्पाउंड गली में जलस्तर घटने के बाद एकत्र जलकुंभी। अमृत विचार

## सिटी डायरी

### अंबिका प्रसाद मेमोरियल स्कूल में हुई वित्तीय साक्षरता कार्यशाला


अंबिका स्कूल में होती शिक्षकों की कार्यशाला।

**शुक्लागंज।** अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सहयोग से शिक्षकों के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित हुई। उद्देश्य शिक्षकों को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, निवेश, बीमा, पेंशन योजनाओं, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा और आर्थिक योजना बनाने की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त होकर विद्यार्थियों को भी जागरूक कर सकें। उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने किया। मुख्य वक्ता अनुराग शुक्ला (वित्तीय विशेषज्ञ/बैंक प्रतिनिधि) ने वित्तीय योजना, कर प्रबंधन, आपातकालीन फंड और सरकारी योजनाओं से लाभ उठाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों को आर्थिक रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर बनाएगी।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते पदाधिकारी।

### 12 अक्टूबर को होगा मेधा सम्मान समारोह

**शुक्लागंज।** ब्रह्मसभा शुक्लागंज प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधा सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। यह समारोह 12 अक्टूबर, रविवार को नगर में आयोजित होगा। इसमें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। ब्रह्मसभा संरक्षक आशुतोष शुक्ला, अध्यक्ष अंजनीकांत मिश्रा, सचिव अनुज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, उपाध्यक्ष राजीव मिश्र, विजय शंकर तिवारी, श्रीकांत त्रिवेदी, अनुज तिवारी व अमित पांडेय ने बताया कि इच्छुक छात्र अपना पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की गई है।

### 365 दिन में अपराधियों की टूटी कमर

**उन्नाव, अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर द्वारा उन्नाव का चार्ज लेने के बाद से अपराधियों पर हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में पुलिस का भय कायम हुआ है। वहीं आम लोगों में भी सुरक्षा का अहसास अधिक मजबूत हुआ है। बता दें कि एसपी दीपक भूकर ने 13 सितंबर-2024 को प्रयागराज कमिश्नरेट से स्थानांतरित होकर जिले की कप्तानी संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने की कार्य योजना तैयार की। इसके बाद से अपराधियों में पुलिस का खौफ बढ़ गया। लेकिन एसपी का आपरेशन लंगड़ा सहित आपरेशन मुस्कान सहित अन्य कार्रवाई लोगों में सुरक्षा का एहसास कराने में कारगर साबित हुई। एसपी के चार्ज लेने के बाद से 31 गैंगस्टर के केस दर्ज कर 112 अपराधियों पर कार्रवाई हुई। 69 सहित बदमाश जिला बदर किए जाने के साथ 74 की आपराधिक कुंडली खोली गई। वहीं लूट हत्या जैसे जघन्य अपराध करने वाले 31 मुठभेड़ में 44 अपराधी सहित 61 को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। इसके अलावा खोए मोबाइल फोनों को बरामद कर उसके मालिकों को लौटने सहित साइबर अपराधियों पर नकेल कसने का भी कार्य हुआ।


एसपी दीपक भूकर।

### राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज के छात्र ने किया जिले का नाम रोशन

**उन्नाव, अमृत विचार।** राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र आदर्श गौतम का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में होने से कॉलेज व जिले में हर्षोल्लास का माहौल है।

आदर्श गौतम आजमगढ़ में राज्य स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट मे लखनऊ मंडल की टीम में प्रतिभाग करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन मिश्रा ने कहा कि विद्यालय न केवल अकादमिक स्तर पर बल्कि खेलकूद के क्षेत्र में भी उच्च मानक स्थापित कर रहा है। इस दौरान खेल शिक्षिका सोनल सिंह, अभिषेक दीक्षित, नीरज तिवारी, रामनरेश सिंह, शिवम सिंह, जंगबहादुर, मनोज सचान, जुबेर अहमद, शाहिद रशीद, देवेंद्र सिंह, कनक शुक्ला आदि मौजूद रहे।


छात्र को प्रशस्ति पत्र देते प्रधानाचार्य पवन मिश्रा।



विहाय कामाण्य: सर्वान्पुमंशचरति निष्पृह:। निर्ममो निरहंकार स शांतिमधिगच्छति ॥

गीता में श्रीकृष्ण जी कहते हैं, जिसने इंद्रिय तृप्ति के लिए सभी इच्छाओं को त्याग दिया है, जो इच्छाओं से मुक्त रहता है, जिसने स्वामित्व की सभी भावनाओं को त्याग दिया है और झूठ व अहंकार से रहित है। केवल वही वास्तविक शांति प्राप्त कर सकता है।

# हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति

> भारत में विश्व के चार भाषा परिवार–भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं–हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं–बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंतत: हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया।

भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं, लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। विलियम जोन्स ने कहा कि "संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ संबंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।" संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन कैसे हो?

सभ्यता, संस्कृति, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है, इन सबकी आदि भाषा है संस्कृत। यूरोपीय विद्वान एच. एस. मेन ने लिखा था, "बीजगणित-अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिंदुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। अरब चिकित्सा पद्धति संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद है, यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17 वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी।" विलियम हंटर ने लिखा था कि "पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था। पाणिनि का व्याकरण संसार में सर्वोच्च है।" मैक्समूलर ने लिखा, "भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कांट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति यहूदी के विचारों मात्र पर पालित पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं।" गांधी ने लिखा, "पृथ्वी पर हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है, जहां मां-बाप अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना लिखाना पसंद करेंगे।" अंग्रेजी को विश्व भाषा बताया जाता है लेकिन जापान, रूस और चीन आदि अनेक देशों में अंग्रेजी की कोई हैसियत नहीं है। भारत की संविधान सभा (14 सितंबर 1949) ने हिन्दी को राजभाषा बनाया, 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परंतु' जोड़ा। पंडित नेहरू ने कहा, "हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।"



हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

एन. जी. आयंगर ने सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखते हुए 15 बरस तक अंग्रेजी को जारी रखने का कारण बताया, "हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह समुन्नत भाषा नहीं है। सेठ गोविंद दास ने हिन्दी की पैरोकारी की, इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि ही होनी चाहिए।" आर. वी. धुलेकर ने कहा, "मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है, राष्ट्रभाषा है। हिन्दी के राष्ट्रभाषा-राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा। (संविधान सभा बहस 13-9-1949) संविधान में तीन दिन तक बहस हुई। संविधान के अनुच्छेद (343-1) में हिन्दी राजभाषा बनी। किंतु अनुच्छेद (343-2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्रावधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग-समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनुच्छेद 351) केन्द्र पर डाली गई, लेकिन कांग्रेस अपने जन्मकाल से ही अंग्रेजी को वरीयता देती रही, गांधी जी ने कहा, "अंग्रेजी ने हिंदुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं।" (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312) भारतीय संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिन्दी है। हिन्दी के पास प्राचीन संस्कृति और परंपरा की सुदीर्घ विरासत है। हिन्दी ने संस्कृत सहित सभी भारतीय भाषाओं बोलियां से शब्द लिए। सबको अर्थ दिए। हिन्दी दिवस की रस्म अदायगी होती रही है। वह राजभाषा है, लेकिन फारसी, अंग्रेजी की तरह उसे राज्य आश्रय नहीं मिला। फारसी मध्यकाल के बादशाहों ने थोपी थी, अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी लाई। हिन्दी का विस्तार राज्य आश्रय से नहीं हुआ।

भारत में विश्व के चार भाषा परिवार-भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंततः हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया। अमेरिकी भाषाविद एम. बी एमेन्यू ने भारत को भाषिक क्षेत्र बताया। अरबी-फारसी के विद्वानों ने भारत की भाषाई पहचान के लिए हिन्दी शब्द का प्रयोग किया। अमीर खुसरो ने इसे हिंदवी-हिंदूई गाया। हैदराबाद के मुस्लिम शासक कुली कुतुबशाह ने इसे 'जबाने हिन्दी' बताया। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है। वह यमुना के निकुंजों पर गीत गाते बड़ी हुई। अंग्रेजी राज के बाद फारसी की जगह अंग्रेजी आ गई। गांधीजी ने अंग्रेजी का विरोध और हिन्दी का समर्थन (1917) करते हुए कहा, "हिन्दी ही हिंदुस्तान के शिक्षित समुदाय की भाषा हो सकती है। अंग्रेजी विदेशी भाषा है। हिन्दी 22 करोड़ की भाषा है।" स्वाधीनता संग्राम में जनप्रबोधन की भाषा हिन्दी थी।

तीन दिन तक चली बहस में हस्तक्षेप करते हुए पंडित नेहरू ने कहा, "अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।" 14 सितंबर के दिन अंग्रेजी प्रभुत्व के साथ हिन्दी राजभाषा बन गई। संविधान ने हिन्दी के प्रसार-प्रचार का काम केन्द्र को सौंपा। हिन्दी कमजोर सिद्ध हो गई। वर्तमान केन्द्र सरकार ने हिन्दी को समृद्ध करने के लिए काफी काम किए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विज्ञान आदि विषयों पर हिन्दी में पुस्तकें लिखें जाने की योजना पर काम जारी है। अनेक गोष्ठियां हुई हैं। उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय और संसद में प्रस्तावित विधेयकों-पारित कानूनों की भाषा अंग्रेजी (अनुच्छेद 348) ही है। हिन्दी जानने वालों की संख्या सवा अरब से भी ज्यादा है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजराइल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिदाद, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। देश में सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों-सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। राजनैतिक कारणों से जब कब दक्षिण के राज्यों में हिन्दी का विरोध होने लगता है। प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा तय करने का अधिकार है। दुर्भाग्य से ये राज्य अंग्रेजी चलाना चाहते हैं। तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम आदि से हिन्दी की स्पर्धा नहीं है। हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति है।

# अमेरिका की बेचैनी और भारत की संतुलन नीति

हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक ने वैश्विक राजनीति में एक बार फिर भारत की निर्णायक भूमिका को उजागर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय चर्चाएं कीं। इस घटनाक्रम ने अमेरिका के राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। खासतौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में। डोनाल्ड ट्रंप ने इस बैठक के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप "ट्रुथ सोशल" पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी से बात करने को उत्सुक हैं और भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को "बहुत अच्छा दोस्त" बताते हुए मीठे शब्दों में भारत को एक "विशेष साझेदार" के रूप में संबोधित किया, लेकिन सवाल उठता हैः क्या ट्रंप पर भरोसा किया जा सकता है? यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप "गिरगिट की तरह रंग बदलने" के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। उन्होंने भारत पर कई व्यापारिक प्रतिबंध और टैरिफ लगाए, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैंः 2018 स्टील (25 प्रतिशत) और एल्युमिनियम (10 प्रतिशत) पर टैरिफ भारत की मेटल एक्सपोर्ट इंडस्ट्री को नुकसान, 2019 भारत को जीएसपी से बाहर किया, 2020 दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर निगरानी बढ़ाई भारत के फार्मा सेक्टर पर दबाव, 2021 इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी समीक्षा भारत के टेक एक्सपोर्ट को प्रभावित किया। वर्तमान में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से तो सभी वाकिफ हैं ही।



हरीश उप्रेती करन

लेखक

> एससीओ की बैठक में तीन वैश्विक ध्रुवों के नेताओं के बीच संवाद ने यह दिखा दिया कि भारत अब सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक निर्णायक कूटनीतिक खिलाड़ी है।

ट्रंप प्रशासन ने भारत को "टेरीफ किंग" तक कह डाला था और बार-बार यह जताया कि भारत एक कठिन व्यापार भागीदार है। अब जब अमेरिका भारत-चीन-रूस के समीकरण से चिंतित है, तो ट्रंप की "दोस्ती की पेशकश" एक रणनीतिक चाल से अधिक कुछ नहीं लगती। भारत की संतुलन नीतिः एक स्वतंत्र दृष्टिकोणः भारत की विदेश नीति पिछले एक दशक में स्पष्ट रूप से "गैर-पक्षपाती संतुलन" की दिशा में आगे बढ़ी है। भारत न तो अमेरिका के दबाव में है, न चीन की धौंस में। रूस के साथ रक्षा सहयोग, चीन के साथ आर्थिक बातचीत और अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी, भारत तीनों महाशक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बना रहा है।

एससीओ की बैठक में तीन वैश्विक ध्रुवों के नेताओं के बीच संवाद ने यह दिखा दिया कि भारत अब सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक निर्णायक कूटनीतिक खिलाड़ी है। ट्रंप द्वारा अचानक की गई "मोदी से बात" की पेशकश इस बात का संकेत है कि अमेरिका, खासकर ट्रंप जैसे नेता, भारत को खोना नहीं चाहते, लेकिन वे अब भी भारत को एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप की "मीठी बातें" भारत पर दबाव की पुरानी शैली को एक नए आवरण में प्रस्तुत करने का प्रयास भर हैं। ऐसे में भारत को चाहिए दूरदर्शिता और आत्मनिर्भर रणनीति अपनाए। भारत को ट्रंप के बयानों से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। इतिहास गवाह है कि अमेरिका ने जब-जब भारत को सहयोगी माना है, तब-तब उस सहयोग के पीछे स्वार्थ और रणनीति छुपी रही है। भारत को अपनी "स्वायत्त विदेश नीति" और आत्मनिर्भर व्यापार नीति के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए।

# जिंदगी की गणित और परिवार

गणित विषय में अध्ययन करते समय एक निश्चित फार्मूले के अनुसार उसका हल निकालना पड़ता है। फार्मूला गलत हुआ तो उत्तर सही नहीं आएगा। दो और दो जोड़ने पर चार ही उत्तर आएगा, कोई पांच का उत्तर लिखे तो वह गलत हो जाएगा। इसी तरह जिंदगी की भी गणित होती है। गणित विषय में जैसे अत्यंत सूक्ष्म दशमलव के हेर-फेर से उत्तर बदल जाता है, ठीक वैसे ही जिंदगी में छोटी-छोटी बातों से जीवन की दिशा बदल जाती है। हर इंसान आनंद एवं उल्लास चाहता है, लेकिन अधिकांश लोग जिंदगी में परेशानी का अनुभव करते हैं। परेशानी आ कहां से रही है, क्यों आनंद एवं उल्लासहीन जीवन है, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिंदगी में प्रसन्नता के लिए सबसे पहले परिवार नामक संस्था में एकरूपता तथा समभाव होना चाहिए। इसके बिना आनंद संभव नहीं है। परिवार के रिश्तों में एक-दूसरे के प्रति प्रेम एवं विश्वास का भाव होना चाहिए। घर के बड़े सदस्यों की जिम्मेदारी होती है कि वे घर के हर सदस्य के मनोभावों को समझें तथा उसके अनुरूप आचरण करें।



सलिल पांडेय

वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान भौतिक युग में पैसे की महत्ता बढ़ गई है। सुबह सो के उठने से लेकर रात बिस्तर पर सोने के लिए जाते समय तक अधिकाधिक पैसा कमाने की चाहत जिंदगी की गणित को दो और दो मिलकर पांच कर रहा है, जो पूरी तरह गलत है। इसके अलावा वर्तमान दौर में एंड्रॉयड फोन भी जिंदगी को स्मार्ट नहीं, बल्कि चिंताजनक बना रहा है। आंख खुलते ही मोबाइल पर नजर धंस जा रही है। स्थिति यह हो गई है कि घर हो या कोई भी स्थान हो, कुछ लोग बैठे हैं तो सभी मोबाइल में उलझे हैं। कोई किसी से बात नहीं कर पा रहा है।

सार्वजनिक स्थान पर जो आचरण अपनाते हैं, वह धीरे-धीरे स्वभाव बनता जा रहा है, जिसे सद्गुण नहीं कह सकते। परिवार अलग है और बाहरी दुनिया अलग है। इसमें अंतर करना पड़ेगा। घर के छोटी उम्र के बच्चों से घुलमिलकर बातचीत तथा हंसी-ठहाका लगाने की कोशिश करनी चाहिए न कि उन्हें मोबाइल पर कार्टून देखने के लिए छोड़ देना चाहिए। सुबह का उगता सूरज तथा शाम को ढलता सूरज अनोखी छटा छोड़ता है। इसे भी बीच-बीच में देखते रहना चाहिए। इससे केवल मानसिक नहीं शारीरिक स्वास्थ्य भी उत्तम होता है। इसी प्रकार आकाश में उगा पूर्णिमा का चांद एवं तारे आह्लादित करते हैं। परिवार में आनंद एवं आह्लाद के लिए आपसी संवाद, करेंट विषयों पर सकारात्मक चर्चा करनी चाहिए। घर के बड़े सदस्य अपने अनुभवों को भी साझा करें। साथ ही देश में हुए महान व्यक्तित्वों और उनके कार्यों को भी छोटे सदस्यों को बताना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों के ज्ञान में वृद्धि होगी, साथ सकारात्मक संस्कार का निर्माण भी होगा।

इन स्थितियों में यह नहीं कहना पड़ेगा कि आजकल के बच्चे माता-पिता और बड़ों की बात नहीं मानते। यदि घर का मुखिया इस तरह की बात कर रहा है तो उसे अपना भी दोष देखना चाहिए कि जब समय था तब परिवार को सुसंस्कृत नहीं किया। सफल परिवार के लिए जिस पारिवारिक गणित की जरूरत थी, उसे नहीं अपनाया, क्योंकि बच्चे-बड़ों का अनुकरण करते हैं। समय रहते सजग भाव से परिवार की गणित अपनाए रहना चाहिए, ऐसी स्थिति में कभी दो और दो-पांच नहीं होगा।

# शीतकाल के अस्तित्व पर संकट

> मानसून तापमान में अधिकता के कारण लंबे समय यानी सितंबर के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय रहेगा। अब बड़ा सवाल यह भी है कि ऋतुओं में आ रहे परिवर्तन से शीतकाल खत्म ही न हो जाए। तापमान में बढ़ोतरी से इसकी समाप्ति की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

मानसून की अवधि जहां लंबी हो चली है तो ऋतुओं के दिनों में 15 से 20 दिनों का अंतर भविष्य के खतरे की घंटी बजा रहा है। मध्य हिमालय इस परिवर्तन की सर्वाधिक जकड़ में है। पर्यटन के लिहाज से देश-दुनिया के लिए आदर्श माने जाने वाले उत्तराखंड में इस कदर मौसम चक्र गड़बड़ा रहा है कि अब शीतकाल के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छा गए हैं। मौसम के बदलते मिजाज को हमें दो तरीकों से समझना होगा। पहला, ऋतुओं की समयावधि अब निश्चित नहीं रही। मानसून और शीतकाल सर्वाधिक प्रभावित होने लगे हैं। मानसून लंबा और शीत ऋतु के दिन कम होने लगे हैं। जलवायु परिवर्तन इसकी मुख्य वजह है और मध्य हिमालय क्षेत्र सर्वाधिक इसकी जकड़ में है। दूसरा-शीत, बसंत, ग्रीष्म व शरद ऋतु को अतीत में मौसम की भिन्नता के हिसाब से विभाजित किया गया था, मगर ग्रीनहाउस गैसों की वृद्धि से जलवायु में आ रहे बदलाव ऋतुओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।



अमित शर्मा

हल्द्वानी

दो दशक पहले तक जुलाई में मानसून में अधिक पानी बरसता था, जो आगे खिसककर अगस्त में अधिक पानी बरसाने लगा है। यह कहा जा सकता है कि मानसून के दिनों में महीनेभर का अंतर आ चुका है। अब संभावना है कि जुलाई की अपेक्षा अगस्त में अधिक पानी बरसेगा। साथ ही मानसून की विदाई का समय भी 15 से 20 दिन आगे खिसक चुका है। यानी सितंबर के शुरुआती चरण में विदा होने वाला मानसून सितंबर के दूसरे पखवाड़े के बाद ही लौट रहा है। मौसम के जानकार मानते हैं कि मानसून के दिन आगे खिसकने से शरद ऋतु के दिनों में अंतर आना स्वाभाविक है। शरद ऋतु के दिन अक्टूबर से दिसंबर तक जारी रह सकते हैं, जिस कारण शीतकाल में ठंड की आमद दिसंबर की जगह जनवरी से होगी और शीतकाल जल्द ही खत्म भी हो जाएगा। इसकी वजह वैश्विक तापमान में तेजी से वृद्धि है। यानी जनवरी का मौसम खासा ठंड रहेगा और फरवरी में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड तापमान बढ़ने की वजह से गर्म होने लगेगी, जिस कारण शीत के दिन सिमटकर लगभग डेढ़ माह रह जाएंगे और बसंत ऋतु समय से पहले गरमाने लगेगी, जिसके चलते मार्च से मई के बीच का तापमान तेजी से बढ़ेगा और मई का महीना वर्ष का सर्वाधिक गर्म रहेगा।

तापमान अधिक बढ़ने के साथ ही प्री मानसून शॉवर समय से पहले बरसने लगेंगे और मानसून भी जल्द दस्तक दे जाएगा। तापमान में अधिकता के कारण लंबे समय यानी सितंबर के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय रहेगा। अब बड़ा सवाल यह भी है कि ऋतुओं में आ रहे परिवर्तन से शीतकाल खत्म ही न हो जाए। तापमान में बढ़ोतरी से इसकी समाप्ति की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। जब ठंड ही नहीं रहेगी तो शीतकाल के मायने ही बदल जाएंगे। यूं भी डेढ़ से ढाई हजार मीटर की ऊंचाई पर तापमान बढ़ने से बर्फबारी का दौर छट चुका है। नैनीताल और मुक्तेश्वर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जहां बर्फ गिरनी लगभग समाप्त हो चुकी है। हां, यदि ला नीना असरकारक रहा, तभी बर्फबारी हो सकती है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज), नैनीताल के वरिष्ठ पर्यावरण व वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि से तापमान इस कदर बढ़ चला है कि जलवायु चक्र गड़बड़ाने लगा है। गर्मी का मौसम लंबा और सर्दी छोटी हो रही है। वायुमंडलीय पैटर्न बदलने से ऋतुओं की शुरुआत और अवधि में बदलाव आ रहा है। अलनीनो व ला नीना जल्द सक्रिय होने लगे हैं। वनों का दोहन, शहरीकरण का विस्तार और औद्योगिकरण के कारण पर्यावरण वैश्विक स्तर पर प्रभावित हो रहा है, जो मौसम और ऋतुओं के समय को बदल रहा है।

हिमाचल तक सिमटे पश्चिमी विक्षोभः वैश्विक तापमान का बड़ा असर शीतकाल में पानी बरसाने वाले बादल पश्चिमी विक्षोभ पर पड़ा है, जो समुद्र से उठते हैं और हिमाचल तक ही सक्रिय रह पाते हैं, जबकि ये उत्तराखंड तक पहुंचा करते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इनका उत्तराखंड तक नहीं पहुंचना बड़ी चिंता का विषय है, जो हमारे दैनिक, सामाजिक व कृषि कार्यों को बदल रहा है।

# गुणवत्ता सहयोग से आती है दबाव से नहीं

समाज और शासन की निगाह में शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोपरि है, इसमें कोई दो राय नहीं। सवाल यह है कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने का रास्ता क्या सिर्फ शिक्षक को लगातार दबाव और तनाव में रखने से ही निकलेगा? हालिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि न केवल नए शिक्षक ही नहीं, बल्कि वे भी, जो आरटीई लागू होने से पहले से सेवा में हैं, अब पदोन्नति या नौकरी बनाए रखने के लिए टीईटी पास करने की बाध्यता में आ गए हैं। जिनकी सेवा पांच साल से कम बची है, उन्हें अपवाद माना गया है, पर बाकी सभी को दो साल में परीक्षा पास करनी ही होगी अन्यथा सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति का सामना करना होगा।



प्रवीण त्रिवेदी

फतेहपुर

यहां मूल प्रश्न टीईटी का नहीं है। मूल प्रश्न यह है कि लगातार बदलते नियम, बार-बार की कानूनी व्याख्याएं और नई शर्तें शिक्षक को पढ़ाने से ज्यादा अपनी नौकरी बचाने की फिक्र में उलझा रही हैं।

वर्षों से सेवा कर रहे शिक्षकों को अचानक दो साल का अल्टीमेटम देकर परीक्षा पास करने के लिए मजबूर करना क्या उचित है? यह तो वही स्थिति हुई कि एक चिकित्सक, जिसने बीस साल तक मरीजों का सफल इलाज किया हो, उसे अचानक कह दिया जाए कि अब एक नई परीक्षा पास करो, अन्यथा तुम्हें अस्पताल से बाहर कर दिया जाएगा। शिक्षक पहले ही मर्जर, पेयरिंग, डेटा संग्रह, सर्वे और चुनाव ड्यूटी जैसे गैर-शैक्षिक बोझ से हलकान थे। अब उसके सिर पर यह तलवार भी लटकाई गई है कि दो साल में परीक्षा पास करो या बाहर निकलो। सवाल यह है कि क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस तरह से बढ़ेगी या शिक्षक का मानसिक संतुलन बिगड़ेगा? शिक्षक भी मनुष्य है, जिसका आत्मविश्वास और मानसिक शांति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही पूंजी बार-बार के फैसलों और कठोर नियमों से छीनी जा रही है।

यह प्रवृत्ति खतरनाक है, क्योंकि इससे शिक्षक अपने पेशे से मोहभंग का शिकार होगा और अंततः नुकसान बच्चों को ही उठाना पड़ेगा। इसलिए बहस अब केवल टीईटी पर नहीं रह गई है, बहस इस बात पर है कि शिक्षक का मनोबल बचाया जाए या तोड़ा जाए। समाज और शासन को यह समझना होगा कि दबाव से गुणवत्ता नहीं आती, गुणवत्ता आती है सहयोग, सम्मान और स्थिरता से।

# नेपाल संकट: सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़

नेपाल में काफी जद्दोजहद के बाद अंतरिम सरकार की मुखिया सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की को मनोनीत किया जा सका है। उम्मीद है कि वे अपने अनुभवों से नेपाल को नया जीवन दे पाने में कामयाब होंगी। सुशीला कार्की न्याय विद के साथ एक राजनीतिक परिवार से जुड़े रहने के नाते वे परिपक्व राजनीतिज्ञ भी हैं। इसकी झलक तब देखने को मिली जब जेन-जी के तरफ से उनका नाम फाइनल होने के बाद भी वे प्रधानमंत्री बनने को लेकर हड़बड़ी में नहीं दिखीं। प्रधानमंत्री पद की शपथ उन्होंने तभी ली जब राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को उनकी संसद विघटन की मांग को मानना पड़ा। सुशीला कार्की के इस बात के सभी कायल हुए कि यदि पुराने प्रतिनिधि सभा का ही नेतृत्व करना है तो भ्रष्टाचार, जिसके खिलाफ इतना बड़ा आंदोलन हुआ, उससे पार पाना संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वे एक भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व नहीं करना चाहेंगी। सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुवेदी का ताल्लुक नेपाली कांग्रेस से था, जिन्हें स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का नजदीकी माना जाता है।



यशोदा श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल सुशीला कार्की के पति का नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक होने की कोई छाप इन पर नहीं है और न ही नेपाली जहाज के अपहरण से भी इनका कोई लेना देना रहा। वे तब भी अपनी मर्जी की मुख्तार थीं और आज भी। बतौर न्यायाधीश उनके कई फैसले चर्चा में रहे, जिसमें नेपाली कांग्रेस के एक मुस्लिम नेता के खिलाफ फैसला राजनीतिक गलियारों में भूचाल जैसा था। उनकी जो कार्यशैली और दृढ़ इच्छा शक्ति है निःसंदेह नेपाल को उसका फायदा मिलेगा। यद्यपि है कि समय कम है, छः महीने बाद होने वाले चुनाव का परिदृश्य क्या होगा, इस पर कुछ भी कयासबाजी ठीक नहीं है। आगामी चुनाव को लेकर भारत विरोधी और भ्रष्टतम सरकार का नेतृत्व करने वाले केपी शर्मा ओली को सत्ता से उखाड़ फेंकने वाले जेन-जी के नौजवानों का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। वे अलग कोई राजनीतिक दल गठित करेंगे या मौजूदा किसी दल के साथ आएंगे, यह भी तय नहीं है। भविष्य के नेपाल में साफ-सुथरी सरकार के लिए उन युवाओं का राजनीतिकरण जरूरी है। बेहद कम समय में सुशीला कार्की के समक्ष नेपाल को फिर से सजाने संवारने की चुनौती भी है। आगजनी और तोड़-फोड़ में नेपाल को अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है। नेपाल को फिर से बनाने में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं है। इसके लिए कौन-कौन देश आगे आता है, यह काफी कुछ नई सरकार के विदेश नीति पर निर्भर करेगा। टूरिस्ट जो नेपाल के आर्थिक स्रोत का बड़ा जरिया है, उसे स्थापित करना भी बड़ी चुनौती है। जिस तरह नेपाल के ऐतिहासिक इमारतों को चुन-चुनकर फूंका गया है, वे सब सरकार की संपत्ति थी, उन्हें दुबारा उसके पुराने स्वरूप में ला पाना मुश्किल होगा।

सुशीला कार्की की जिद भ्रष्टाचार मुक्त नेपाल बनाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की भी है। नेपाल में अभी जितने भी राजनीतिक दल हैं, उसके सारे बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हैं, ऐसे में राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करना भी बड़ी चुनौती है। सुपुर्द-ए-खाक हुए नेपाल के दोषियों की शिनाख्त और उन्हें सजा देने के लिए चिन्हित करना भी चुनौती है, क्योंकि अभी तक इसकी जिम्मेदारी किसी ने ली नहीं है। जेन-जी आंदोलनकारियों का कहना है कि यह कृत्य नेपाल के दुश्मनों का है, जो उनके आंदोलन में घुस आए। यह तय कर पाना आसान नहीं है कि आखिर वे कौन लोग थे? जेन-जी समूह ने एक सही फैसला लिया, जो उन्होंने ईमानदार और निडर महिला न्यायविद को अंतरिम सरकार का मुखिया चुना। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश भी थीं और अब पहली महिला प्रधानमंत्री का खिताब भी उनके खाते में दर्ज हुआ। इधर जेन जी समूह में इस बात को लेकर वैचारिक मतभेद भी था कि अंतरिम सरकार का नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का हो या राज संस्था विचारधारा का? सुशीला कार्की की शिक्षा वाराणसी के बीएचयू में भी हुई है और ये भारत के प्रधानमंत्री को फालो करती हैं। जेन-जी समूह के 40 प्रतिशत से अधिक युवाओं की ये पहली पसंद थीं। नई सरकार को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं जैसे भारत के साथ संबंध। राजशाही के जमाने से ही नेपाल का भारत से उतार-चढ़ाव जैसा संबंध रहा है। लोकतंत्र बहाली के बाद ज्यादातर नेपाली सरकारें भारत से मतलब भर का संबंध रखती थीं। अभी-अभी तख्तापलट के शिकार हुए ओली की शिनाख्त कट्टर भारत विरोधी की रही है। उन्होंने नेपाल की जनता में भारत के खिलाफ जहर घोलने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सनातनी विचारधारा की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथ नई सरकार की कमान भारत के लिए सुखद संकेत है। इस बात की कामना की जानी चाहिए कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में नेपाल में लोकतंत्र मजबूत हो और वह फिर से उठा खड़ा होने में सक्षम हो।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

इंटरव्यू

किसी बहुमुखी अभिनेता के लिए टाइप कास्टिंग को लंबे समय तक झेलना आसान काम नहीं। एक ही तरह की फिल्में बार-बार ऑफर होने के बाद उनको छोड़ने के सिवा दूसरा कोई चारा नहीं बचता। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से निकलकर थियेटर के मंझे हुए एक्टर अश्वथ भट्ट ने जब बॉलीवुड में कदम रखा तो उनको यही सब झेलना पड़ा, जो आज तक जारी है। राजी, फैंटम, हैदर, सीता रामम जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब तारीफ हुई। इसी साल जॉन अब्राहम के साथ आई फिल्म डिप्लोमेट में पाकिस्तानी स्पाई एजेंसी आईएसआई अफसर का दमदार किरदार निभाया। मगर कसक यही कि पाकिस्तानी किरदारों को निभाने की छाप ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। बकौल अश्वथ भट्ट एक वक्त ऐसा भी आया जब टाइप कास्टिंग की वजह से बड़ी तादाद में फिल्मों के ऑफर तक ठुकरा दिए। पेश हैं अमृत विचार से खास बातचीत के कुछ अंश।

*–मोनिस खान*



# टाइप कास्टिंग से परेशान होकर थोक के भाव में छोड़नी पड़ीं फिल्में

अश्वथ ने जिन फिल्मों में काम किया उनमें ज्यादातर की कहानी सरहद पार जाने के सवाल पर उनका दर्द छलका और कहा कि एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने थोक के भाव में फिल्मों को छोड़ दिया, क्योंकि हमेशा एक तरह का काम देने की कोशिश की गई, जिसको टाइप कास्टिंग बोलते हैं। पूरे करियर में इस सब को अब तक फेस किया, मगर इसके बरअक्स बहुत सारी फिल्में की जिनमें अलग तरह का किरदार किया। एक फिल्म आने वाली है, मेड इन इंडिया, जिसमें वो तमिल ब्राह्मण का किरदार निभा रहे हैं। मंडली फिल्म में उन्होंने रामलीला में राम का किरदार निभाने वाले लड़के का रोल किया। मगर लोगों को वही दिखता है जैसी छाप बना दी गई। कोई बिहारी एक्टर से नहीं पूछेगा कि तुम फिल्मों में बिहारी क्यों बनते हो। मेरी फिल्मों को देखेंगे तो उनकी पृष्ठभूमि एक हो सकती, मगर जिन किरदारों को निभाया वो एक दूसरे से अलग हैं। खुद की पसंद यही है कि अलग-अलग किरदारों को करूं। मगर सबकुछ हमारे हाथ में भी नहीं होता है।



## छोटे शहरों को चाहिए रंगमंच के सुधीजन

रंगमंच को लेकर बेहद गंभीर अश्वथ छोटे शहरों में थियेटर को और बढ़ावा देने की हिमायत करते हैं। बरेली जैसे शहरों के अंदर रंगमंच कलाकारों के सामने आ रही चुनौतियों से निपटने और यहां थियेटर को आगे बढ़ाने के सवाल पर उनका जवाब है, थियेटर फेस्ट होना अच्छी बात है, मगर उससे ज्यादा जरूरी है कि नए कलाकारों के लिए कार्यशालाएं रखी जाएं। प्रशासन के सहयोग नाट्यशाला विकसित की जाएं। इस कला को स्कूलों के अंदर भी ले जाना होगा। सभी एक्टर बनें जरूरी नहीं, हमें डायरेक्टर, प्रोडक्शन टीम, राइटर, लाइटर डिजायनर और सबसे जरूरी सुधीजन भी चाहिए। लोगों को रंगमंच और सिनेमा में फर्क भी समझना होगा। हमें थियेटर की ऑडियंस विकसित करनी होगी, जो रंगमंच के संस्कार को भी समझे। इसके अलावा दुनिया के किसी भी कोने का थियेटर तभी आगे बढ़ सकता है जब जमीन पर काम हो। इसके लिए ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश में जितने भी बड़े एक्टर हैं वो ट्रेनिंग हासिल करके ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। नसीरुद्दीन शाह, अनुपम खेर, परेश रावल, ओमपुरी, सौरभ शुक्ला, पंकज त्रिपाठी इन सभी ने थियेटर से शुरुआत की।

## न्यू रिलीज



### आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज

आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म 'मेरे रहो' 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म 'मेरे रहो' में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे कर रहे हैं। इस फिल्म निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म 'मेरे रहो' आमिर और मंसूर की 17 साल बाद एक साथ वापसी है, जो पहले 'जाने तू या जाने ना' जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं। फिल्म 'जाने तू या जाने ना' 2008 में रिलीज हुई थी।

### 'जो अजब है, वो गजब है' के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट, सिद्धू ने किया लॉन्च

नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन "दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग", उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है, जिन्हें समाज की सोच रोकती है। ये लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडियाज गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन "जो अजब है, वो गजब है" इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, "मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। ये कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं, बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं।" इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9 :30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

## फिल्म समीक्षा

### मिराई 2025.. हिंदी डब (तेलुगु)

कार्तिक घट्टेमेनी इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं और तेजा सज्जा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मैंने पहले कार्तिक की ईगल फिल्म देखी थी। आइडिया के स्तर पर, वह फिल्म अच्छी थी, लेकिन उसका क्रियान्वयन खराब था।




मिराई का कॉन्सेप्ट ठीक है और प्रस्तुति भी ठीक थी। कहानी में कुछ चीजें छूट गई हैं, लेकिन फिल्म के कुल मिलाकर अच्छे अनुभव से नजरअंदाज किया जा सकता है। दृश्यात्मक रूप से, फिल्म बहुत खूबसूरत है, कुछ दृश्यों में वीएफएक्स एआई का इस्तेमाल कमाल का था और ट्रेन वाले सीक्वेंस में क्लाइमेक्स थोड़ा कमजोर लगा। कम बजट में फिल्म ने जो गुणवत्ता दी है, वह वाकई बेहतरीन है। कार्तिक ने पिछली फिल्म के मुकाबले निर्देशन में काफी सुधार किया है। कुछ दृश्यों में बैकग्राउंड बनाने में थोड़ी कमी लगी और क्लाइमेक्स में दोनों किरदारों के हत्यारे को इस तरह मोड़ने का आइडिया पसंद आया कि सीक्वेंस प्रेडिक्टेबल न लगे। उन्हें किरदारों की गहराई और भावनाओं पर कड़ी मेहनत करनी चाहिए थी। फिल्म में भावनाएं बहुत कम हैं, जो भी थोड़ी-बहुत हैं, वे नायक की मां द्वारा रची गई हैं और मां का किरदार हमें बांध लेता है। संक्षेप में, कहानी कुछ इस प्रकार है: सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद नौ धार्मिक ग्रंथ लिखे, उन ग्रंथों में शक्ति है और दुनियाभर में कुछ लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन ग्रंथों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह फिल्म एक्शन एडवेंचर शैली में बिल्कुल फिट बैठती है। फिल्म में कई अच्छी सकारात्मक बातें हैं, इसलिए आप इस फिल्म को उसके लिए देख सकते हैं। **समीक्षक**-शिवकांत पालवे

### इंस्पेक्टर जेंडे




यह फिल्म सन उन्नीस सौ अस्सी के दशक मे मुंबई पुलिस के एक इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के जीवन के उस हिस्से की कहानी कहती है जब उसने वास्तव में कुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय अपराधी और हत्यारे चार्ल्स शोभराज को दो बार पकड़ा था। उस इंस्पेक्टर का रोल कर रहे हैं मनोज बाजपेई। दिल्ली की तिहाड़ जेल से वहां के सभी स्टाफ को उसके जन्मदिन पर खीर में नींद की दवा खिलाकर फरार हुए चार्ल्स को मुंबई में देखा गया था इसलिए वहां की डीजीपी (सचिन खेड़े) ने यह काम झेंडे को सौंपा था। यहां पर नेटफ्लिक्स के लिए फिल्म बनाने का काम सौंपा गया है निर्देशक चिन्मय मांडलकर को। यह पता नहीं कि फिल्म को कॉमेडी जॉनर में क्यों बनाया गया पर निर्देशक और सारे कलाकारों द्वारा यह निश्चित किया गया है कि किसी दर्शक को गलती से भी कभी हंसी न आ जाए।
यह मजाक किसके साथ हुआ? हमारे, आपके साथ या उस कुशल सचमुच का इंस्पेक्टर झेंडे के साथ? तो क्या 1980 में सारे पुलिस वाले यानी दिल्ली, मुंबई और गोवा के इतने बेवकूफ होते थे? मनोज बाजपेई अब भटकने लगे हैं। उनका कोई भी मुंह चाहे कितनी भी आंखे, होठ और मांसपेशियां फैला या सिकोड़ कर बनाया गया हो, किसी को भी हंसा नहीं पाया। यहां तक कि फाइट्स के दृश्यों में हंसाने की नाकाम कोशिश हुई।
मुझे सिर्फ चार्ल्स के रोल में जिम सरभ और झेंडे की पत्नी के रोल में गिरिजा ओक अच्छे लगे, क्योंकि उन्होंने निर्देशक के हंसाने के निर्देश को नहीं माना। इससे पहले इंस्पेक्टर झेंडे पर एक डॉक्यूमेंट्री 2023 में बनाई गई थी, उसकी आईएमडीबी रेटिंग लगभग 9 थी। फिर किस खुशी में इस फिल्म को बनाया गया? इस फिल्म को देखिए और मनोज बाजपेई के लिए प्रार्थना कीजिए कि वह हमें पहले वाला मनोज फिर से ला दें और ये निर्देशक महोदय फिर से अपना कोर्स पढ़ें। **समीक्षक** –बृज राज नारायण सक्सेना

## 'द बैटल ऑफ शत्रुघाट' में नजर आएंगे गुरमीत चौधरी

जाने माने अभिनेता गुरमीत चौधरी फिल्म 'द बैटल ऑफ शत्रुघाट' में काम करते नजर आएंगे। फिल्म द बैटल ऑफ शत्रुघाट का निर्देशन शाहिद काजमी कर रहे हैं और इसे सज्जाद खाकी व शाहिद काजमी ने लिखा है। इसमें गुरमीत चौधरी, आरुषि निशंक और सिद्धार्थ निगम मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। गुरमीत चौधरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक शानदार पोस्टर साझा किया, जिसे देखकर फैन्स उत्साहित हो उठे। हर कोई इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के बारे में और जानने को बेताब है। फिल्म में मजबूत सह–कलाकारों की टोली भी है, जिसमें महेश मांजरेकर, रजा मुराद और जरीना वहाब शामिल हैं। शाहिद काजमी के निर्देशन और पीवाई मीडिया, हिल क्रेस्ट मोशन्स व शाहिद काजमी फिल्म्स के प्रोडक्शन में यह प्रोजेक्ट एक ऐसा सिनेमाई अनुभव बनने जा रहा है, जो ऐतिहासिक युद्ध को परदे पर जिंदा कर देगा। फिल्म की भव्यता में और इजाफा कर रहे हैं। दरशन भगवानदासस कामवाल, जो कॉस्ट्यूम और स्टाइलिंग की कमान संभाल रहे हैं। इससे दर्शकों को असली दौर की झलक और भव्य विजुअल्स देखने को मिलेंगे। द बैटल ऑफ शत्रुघाट फिलहाल शूटिंग फ्लोर पर है।



## सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती : सई मांजरेकर





अभिनेत्री सई मांजरेकर का कहना है कि उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है। सई मांजरेकर, जिन्होंने पहले ही बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है, अपनी प्राथमिकताओं को लेकर साफ हैं। उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है। सई ने कहा कि मेरा मानना है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती। असल मायने रखती है कहानी और उसका दर्शकों से जुड़ाव।

अभी मैं बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री पर ध्यान दे रही हूं, लेकिन आगे चलकर मैं एक अच्छी मराठी फिल्म जरूर करना चाहूंगी। जब तक स्क्रिप्ट रोमांचक हो और डायरेक्टर का विजन मजबूत हो, मैं किसी भी इंडस्ट्री को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हूं। सई मांजरेकर ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की तुलना करते हुए कहा कि दोनों जगह काम करने का मौका मिलने के बाद मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री की अपनी अलग पहचान और जादू है। बॉलीवुड में कहानियों को बड़े भावनात्मक अंदाज में दिखाया जाता है, जबकि साउथ में मैंने अनुशासन और कला के प्रति गहरा सम्मान देखा, जो मुझे बेहद पसंद आया। दोनों अनुभवों ने मुझे अलग-अलग तरह से गढ़ा है और मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि दोनों का हिस्सा हूं। मेरे लिए यह सफर दोनों की अच्छाइयों को अपनाने और हर प्रोजेक्ट के साथ आगे बढ़ने का है। सई मांजरेकर की सोच पर घर का भी असर रहा है। उनके पिता, मशहूर फिल्ममेकर और अभिनेता महेश मांजरेकर, आठ अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके हैं और उन्होंने सई को दिखाया कि अच्छी कहानियां सीमाओं को पार कर सकती हैं। उसी से प्रेरित होकर सई भी अपना एक ऐसा बहुभाषी सफर तय करना चाहती हैं, जिसमें मुख्यधारा का आकर्षण भी हो और दिल को छूने वाली कहानियां भी।

## कौन हैं करिश्मा जिन्होंने चलती ट्रेन से लगा दी छलांग

'रागनी एमएमएस रिटर्न्स' में लीड रोल में नजर आईं एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा के ट्रेन हादसे की खबर से हर कोई स्तब्ध है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी हेल्थ अपडेट दी है और दुआओं की गुजारिश की है।



### कैसे हुआ हादसा

करिश्मा शर्मा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए ट्रेन हादसे की खबर शेयर की है। उनकी मानें तो हादसा तब हुआ, जब वे एक शूट के लिए मुंबई लोकल से चर्चगेट जा रही थीं। उनकी दोस्त ट्रेन में सवार नहीं हो पाई थी, जिसकी वजह से वे घबरा गईं और उन्होंने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। वे अब अस्पताल में भर्ती हैं।

### बॉलीवुड का सफर

करिश्मा शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल हैं। वे 2013 से लगातार एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। उन्होंने 2014 में जी टीवी के पॉपुलर शो 'पवित्र रिश्ता' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस शो में उन्हें पिया अर्जुन किर्लोस्कर के रोल में देखा गया था। बाद में उन्होंने टीवी पर 'एमटीवी वेब्ड', 'प्यार तूने किया किया', 'ये है मोहब्बतें', 'सिलसिला प्यार का' जैसे फिक्शन और 'कॉमेडी सर्कस' और 'द कपिल शर्मा शो' ऐसे कॉमेडी शोज में भी काम किया।

### 2016 में किया था बॉलीवुड डेब्यू

करिश्मा शर्मा ने बॉलीवुड में कदम कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' से रखा था। इस फिल्म में उनका छोटा सा, लेकिन महत्वपूर्ण रोल था। इसके बाद वे 'होटल मिलन', 'उजड़ा चमन' और 'एक विलेन रिटर्न्स' जैसी फिल्मों में भी दिखाई दीं। यहां तक कि ऋतिक रोशन स्टारर 'सुपर 30' के गाने 'पैसा' में भी उनका कैमियो था। इसमें वे बार डांसर की भूमिका में दिखी थीं।

### ओटीटी पर मिली पहचान

करिश्मा शर्मा को असली पहचान ओटीटी पर आने के बाद मिली थी, जब उन्होंने ऑल्ट बालाजी की इरोटिक हॉरर वेब सीरीज 'रागिनी एमएमएस रिटर्न्स' में लीड रोल निभाया। एकता कपूर ने इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था और 2017 में यह रिलीज हुई थी। करिश्मा 'हम : आई एम बिकॉज ऑफ अस' और 'फिक्सर' जैसी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं।

### एक्ट्रेस बनने से पहले क्या करती थीं करिश्मा

करिश्मा शर्मा का जन्म मुंबई में हुआ। वे दिल्ली और पटना में रह चुकी हैं। उन्होंने बीएमडब्लू में मार्केटिंग इंटर्न के तौर काम किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने कई फैशन डिजाइनर्स के लिए रैम्प वॉक किया था। बताया जाता है कि करिश्मा सिंगर बनना चाहती थीं और कई सिंगिंग कम्पटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। वे गजेन्द्र वर्मा के 'तेरा घाटा' और जुबिन नौटियाल के 'बरसात की धुन' और 'दिल गलती कर बैठा है' जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी दिख चुकी हैं।



## दवा निर्माता उपभोक्ताओं को दें कटौती का लाभ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने को कहा है। प्राधिकरण ने कहा कि दवाएं बेचने वाले सभी निर्माता और विपणन कंपनियां दवाओं (चिकित्सा उपकरणों सहित) के मूल्य में संशोधन करेंगी। निर्माता और विपणन कंपनियां डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, राज्य औषधि नियंत्रकों व सरकार को जीएसटी दरों और मूल्य को दर्शाते हुए मूल्य या पूरक मूल्य सूची जारी करेंगी।

अमृत विचार
लखनऊ, रविवार, 14 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

#### लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क न लगाने का आग्रह

**नई दिल्ली।** खनन कंपनियों के संगठन एफआईएमआई ने सरकार से निम्न श्रेणी के लौह अयस्क पर कोई निर्यात शुल्क नहीं लगाने का अनुरोध किया है। संगठन ने कहा है कि किसी भी कदम से संसाधनों की बर्बादी होगी, खनन कार्य प्रभावित होगा, रोजगार में कमी आएगी और खदान स्थलों पर अनुपयोगी लौह अयस्क के भंडारण से पर्यावरण को नुकसान होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को हाल ही में लिखे पत्र में फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) ने कहा कि निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क के प्रभावी उपयोग और मुद्रीकरण तथा घरेलू इस्पात उद्योग के लिए लौह अयस्क की उपलब्धता बढ़ाने को हम अनुरोध करते हैं कि निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क के निर्यात पर कोई निर्यात शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

#### छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि आकलन 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। आयकर विभाग ने एक्स पर कहा कि करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद, जिन्होंने हमें अब तक छह करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) तक पहुंचने में मदद की है और यह संख्या अभी भी जारी है। आईटीआर फाइलिंग, कर भुगतान और अन्य संबंधित सेवाओं के लिए करदाताओं की सहायता के लिए हेल्पडेस्क चौबीसों घंटे काम कर रहा है, और विभाग अन्य माध्यम से भी सहायता प्रदान कर रहा है।

#### बिरला कॉरपोरेशन के प्रस्ताव पर कोर्ट की रोक

**कोलकाता।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कहा कि कोलकाता की अदालत ने एकपक्षीय आदेश पारित करते हुए कंपनी को अपनी आगामी 105वीं वार्षिक आम बैठक में 'ऑर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' से संबंधित प्रस्ताव पर मतदान से रोक दिया है। एजीएम 15 सितंबर को होने वाली है। 'ऑर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो किसी कंपनी के आंतरिक संचालन, नियमों और विनियमों को परिभाषित करता है। इसमें निदेशकों की जिम्मेदारियां, वित्तीय रिकॉर्ड का प्रबंधन और शेयरधारकों के अधिकार शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि 11 सितंबर का यह आदेश पांच शेयरधारकों द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में आया।

# घर खरीदारों के हितों की रक्षा करें केंद्र

## उच्चतम न्यायालय ने कहा- आवासीय परियोजनाओं के लिए पुनरुद्धार कोष पर करें विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



• न्यायालय ने कहा- सरकार ऐसा ढांचा बनाए, जिससे डेवलपर को खरीदारों से धोखाधड़ी या शोषण करने की अनुमति न हो

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए संकटग्रस्त परियोजनाओं के लिए एक पुनरुद्धार कोष बनाने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने कर देने वाले मध्यम वर्ग के नागरिकों की परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें से कई के लिए घर का समान अधूरा रह गया है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्य का संवैधानिक दायित्व है कि वह एक ऐसा ढांचा बनाए और उसे सख्ती से लागू करे जहां किसी भी डेवलपर को घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी या शोषण करने की अनुमति न हो। पीठ ने कहा कि देश की शहरी नीति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवासीय परियोजनाएं समय पर पूरी हों। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह जरूरी है कि रेरा प्राधिकरण 'दंतविहीन बाघ' न बन जाएं और उन्हें पर्याप्त बुनियादी ढांचे, सशक्त न्यायाधिकरणों और प्रभावी प्रवर्तन तंत्रों से लैस किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रेरा के आदेशों को अक्षरशः और शीघ्रता से लागू करना चाहिए। यह टिप्पणी करते हुए कि सरकार 'मूक दर्शक' बनी नहीं रह सकती, पीठ ने कहा कि सरकार संवैधानिक रूप से घर खरीदारों और समग्र अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है।

### निकाय की स्थापना पर भी करें विचार

पीठ ने कहा कि केंद्र राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) या अन्य की तर्ज पर रियल एस्टेट और निर्माण केंद्रित सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से एक निकाय की स्थापना पर भी विचार कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि कुछ मामलों में पूरा या पर्याप्त भुगतान करने के बावजूद निर्माण शुरू भी नहीं हुआ है और भारी भरकम भुगतान करने के बावजूद घर न होने की चिंता स्वास्थ्य, उत्पादकता और सम्मान पर गंभीर असर डालती है।

### तीन महीने में एक समिति गठित करें

उच्चतम न्यायायाल की दो न्यायाधीशों वाली पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार सीआईआरपी (कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया) से गुजर रही संकटग्रस्त परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए एनएआरसीएल के तहत एक पुनरुद्धार कोष स्थापित करने पर भी विचार कर सकती है। न्यायालय ने राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रेरा प्राधिकरणों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा, विशेषज्ञ और संसाधन हों। पीठ ने कहा कि तीन महीने के भीतर उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जानी चाहिए, जिसमें कानून, आवास मंत्रालय और रियल एस्टेट तथा वित्त के क्षेत्र विशेषज्ञ शामिल हों। यह समिति रियल एस्टेट क्षेत्र में स्वच्छता और विश्वसनीयता लाने के लिए सुझाव देगी।

## डीलरों को दी जाने वाली बिक्री पश्चात छूट पर जीएसटी लागू नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि विनिर्माताओं द्वारा डीलरों को केवल प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए दी जाने वाली बिक्री पश्चात छूट पर जीएसटी लागू नहीं होगा।

• डीलर निर्माता के लिए अभियान चलाता है, तो छूटों पर जीएसटी देय होगा

बोर्ड ने कहा कि अगर निर्माता और डीलर ने समझौता किया हो, जिसके तहत डीलर निर्माता की ओर से सह-ब्रांडिंग, विज्ञापन या बिक्री अभियान जैसी गतिविधियां संचालित करता है, तो छूटों पर जीएसटी देय होगा। जीएसटी के अंतर्गत द्वितीयक या बिक्री पश्चात छूट के संबंध में परिपत्र जारी करते हुए सीबीआईसी ने यह बात कही। बोर्ड को इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देने के लिए कई अभ्यावेदन मिले थे। बोर्ड ने कहा कि जब डीलरों को बिक्री पश्चात ऐसी छूट मिलती है, तो वे बिक्री बढ़ाने के लिए प्रचार गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं।

# पीएसयू बैंक विकसित भारत 2047 में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी



• वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने उभरते उद्योगों में भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अस्तित्व और स्थिरता के दौर से आगे बढ़ चुके हैं और अब 'विकसित भारत 2047' की यात्रा में वृद्धि, नवाचार और नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हैं। नागराजू ने शनिवार को संपन्न हुए दो दिवसीय पीएसबी मंथन को संबोधित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की आकांक्षा रखने को कहा।

उन्होंने शासन और परिचालन लचीलेपन को मजबूत करने तथा पारंपरिक और उभरते उद्योगों में अपनी भूमिका बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की ओर से आयोजित 'पीएसबी मंथन 2025' का विषय - विकसित भारत के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की पुनर्कल्पना था। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, नियामक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद, प्रौद्योगिकीविद् और बैंकिंग व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राहक अनुभव, शासन, नवाचार, ऋण वृद्धि, जोखिम प्रबंधन और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण पर चर्चा हुई।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रमुख सुझावों में अगली पीढ़ी की तकनीकों को अपनाना, साझा बुनियादी ढांचा बनाना और व्यक्तिगत उत्पादों को तैयार करना शामिल था।

# भारत, यूरोपीय संघ जल्द ही व्यापार समझौते पर काम करने को प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी



• दोनों पक्षों के आधिकारिक दलों ने की 13वें दौर की वार्ता

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं।

यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक और यूरोपीय कृषि आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने यहां आए थे। दोनों पक्षों के आधिकारिक दलों ने 13वें दौर की वार्ता की। गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के 13वें दौर की बातचीत के लिए आपकी मेजबानी करके हमें खुशी हुई। हम जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि दोनों पक्षों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हों। आपकी यात्रा के लिए धन्यवाद।

वहीं 13वें दौर की वार्ता से एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के कृषि एवं खाद्य आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन और व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफ्कोविक के साथ-साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के अन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह मुलाकात एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्रता से संपन्न करने के प्रयासों के तहत हुई।

# शिकागो एक्सचेंज में मजबूती से तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

• नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई, निर्यात की कमजोर मांग से मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित



शिकागो एक्सचेंज में शुक्रवार की रात 1.25% का सुधार रहने के कारण घरेलू बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर अनुकूल असर दिखा और इनके दाम मजबूत बंद हुए।

वहीं सहकारी संस्था नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। निर्यात की कमजोर मांग के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित बंद हुए।

बाजार सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश की मंडियों में सोयाबीन के नये फसल की छिटपुट आवक शुरु हो गई है और इसमें अभी 20-25 प्रतिशत नमी होने की शिकायत मिल रही है। उल्लेखनीय है कि इस नयी सोयाबीन फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,328 रुपये क्विंटल है। पुराने कम एमएसपी वाले सोयाबीन को खपने में मुश्किलें आ रही हैं और इससे अधिक एमएसपी वाला सोयाबीन कैसे खपने का रास्ता बनेगा, इस पर ध्यान देने की जरुरत है।

### देशी बाजारों में तेजी का घरेलू बाजार पर असर नहीं

उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार की ओर से सहकारी संस्था नेफेड, हाजिर दाम से काफी नीचे दाम यानी 4,300 रुपये क्विंटल पर सोयाबीन तिलहन बेच रही है। इन स्थितियों के बीच सोयाबीन प्लांट वालों और किसानों में घबराहट है। सूत्रों ने कहा कि त्योहारों की मांग होने से भी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार है। पर विदेशी बाजारों में जिस तरह से तेजी है, उतना असर घरेलू बाजार में नहीं है। सरसों के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की चीन से अच्छी मांग है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम में पहली रेलवे लाइन और विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की

# देश के रेलवे नेटवर्क के साथ एकीकृत हुआ मिजोरम

आइजोल, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम में बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन समेत 9,000 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की, जिसके साथ ही राज्य अब देश के रेलवे नेटवर्क के साथ पूरी तरह से एकीकृत हो गया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्वोत्तर राज्य की दूसरी यात्रा के दौरान, मोदी ने आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और रेल, राजमार्ग, ऊर्जा व खेल बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की।

मोदी ने आइजोल से 37 किमी दूर लेंगपुई हवाई अड्डे से परियोजनाओं की शुरुआत की, क्योंकि भारी बारिश से उनका हेलीकॉप्टर शहर के मध्य में स्थित लामुअल ग्राउंड के लिए उड़ान नहीं भर सका, जहां से उन्हें राष्ट्र को विभिन्न पहल समर्पित करनी थीं और एक जनसभा को संबोधित करना था। एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मिजोरम में 9,000 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने 8,070 करोड़ की लागत वाली बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जिसके तहत राज्य की राजधानी आइजोल को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा गया। चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में बनी इस रेलवे लाइन के लिए जटिल भूगर्भीय परिस्थितियों में 45 सुरंगें बनाई गई हैं।

मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह, मुख्यमंत्री लालदुहोमा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव लामुअल मैदान में मौजूद थे। 51.38 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन परियोजना केंद्र की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण मानी जाने वाली बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन को 2008-09 में मंजूरी दी गई थी और इसका निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इस लाइन में 45 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल शामिल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सैरंग के पास स्थित पुल 114 मीटर ऊंचा है, जो कुतुब मीनार से ज्यादा है। यह देश का खंभों वाला सबसे ऊंचा पुल है। इस रेल मार्ग में पांच सड़क ओवरब्रिज और छह अंडरपास हैं। इस रेल मार्ग पर बैराबी के अलावा चार मुख्य स्टेशन-होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग पड़ते हैं। मिजोरम और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधे रेल संपर्क से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, कुशल व किफायती यात्रा विकल्प मिलेगा।

### पूर्वोत्तर में 77,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं हो रहीं क्रियान्वित

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में 77,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी से मिजोरम में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के उत्पादों के लिए नए बाजार खोजने में मदद मिलेगी। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास प्रधानमंत्री की एक्ट ईस्ट नीति का परिणाम है...2014 से पहले, पूर्वोत्तर के लिए रेलवे का बजट 2,000 करोड़ रुपये हुआ करता था, और प्रधानमंत्री ने इसे पांच गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया। हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने जब एक्ट ईस्ट नीति शुरू की तब पूर्वोत्तर का विकास शुरू हुआ। इससे पहले यह केवल लुक ईस्ट नीति थी। प्रधानमंत्री द्वारा बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन करने के बाद वैष्णव ने कहा कि मिजोरम की राजधानी को रेलवे से जोड़ा गया है और यह एक ऐतिहासिक दिन है।

# कुलपति के बायोडाटा में शामिल करें यौन उत्पीड़न का आरोप : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



• पश्चिम बंगाल के विवि के संकाय सदस्य की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि गलती करने वाले को माफ करना उचित हो सकता है, लेकिन गलती को भूलना नहीं चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए निर्देश दिया कि एक विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़ा उसका फैसला उनके बायोडाटा का हिस्सा बनाया जाए, ताकि यह उसे हमेशा परेशान करता रहे, भले ही शिकायत समयसीमा से बाहर होने से खारिज हो गई हो।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसने दिसंबर 2023 में कुलपति पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) के उस फैसले को बहाल करने में कोई कानूनी त्रुटि नहीं की है, जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता की ओर से शिकायत किए जाने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है और शिकायत को खारिज किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि गलती करने वाले को माफ करना उचित हो सकता है, लेकिन गलती को भूलना नहीं चाहिए। अपीलकर्ता (संकाय सदस्य) के खिलाफ जो गलती हुई है, उसकी तकनीकी आधार पर जांच नहीं की जा सकती, लेकिन उसे भूलना नहीं चाहिए।

### हाईकोर्ट के आदेश को किया खारिज

पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील को खारिज करते हुए कहा कि हम निर्देश देते हैं कि कुलपति द्वारा कथित यौन उत्पीड़न को माफ किया जा सकता है, लेकिन वह गलती उसे हमेशा सताती रहे। इसलिए, यह निर्देश दिया जाता है कि इस फैसले को प्रतिवादी के बायोडाटा का हिस्सा बनाया जाए, जिसका अनुपालन वह सुनिश्चित करें। अपीलकर्ता ने दिसंबर 2023 में एलसीसी में कुलपति पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी।

# बादल फटने से वाहन मलबे में दबे, खेतों को भारी क्षति

शिमला, एजेंसी



• बिलासपुर जिले में तड़के तीन बजे नैना देवी विस क्षेत्र में हुई घटना

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में शनिवार तड़के बादल फटने से कई वाहन मलबे में दब गए और फसलें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों के मुताबिक बादल फटने की घटना तड़के तीन बजे नैना देवी विधानसभा क्षेत्र के नम्होल क्षेत्र के गुटराहन गांव में हुई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

स्थानीय निवासी कश्मीर सिंह ने बताया कि पानी के तेज बहाव से मलबा खेतों में जमा हो गया और फसलें नष्ट हो गईं। कई वाहन मलबे में दब गए। बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि चार वाहन मलबे में दब गए। फसल क्षति का आकलन हो रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद राहत प्रदान की जाएगी। घटना की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग ने जल्द यातायात बहाल करने के लिए मलबा हटाना शुरू कर दिया है। चंबा जिले के भटियात क्षेत्र के ममल और कमलारी गांवों में पानी और मलबे से घरों को नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। शिमला में कोहरे से दृश्यता कम रह गई, जिससे वाहन चालकों को असुविधा हुई।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

## सोनम ने आरोपपत्र में 'खामी' होने का किया दावा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून मनाने गये राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी ने जमानत याचिका दायर की है। सोहरा उप-मंडल के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सोनम की याचिका पर सुनवाई 17 सितंबर को करना निर्धारित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक तुषार चंद्रा ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने मामले के रिकॉर्ड की जांच के लिए समय मांगा। सोनम के वकील ने इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या में दाखिल आरोपपत्र में 'खामी होने' का दावा किया है। सोहरा के वेइसाडोंग के पास पार्किंग में तीन लोगों ने राजा की हत्या कर दी थी। राजा सोनम के साथ हनीमून मनाने मेघालय आया था।

# विधानसभाओं को रैंक देने को विधायी सूचकांक का प्रस्ताव

बेंगलुरु, एजेंसी



• लोस अध्यक्ष बिरला ने प्रदर्शन का आकलन कई मानदंडों से करने की कही बात

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभाओं और विधान परिषदों को उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक देने के लिए राष्ट्रीय विधायी सूचकांक स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

बिरला ने शनिवार को कहा कि उनके प्रदर्शन का आकलन कई मानदंडों पर हो सकता है, जैसे कि प्रति वर्ष होने वाली बैठकों की संख्या, सदन की उत्पादकता, बहस की गुणवत्ता, तकनीक का उपयोग और कई समितियों की प्रभावशीलता। बिरला ने 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ-भारत क्षेत्र सम्मेलन से इतर कहा कि हम अगले साल जनवरी में लखनऊ में पीठासीन अधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय विधायी सूचकांक पर विचार करेंगे। दिल्ली विस अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को राष्ट्रीय विधायी सूचकांक पर प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है, जिस पर लखनऊ में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में चर्चा होगी। सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए, बिरला ने सभी विधानमंडलों से कार्यवाही और बहस की गुणवत्ता के लिए मानक स्थापित करने का आग्रह किया।

## बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में चिकित्सक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी इलाके में निजी वाक चिकित्सा केंद्र में छह वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 32 वर्षीय चिकत्सक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी को आठ सितंबर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 35(3) के तहत गिरफ्तार किया गया। घटना की जानकारी सात सितंबर को तब मिली जब बच्ची की मां ने बेटी के असामान्य व्यवहार को देखकर संदेह जताया। महिला की बेटी को बोलने में दिक्कत है और वह 19 अगस्त से केंद्र में 45 मिनट के लिए जाती थी। छह सितंबर को जब बच्ची कक्षा से वापस आई, तो उसने यौन गतिविधियों की नकल की, जिससे उसकी मां चिंतित हो गई।

# भारत-पाकिस्तान मैच राष्ट्रीय भावनाओं का अपमान : उद्धव

मुंबई, एजेंसी



• शिवसेना (उबाठा) प्रमुख ने की महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा

शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना राष्ट्रीय भावना का अपमान है क्योंकि भारतीय सैनिक सीमा पर अपनी जान कुर्बान कर रहे हैं। उन्होंने पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

उद्धव ने मुंबई में कहा कि एशिया कप में रविवार को दोनों देशों के बीच होने वाले मैच का बहिष्कार दुनिया को आतंकवाद पर हमारे रुख से अवगत कराने का एक अवसर है। यह मैच राष्ट्रीय भावनाओं का अपमान है। उद्धव ने पूछा कि क्या हमें पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना चाहिए जबकि हमारे सैनिक सीमा पर जान कुर्बान कर रहे हैं? उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए मैच को देशभक्ति का मजाक करार दिया। उद्धव ने अपने आवास 'मातोश्री' में बाल ठाकरे और पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद की मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पिता ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान से आतंकी गतिविधियां जारी रहेंगी, तब तक कोई मैच नहीं होगा।

## बीच पर सफाई अभियान



मुंबई में शनिवार को दादर बीच पर युवा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए, जो बीच प्लीज नामक एक युवा समुदाय द्वारा संचालित किया जाता है। यह समुदाय दादर बीच, मीठी नदी बेसिन, और नवी मुंबई के मैंग्रोव जंगलों में सफाई अभियान चलाता है। एजेंसी

# चर्चा में लबूबू डॉल

लबूबू डॉल इस समय काफी चर्चा में है, खासकर बॉलीवुड और सोशल मीडिया पर। यह डॉल एक फैशन स्टेटमेंट बन चुकी है, जिसे कई सेलेब्स जैसे अनन्या पांडे, उर्वशी रौतेला और भारती सिंह ने फ्लॉन्ट किया है। अजीब और डरावनी दिखने वाली गुड़िया की बड़ी-बड़ी आंखें, शैतान की तरह नुकीले दांत और शैतानी मुस्कान वाली लाबुबू डॉल इतने ट्रेंड में है कि इसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच चुकी है। लोग इसे चाबी के छल्ले से लेकर बैग तक में की-चेन की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, लाबुबू एक काल्पनिक कैरेक्टर है, जिसे साल 2015 में हांगकांग के आर्टिस्ट 'कासिंग लुंग' ने बनाया था। ये नॉर्डिक परियों की कहानियों से प्रेरित है। इसका लुक जितना डरावना है, उतना ही प्यारा और स्टाइलिश भी माना जाता है और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।



### इसलिए खरीद रहे हैं लोग

- लाबुबू डॉल दिखने में यूनिक और अजीब तरह से प्यारी है। लिमिटेड एडिशन होने से इसकी वैल्यू और बढ़ जाती है।
- के-पॉप स्टार लीसा (ब्लैकपिंक) ने भी सोशल मीडिया पर लाबुबू डॉल के साथ फोटो शेयर की थी, जिसके बाद अब तक कई बड़े इंटरनेशनल सेलेब्रिटीज इस ट्रेंड का हिस्सा बन चुके हैं।
- रिहाना से लेकर दुआ लीपा और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे तक इस डॉल के साथ नजर आ चुकी हैं। ऐसे में लाबुबू डॉल नया फैशन ट्रेंड बन चुका है।

### चीन की कंपनी पॉप मार्ट ने मशहूर किया

- लाबुबू को चीन की कंपनी पॉप मार्ट ने मशहूर किया। साल 2019 में कंपनी ने इसे 'ब्लाइंड बॉक्स' फॉर्मेट में बेचना शुरू किया। यानी इसे एक बॉक्स में बेचा जाता है लेकिन बॉक्स के अंदर कौन-सी डॉल निकलेगी, ये पता नहीं होता है. ऐसे में लोग इसे लकी ड्रॉ की तरह खरीद रहे हैं। जब तक उन्हें अपनी पसंद का लबूबू न मिल जाए, वो इस ब्लाइंड बॉक्स को बार-बार खरीदते हैं। बॉक्स खोलने का एक्साइटमेंट और फिर उसमें से एक खास या लिमिटेड एडिशन डॉल निकलने की खुशी, इसी के चलते धीरे-धीरे लाबुबू डॉल की पॉपुलैरिटी इतनी बढ़ गई।

### कुछ सितारों ने बताएं बेहद खराब अनुभव

अर्चना गौतम ने एक डरावना किस्सा शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एक दोस्त के लबूबू डॉल लाने के बाद उसके पापा की मृत्यु हो गई और शादी टूट गई। उन्होंने लोगों को यह डॉल न खरीदने की सलाह दी है । कॉमेडियन भारती सिंह ने अपने बेटे गोला के व्यवहार में बदलाव के कारण लबूबू डॉल को जलाकर नष्ट कर दिया था। उनका कहना है कि डॉल के आने के बाद उनका बेटा ज्यादा शरारती हो गया था। बाद में उन्हें राज कुंद्रा से एक और लबूबू डॉल मिली, जिसे उन्होंने दफनाने का फैसला किया ।

### क्रेज इतना की आसमान छू रहे दाम

हाल ही में बीजिंग में एक 131 सेंटीमीटर ऊंची लाबुबू डॉल की नीलामी 1.08 मिलियन युआन यानी करीब 1.2 करोड़ रुपये में हुई। इसके छोटे वर्जन भी लाखों में बिक रहे हैं। अब तो आधे से ज्यादा एक्टर्स भी अपने बैग पर डॉल को कीचैन की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडीयो वायरल हो रहे हैं जिसमें अभिभावक को इस गुड़िया से बच्चों को दूर रखने की सलाह दी जा रही है। क्योंकि कई लोग इसके शैतानी होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि हम नहीं करते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप

**मॉस्को।** रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार तड़के 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूविज्ञान सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 111.7 किलोमीटर पूर्व में और जमीन में 39 किलोमीटर की गहराई पर था। किसी तरह के जान माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशांत सुनामी चेतावनी प्रणाली ने संक्षेप में कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा है, लेकिन बाद में अपनी वेबसाइट से इस खतरे को हटा दिया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में समुद्र के स्तर में मामूली बदलाव के बारे में चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसका मतलब है कि नुकसान की संभावना बहुत कम है।

### खैबरपख्तूनख्वा में 35 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि दोनों अभियानों में आतंकवादियों से लड़ाई में 12 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। आईएसपीआर के मुताबिक, ये अभियान पिछले चार दिन में चलाए गए। उसने बताया कि सुरक्षा बलों ने बाजौर जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया और भीषण मुठभेड़ में टीटीपी के 22 आतंकवादी मारे गए।

### डलास में होगा भारतीय व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के होटल मैनेजर चंद्रमौली बॉब नागमलैय्या का अंतिम संस्कार उनका परिवार टेक्सास के फ्लावर माउंड स्थित फ्लावर माउंड फैमिली फ्यूनरल होम में करेगा। चंद्रमौली "बॉब" नागमलैय्या की अमेरिका के डलास में इस सप्ताह हत्या कर दी गई थी। चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की हत्या उसके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज (37) ने चाकू से हमला करके की थी। नागमलैय्या पर हमले की गवाह उनकी पत्नी निशा और 18 वर्षीय बेटे गौरव की मदद के लिए शुरू किए गए चंदा अभियान के तहत करीब दो लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि एकत्र हो चुकी है। इस धनराशि का उपयोग नागमलैय्या के अंतिम संस्कार और गौरव की कॉलेज की पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए किया जाएगा।

# नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य

## दुकानें और शॉपिंग मॉल खुले, राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा- अगले साल 5 मार्च को होगा संसदीय चुनाव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू व प्रतिबंधात्मक आदेशों को शनिवार को हटा लिया गया, जिसके बाद दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। नेपाली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार को कोई प्रतिबंधात्मक आदेश या कर्फ्यू लागू नहीं है। वहीं नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को होगा। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के कार्यालय ने यह घोषणा की।

कई दिन तक बंद रहने के बाद दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल फिर से खुल गए तथा सड़कों पर आवाजाही फिर से शुरू हो गई। कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिनमें प्रमुख सरकारी इमारतें भी शामिल हैं। हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने इन इमारतों में तोड़फोड़ की थी और आग लगा दी थी। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी। इसके विरोध में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के प्रधानमंत्री कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री ओली ने इस्तीफा दे दिया था। आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को शुरू हुए 'जेन जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों में एक भारतीय नागरिक समेत कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है।



अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की काठमांडू के टुडीखेल स्थित ट्रॉमा सेंटर में प्रदर्शनों के पीड़ितों से मिलने पहुंचीं।

### देश में राजनीतिक अनिश्चितता का दौर हुआ समाप्त

काठमांडू। देश में एक सप्ताह तक चले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद अगले साल 5 मार्च को चुनाव कराने का फैसला लिया गया। विरोध प्रदर्शनों के कारण केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त की गईं। पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की (73) ने शुक्रवार रात देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही, देश में राजनीतिक अनिश्चितता का दौर समाप्त हो गया। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच, इस सप्ताह ओली के अचानक इस्तीफे के बाद यह स्थिति पैदा हुई थी।

### नेपाल के दलों और वकीलों ने संसद भंग करने को असंवैधानिक और मनमाना बताया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों और वकीलों के शीर्ष निकाय ने राष्ट्रपति के संसद भंग करने के फैसले की कड़ी आलोचना की और इस कदम को असंवैधानिक, मनमाना तथा लोकतंत्र के लिए एक गंभीर झटका बताया है। यह आलोचना शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक में प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफारिश किए जाने और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा इसे तुरंत मंजूरी दिए जाने के बाद आई। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के अनुसार, प्रतिनिधि सभा 12 सितंबर, 2025 की रात 11 बजे से भंग हो गई है। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने नए संसदीय चुनाव कराने की तारीख 21 मार्च, 2026 तय की है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने संसद भंग करने के इस कदम की निंदा की है। इस कदम को अस्वीकार करते हुए, देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, नेपाली कांग्रेस ने चेतावनी दी कि संविधान का उल्लंघन करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य होगी। एक समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में यह निष्कर्ष निकला कि संसद भंग करने के फैसले ने देश की लोकतांत्रिक उपलब्धियों को खतरे में डाल दिया है। नेपाली कांग्रेस के महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने कहा कि संविधान का कोई भी उल्लंघन गंभीर सवाल खड़े करता है। सीपीएन-यूएमएल के महासचिव शंकर पोखरेल ने इस कदम को चिंताजनक बताया। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेता के हवाले से समाचार पोर्टल ने कहा, अतीत में, संसद को भंग करने के अधिकतर सरकारों के प्रयासों को असंवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। विडंबना यह है कि वही आवाजें अब संसद को भंग करने का समर्थन कर रही हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए। सीपीएन (माओवादी केंद्र) ने भी प्रतिनिधि सभा को भंग करने के फैसले पर असहमति व्यक्त की।

# प्रधानमंत्री के रूप में कार्की की नियुक्ति महिला सशक्तिकरण का शानदार उदाहरण : मोदी

इंफाल, एजेंसी

- बोले-- नेपाल में सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को पदभार संभालने पर बधाई दी और उनकी नियुक्ति को महिला सशक्तीकरण का एक शानदार उदाहरण बताया। मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल साझा इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े घनिष्ठ मित्र रहे हैं तथा नई दिल्ली वहां सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से कार्की को बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि वह नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की शुक्रवार रात देश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। मोदी ने कहा, कार्की का उस देश के शीर्ष पद पर आसीन होना महिला सशक्तीकरण का एक उदाहरण है। कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने से कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता समाप्त हो गई। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण देशव्यापी आंदोलन के चलते केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले युवा प्रदर्शनकारियों की एक बैठक के बाद चुना गया था। मोदी ने नेपाल के लोगों की भी सराहना की और उल्लेख किया कि पिछले कुछ दिनों में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, कैसे नागरिक, खासकर युवक और महिलाएं, इमारतों की सफाई और रंग-रोगन में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं नेपाल के लोगों को भी बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इतने अशांत समय के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा है। मोदी ने कहा कि दोनों देश एक साथ आगे बढ़ रहे हैं तथा नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा और स्थिरता की आकांक्षा का समर्थन करने के लिए नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई।

# नाटो देशों से रूसी तेल खरीद बंद करने की अपील चीन पर 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, यदि सभी सहमत हो तो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देशों को यूक्रेन संघर्ष खत्म करने में मदद के लिए चीन पर 50 से 100% शुल्क लगाना चाहिए और रूस से तेल खरीदना बंद कर देना चाहिए। इससे एक दिन पहले अमेरिका ने जी-7 देशों से रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शुल्क लगाने का अनुरोध किया था।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते सभी नाटो देश सहमत हो जाएं और ऐसा ही करना शुरू कर दें तथा मास्को से तेल खरीदना बंद कर दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जीत के लिए नाटो की प्रतिबद्धता 100 प्रतिशत से बहुत कम रही है, और कुछ लोगों द्वारा रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा, यह रूस के साथ आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाजी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है। कहा कि जब नाटो देश सहमत होंगे, तो वह आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने से इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को खत्म करने में बहुत मदद मिलेगी। चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण व पकड़ है, और ये शक्तिशाली शुल्क उस पकड़ को तोड़ देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध उनका संघर्ष नहीं है और अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह संघर्ष कभी शुरू ही नहीं होता।

यह बाइडेन और जेलेंस्की का युद्ध है। मैं यहां केवल इसे रोकने और हजारों रूसी और यूक्रेनी लोगों की जान बचाने के लिए हूं... अगर नाटो मेरे कहे अनुसार करता है, तो युद्ध जल्दी खत्म हो जाएगा और जानें भी बच जाएगी! अगर नहीं, तो आप मेरा और अमेरिका का समय, ऊर्जा और पैसा बर्बाद कर रहे हैं।

## भारतीय मूल के व्यक्ति को मां की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास

**लंदन।** इंग्लैंड के बर्मिंघम स्थित घर में अपनी मां की हत्या करने वाले 39 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत के फैसले में कहा गया कि दोषी को पहले कम से कम 15 साल जेल में बिताने होंगे और इसके बाद ही उसे पैरोल दिए जाने पर विचार किया जाएगा। दोषी सुरजीत ने अपनी 76 वर्षीय मां मोहिंदर कौर की हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया था। पिछले वर्ष सितंबर में कई बार वार किए जाने से लगी चोट के कारण कौर की मौत हो गई थी। बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में सिंह को उस दौरान सजा सुनाई गई, जब यह बात सामने आई कि टीवी के रिमोट को लेकर हुए विवाद में नशे में धुत सिंह ने अपनी मां पर हमला कर दिया था।

# गाजा शहर पर हमले तेज, 32 की मौत

दीर अल-बलाह, एजेंसी

- इजराइल ने फलस्तीनियों से गाजा शहर को खाली करने की अपील की मृतकों में 12 बच्चे शामिल



इजराइल ने गाजा शहर में अपने हमले तेज कर दिए हैं और उसके हवाई हमलों में कम से कम 32 लोगों की मौत हुई है। चिकित्सा कर्मचारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि फलस्तीनियों से गाजा शहर खाली करने की अपील की गई है। शिफा अस्पताल के अनुसार, मृतकों में 12 बच्चे शामिल हैं।

इजराइल ने हाल के दिनों में गाजा शहर में हमले तेज कर दिए हैं, कई ऊंची इमारतों को नष्ट कर दिया है और हमास पर उनमें निगरानी उपकरण लगाने का आरोप लगाया है। इसने निवासियों को शहर छोड़ने का आदेश दिया है, जो सबसे बड़े फलस्तीनी शहर पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक हमले का हिस्सा है। इजराइल इसे हमास का आखिरी गढ़ कहता है जहां लाखों लोग अब भी अकाल की स्थिति से जूझ रहे हैं।

### पाकिस्तान इस बात को झुठला नहीं सकता कि लादेन उसकी जमीन पर मारा गया : इजराइल

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामाबाद इस बात को झुठला नहीं सकता कि अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को उसने ही अपनी सरजमीं पर पनाह दी और वह वहीं मारा गया। इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत डैनी डैनन ने पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद की ओर इशारा करते हुए कहा, जब बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब यह सवाल नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया? डैनन ने कहा, किसी ने यह सवाल नहीं पूछा।

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 सितंबर 03.06 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 08.41 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज अपने विषय में गलत धारणा बनाने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण आपका बजट बिगड़ सकता है। ऐसे सभी लोगों से दूरी बनाकर रखें, जो नकारात्मक बातें करते हों। सर्दी-जुकाम और हल्के बुखार की स्थिति भी बन सकती है।

**वृष** — आज प्रेम विवाह को लेकर घर में चर्चा करना चाहते हैं तो दिन शुभ है। अव्यावहारिक विचारों के कारण उपहास हो सकता है। आपको स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी उपेक्षा हो सकती है। मित्रों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो सकता है। सोच-विचारकर ही आपको लोगों के सामने प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

**कर्क** — आज छोटी किंतु आधारभूत समस्याओं का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे। इसका सकारात्मक परिणाम आपको अवश्य मिलेगा। आप जिन कार्यों को प्राथमिकता क्रम में रखेंगे उन्हें अवश्य ही पूर्ण कर लेंगे।

**सिंह** — आज व्यापार में नई साझेदारी को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। आपके काम की गति में अचानक तेजी आ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से आनंदित महसूस करेंगे।

**कन्या** — आज व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अनुकूल है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। कोई समस्या हो तो अपने बड़ों से उसे साझा करें। संतान के विवाह की चिंता रहेगी।

**तुला** — आज आप अपने काम पर ही ध्यान दें। दूसरों के मामलों में पड़ने से बचें। व्यावसायिक दृष्टिकोण से दिन बहुत सामान्य रहने वाला है। आपका मन कुछ अशांत हो सकता है। आप जिनसे प्रेम और सम्मान की अपेक्षा रखते हैं, वो आपको भाव नहीं देंगे।

**वृश्चिक** — आज सहयोगियों के ऊपर अधिक निर्भर न हों। विरोधी आपके विरुद्ध षड़्यंत्र रच सकते हैं। आपकी वाणी और व्यवहार से मित्रजन अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को निवेश से जुडी चिंता हो सकती है। मशीनरी से जुड़े कारोबार में लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** — आज आर्थिक समस्याओं को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। बच्चों के भविष्य की चिंता हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर कम गंभीर रहेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों से जुड़ने का प्रयास करेंगे। इससे आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज शरीर में कुछ थकावट महसूस हो सकती है। व्यर्थ की बहसबाजी से स्वयं को दूर रखें। लोग आपसे सहायता की अपेक्षा रख सकते हैं। व्यवसाय में नया प्रयोग करने से बचें। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर विशेष ध्यान देना होगा।

**कुंभ** — आज अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर मन में कुछ कन्फ्यूजन रहने की संभावना है। बातचीत के माध्यम से संपत्ति विवाद हल हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को विरोधियों से सावधान रहना चाहिए।

**मीन** — आज आपके मन में उच्च पद और प्रतिष्ठा की इच्छा प्रबल होगी। अपनी तीव्रबुद्धि का कुशल प्रयोग करेंगे। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन खत्म होने की संभावना है। नौकरीपेशा जातकों का कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। किसी दूर के रिश्तेदार से मिलना हो सकता है।

## सुडोकू-99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | | 8 |
| | | 9 | 1 | | | 4 | | |
| | 8 | | | 7 | | | 1 | |
| | 1 | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | 5 | | | 4 | | | 9 | |
| | | 3 | | | 5 | 2 | | |
| 4 | | 1 | | 3 | | | | |

### सुडोकू - 98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |



भारतीय क्रिकेट टीम के नए जर्सी प्रायोजक का चयन अगले दो से तीन हफ्तों में हो जाएगा और बोलियां 16 सितंबर को बंद होंगी। अभी तक कोई नाम सामने नहीं आया है। कई बोलीदाता शामिल हैं। इसके अंतिम रूप देने के बाद सबको बताया जाएगा।

-राजीव शुक्ला

## हाईलाइट

### निशानेबाजी में ईशा ने स्वर्ण पदक जीता

**निंगबो (चीन) :** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों के सूखे को खत्म किया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 20 वर्षीय ईशा ने एक रोमांचक फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी याओ कियानक्सुन को 0.1 अंक से हराया। दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ओह येजिन ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में यह ईशा का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक है और इसने भारत को पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत के साथ चार और देश एक स्वर्ण पदक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है। मेजबान चीन दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने इस टूर्नामेंट में हर स्पर्धा में अपने चौथे से छठे क्रम के निशानेबाजों को उतारा है।

### एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 11 से

**नई दिल्ली :** यूएई के हटने के बाद 22 देशों ने भुवनेश्वर में होने वाली 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है। आयोजकों ने इस जानकारी को साझा करते हुए 500 से ज्यादा प्रतिभागियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद जताई। ओडिशा पहली पर एशियाई स्तर की टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 अक्टूबर तक कलिंगा स्टेडियम में होगा।

### बालाजी-बोलीपल्ली की जोड़ी हारी

**बील (स्विटजरलैंड) :** भारत के एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की जोड़ी विश्व ग्रुप वन मुकाबले में स्विटजरलैंड के याकूब पॉल और डोमिनिक स्ट्रिकर से हार गई जिससे मेजबान ने डेविस कप क्वालीफायर की दौड़ में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। बालाजी और बोलीपल्ली को दो घंटे 26 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6, 4-6, 5-7 से पराजय झेलनी पड़ी। अब भारत को दो उलट एकल में से एक मुकाबला जीतना होगा।



चंडीगढ़ में शनिवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी और अन्य। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया से हिसाब बराबर करने उतरेगी महिला टीम

- तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला का पहला मुकाबला आज
- महिला विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता करने का मौका
- नौ महीने बाद लौटीं तेज गेंदबाज रेणुका सिंह पर रहेगी सबकी नजर

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय से विश्व कप की तैयारियों को पुख्ता करने के साथ इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली पिछली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

इस शृंखला से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को आगामी घरेलू विश्व कप के लिए अपनी टीम को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की शृंखला में भारत का सूपड़ा 0-3 से साफ हो गया था। इस दौरे के बाद हालांकि भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आयरलैंड को 3-0 से हराया, श्रीलंका में दक्षिण अफ्रीका की मौजूदगी के साथ हुई त्रिकोणीय शृंखला में जीत दर्ज की और फिर इंग्लैंड दौरे पर भी टी20 अंतर्राष्ट्रीय (3-2) और वनडे (2-1) दोनों दोनों प्रारूपों में जीत दर्ज की। स्ट्रेस फैक्चर के कारण क्रिकेट से नौ महीने दूर रहने के बाद तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर सबकी नजरें टिकी हैं। मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने उनकी वापसी को महत्वपूर्ण बताया।



कप्तान एलिसा हीली व हरमनप्रीत कौर।

उन्होंने कहा रेणुका हमारे लिए एक अनमोल खिलाड़ी हैं। उन्हें कुछ परेशानियां थीं और वह खेल से बाहर थीं, लेकिन अब वह उपलब्ध हैं। वह हमारी मुख्य खिलाड़ी हैं. यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और खुशी है कि वह टीम का हिस्सा हैं। रेणुका, क्रांति गौड़ (जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं) और अरुंधति रेड्डी के साथ मिलकर भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी।

स्पिन गेंदबाजी विभाग भी काफी मजबूत है। इसमें श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावित करने वाली स्नेह राणा, युवा श्री चारानी के साथ दीप्ति शर्मा और राधा यादव की अनुभवी जोड़ी शामिल हैं। स्मृति मंधाना के साथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर प्रतिका रावल बल्लेबाजी में पारी का आगाज करेंगी।

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव, एन श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, स्नेह राणा।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), तहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम ।

# टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ पलड़ा भारी

## एशिया कप : दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**दुबई, एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम रविवार को एशिया कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यहां होने वाले मुकाबले में प्रबल दावेदार होगी। दिलचस्प बात है कि पिछले कुछ महीनों में सीमा पर बढ़े तनाव के बावजूद इस मुकाबले को लेकर किसी तरह की हाइप नहीं है। चार महीने बाद भारत में टी-20 विश्व कप को देखते हुए मुकाबला महत्वपूर्ण है। लेकिन कई साल में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच में उस तरह के उत्साह का अभाव है। जो दोनों देशों के बीच मैच में अक्सर होता है। जबकि यह रविवार को खेला जा रहा है।

भारत के अंतिम एकादश में शुभमन गिल, सूर्यकुमार, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाज, जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर मौजूद हैं। कागज पर भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक खतरनाक दिखती है जो नए कप्तान सलमान अली आगा के नेतृत्व में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि इस प्रारूप की बदलने वाली प्रकृति को देखते हुए उलटफेर की संभावना हमेशा बनी रहती है, लेकिन इस मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ इसकी संभावना कम ही है।

पाकिस्तानी टीम के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक सलामी बल्लेबाज सैम अयूब, मध्यक्रम के बल्लेबाज हसन नवाज तथा अबरार अहमद, सूफियान मुकीन और मोहम्मद नवाज की स्पिनरों की तिकड़ी नए लुक वाली टीम में यह बात साबित करना चाहेंगे कि उन्होंने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पर निर्भर रहने की नीति को त्याग दिया और नया मुकाम हासिल करने जा रहे हैं।



अहमदाबाद में क्रिकेट प्रशंसकों ने मैच के प्रति लोगों का ध्यान खींचा। एजेंसी



**समय रात 8 बजे से**

सूर्यकुमार यादव

### पहलगाम की कड़वाहट का दिख रहा असर

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में कड़वाहट भर गई। जनता के गुस्से ने महाद्वीपीय क्रिकेट के इस सबसे 'हाई-प्रोफाइल' मैच की तैयारी को फीका बना दिया। मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं और शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र में बहुत कम दर्शक पहुंचे।

### बुमराह और शाहीन शाह में दिखेगी टक्कर

आमतौर पर भारत-पाक मैच में भारतीय बल्लेबाजों और पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के बीच मुकाबला होता है, लेकिन इस बार दोनों टीमों के स्पिनरों की अहम भूमिका होगी। जबकि जसप्रीत बुमराह और शाहीन शाह अफरीदी ही एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं जो रविवार को मैदान में उतरेंगे। पिच में हालांकि ज्यादा टर्न नहीं है, लेकिन दोनों टीमों में एक-एक दाएं हाथ के कलाई के स्पिनर और एक-एक बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की मौजूदगी एक दिलचस्प कहानी बनाती है। सूफियान मुकीम एक अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन कुलदीप यादव जैसे चतुर गेंदबाज के आस-पास भी नहीं हैं जिनकी गुगली खेलना आसान नहीं है। अबरार अहमद की लेग-ब्रेक और विकेट लेने के अनोखे अंदाज से पाकिस्तान में उनके प्रशंसकों की तादाद बढ़ी है, लेकिन वरुण चक्रवर्ती की रहस्यमयी गेंदबाजी पाकिस्तान के बल्लेबाजों के लिए खतरनाक हो सकती है।



बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमोन आउट होने के बाद मैदान से बाहर जाते हुए। एजेंसी

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को दिया 140 रनों का लक्ष्य

**अबु धाबी, एजेंसी**

शमीम हुसैन (नाबाद 42), जाकेर अली (नाबाद 41) और कप्तान लिटन कुमार दास (28) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने शनिवार को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 140 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां श्रीलंका के कप्तान चरित असालंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। तंजिद हसन और परवेज हसन इमॉन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद मोहम्मद तोहिद हृदोय (आठ) रनआउट हुये। ऐसे संकट के समय कप्तान लिटन कुमार दास ने महेदी हसन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हसरंगा ने मेहदी हसन (नौ) को पगबाधा कर श्रीलंका को चौथी सफलता दिलाई। बांग्लादेश का पांचवां विकेट लिटन कुमार दास (28) के रूप में गिरा। इसके बाद शमीम हुसैन और जाकेर अली ने छठे विकेट लिए 61 गेंदों में 86 रनों की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को पांच विकेट पर 139 रनों का स्कोर तक पहुंचाया।

# भारतीय खिलाड़ियों ने पहले दिन निराश किया

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**टोक्यो, एजेंसी**

भारत के पैदल चाल खिलाड़ियों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन 35 किमी स्पर्धाओं में निराश किया। संदीप कुमार और प्रियंका गोस्वामी ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शनिवार को 23वां और 24वां स्थान हासिल किया।

पुरुषों की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी राम बाबू को चौथा रेड कार्ड मिलने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। तब तक वह 24 किमी की दूरी तय कर चुके थे। राम बाबू दो साल पहले बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर रहे थे।

वह दो 2 घंटे 29 मिनट और 56 सेकंड के समय के साथ मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। सुबह की इस स्पर्धा में 50 खिलाड़ियों में से 34 ने रेस पूरी की, जबकि 10 इसे पूरा करने में नाकाम रहे और छह अयोग्य घोषित हो गए। 39 साल के संदीप ने दो घंटे 39 मिनट और 15 सेकंड का समय लिया।



टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर हीट में संयुक्त राज्य अमेरिका की शाकारी रिचर्डसन (बीच में), ऑस्ट्रेलिया की टोरी लुईस (दूसरे बाएं), जर्मनी की जीना ल्यूकेंकेम्पर (दाएं) और रिपब्लिक ऑफ कांगो की नताचा नगोए। एजेंसी

# हांगकांग ओपन: सात्विक-चिराग सत्र के पहले फाइनल में पहुंचे

- खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका

**हांगकांग, एजेंसी**

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उनके पास इस साल खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका है।

दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।



आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियां 3-3 और 6-6 से बराबरी पर थीं। लेकिन सात्विक के स्मैश और चिराग के तेज 'इंटरसेप्शन' की बदौलत भारतीय जोड़ी 11-8 से आगे हो गई। हालांकि ताइवानी जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर लिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने 15-12 से बढ़त बना ली। चिराग के तेज रिटर्न के साथ दूसरे गेम प्वाइंट पर गेम अपने नाम कर लिया।

# भारत-जापान का मुकाबला ड्रॉ

**महिला एशिया कप हॉकी**

**हांगझोउ (चीन), एजेंसी**

भारत ने शनिवार को यहां महिला एशिया कप के अपने आखिरी सुपर चार मैच में जापान के खिलाफ शुरुआती बढ़त गंवाकर 1-1 से ड्रॉ खेला और फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार रखीं। भारत ने शानदार शुरुआत की। ब्यूटी डुंग डुंग ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन जापान ने वापसी की और शेहो कोबायाकावा (58वें मिनट) ने हूटर बजने से दो मिनट पहले ही बराबरी का गोल दाग दिया।

यह इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच दूसरा ड्रॉ था। इससे पहले पूल चरण का मुकाबला भी 2-2 से बराबरी पर छूटा था। जापान के खिलाफ जीत से भारत सीधे मेजबान चीन के खिलाफ फाइनल में पहुंच जाता। अब भारत की फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें चीन और कोरिया के बीच होने वाले मैच के नतीजे पर निर्भर करेंगी।



जापान व भारत की खिलाड़ी भिड़ती हुईं।

- फाइनल में पहुंचने की उम्मीद अभी कायम, कोरिया-चीन के नतीजे पर टिकी आगे की राह

भारत ने एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ से चार अंक बटोरे हैं जिससे उसका गोल अंतर माइनस एक है। चीन दो जीत से छह अंक के साथ सुपर चार तालिका में शीर्ष पर है और अगर वह कोरिया को हरा देता है तो उसके नौ अंक हो जाएंगे। कोरिया के एक अंक और गोल अंतर माइनस दो है। अगर चीन कोरिया को हरा देता है या ड्रॉ करा लेता है तो भारत फाइनल में पहुंच जाएगा। लेकिन अगर कोरिया चीन को दो गोल के अंतर से हरा देता है तो वह फाइनल में पहुंच जाएगा। चीन ने सुपर चार चरण में भारत को हराकर पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत ने बेहतर शुरुआत की और पहले कुछ मिनट में ही इशिका चौधरी ने गोलपोस्ट पर शॉट लगा दिया। इसके बाद जापान ने कुछ आक्रामक मूव बनाने शुरू किए। लेकिन भारत ने डुंग डुंग के गोल से बढ़त हासिल कर ली। बराबरी की कोशिश में जुटी जापान ने जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारत ने बिना परेशानी के उन्हें रोक दिया। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, भारतीयों ने गेंद पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया और हमले तेज कर दिए।

# इंग्लैंड की रिकॉर्ड रनों की आंधी में उड़ा दक्षिण अफ्रीका

**मैनचेस्टर (इंग्लैंड) :** फिल सॉल्ट के इंग्लैंड के लिए सबसे तेज टी20 शतक और इस प्रारूप के की सबसे बड़ी पारी के बूते इस टीम ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड 146 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सॉल्ट के नाबाद 141 रन और जोस बटलर की 83 रन की ताबड़तोड़ पारी से इंग्लैंड ने दो विकेट पर 304 रन बनाने। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड की पारी में 18 छक्के और 30 चौके लगे। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 64 रन बना लिए थे, लेकिन आठवें ओवर में कप्तान एडेन मारक्रम की 20 गेंदों में 41 रनों रन की पारी पर विराम लगने के बाद टीम की हार तय हो गई। दक्षिण अफ्रीका 17वें ओवर में 158 रन पर सिमट गई।

**कवायद** | खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अधिनियम को लागू करने का किया वादा

# राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन तीन महीने में होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के तहत महासंघों को मान्यता देने या निलंबित करने और उनके वित्तीय आचरण की निगरानी करने का सर्वोच्च अधिकार रखने वाले बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का गठन दिसंबर के अंत तक कर दिया जाएगा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अगले साल जनवरी के अंत तक इस अधिनियम को पूरी तरह से लागू करने का वादा किया है और एनएसबी का गठन उस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने पीटीआई द्वारा पूरी प्रक्रिया की समय-सीमा के बारे में पूछे जाने पर शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन अगले तीन महीनों में किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने का काम भी चल रहा है। उन्होंने हालांकि विवरण का खुलासा नहीं किया। इसमें हालांकि राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को संबद्धता देने के मानदंड भी शामिल हैं।



खेल मंत्री मनसुख मांडविया।

एनएसबी में एक अध्यक्ष और कुछ सदस्य (सदस्यों की संख्या अभी तय नहीं हुई है) होंगे। इनकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा 'सार्वजनिक प्रशासन, खेल प्रशासन, खेल कानून और अन्य संबंधित क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले, सक्षम, ईमानदार और प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से' की जाएगी। इससे जुड़ी नियुक्ति कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक खोज-सह-चयन समिति की सिफारिश पर की जाएंगी। इस समिति के अन्य सदस्यों का विवरण अभी ज्ञात नहीं है, लेकिन अधिनियम में कहा गया है कि उनके पास सार्वजनिक प्रशासन और खेल प्रशासन का व्यापक अनुभव होना चाहिए और वे राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता भी होने चाहिए। एक बार गठित होने के बाद सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए केंद्र सरकार से धन प्राप्त करने के लिए बोर्ड से संबद्धता लेना अनिवार्य होगा।

### अदालतों में उलझने से मिलेगी मुक्ति

**नई दिल्ली :** भारतीय खेल बोर्ड के साथ राष्ट्रीय खेल पंचाट और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल का गठन भी शुरुआती चरण में है। खेल पंचाट का उद्देश्य खेल से जुड़े मामलों को लंबे समय तक अदालतों में उलझने से रोकना है। इसमें एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य होंगे। पंचाट के अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश या किसी भी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा एक समिति की सिफारिशों पर की जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष भारत के मुख्य न्यायाधीश या उनके द्वारा नामित उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश होंगे।